सूर्योदय 6:22 सूर्यास्त 5:49

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12.0 न्यू | 22.6 अधि |
| धर्मशाला | 14.8 न्यू | 27.2 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81820.12 |
| निफ्टी | 25057.35 |
| सोना 77,400 | चांदी 93,258 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 16 अक्तूबर 2024 | 31 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 300, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



मोहम्मद शमी अभी पूरी तरह से फिट नहीं: रोहित शर्मा

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### कुल्लू और मंडी जिले में लगे भूकंप के झटके




**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू व मंडी जिले में मंगलवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। दोपहर करीब 12:02 बजे आए भूकंप से जिलावासी सहम गए। दो दिन पहले भी कुल्लू में भूकंप महसूस किया गया था। भूकंप के झटके महसूस होते ही कई लोग दहशत में घरों से बाहर निकल गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र मंडी में 3.3 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.3 आंकी गई। हालांकि, भूकंप की तीव्रता अधिक नहीं थी, जिसके चलते कोई नुकसान नहीं हुआ।

### सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर फैसला टला



**नई दिल्ली।** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी सत्येंद्र जैन की नियमित जमानत याचिका पर फैसला नहीं हुआ। जज राकेश स्याल के उपलब्ध नहीं होने की वजह से जमानत याचिका पर फैसला टल गया। कोर्ट ने 5 अक्तूबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### परमेश शिवमणि बने भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक



**नई दिल्ली।** नौ संचालन और दिशा-निर्देशन के विशेषज्ञ परमेश शिवमणि ने भारतीय तटरक्षक बल के 26वें महानिदेशक का पदभार संभाल लिया है। शिवमणि 35 वर्षों से अधिक के अपने शानदार करियर के दौरान तटवर्ती और समुद्री क्षेत्र में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। उनकी समुद्री कमान में, उन्नत समुद्री गश्ती जहाज 'समर' और 'विश्वस्त' सहित भारतीय तट रक्षक बल के सभी प्रमुख जहाज शामिल हैं।

### रश्मिका बनीं आई4सी की राष्ट्रीय ब्रांड एंबेसडर



**नई दिल्ली।** अभिनेत्री रश्मिका मंदाना को मंगलवार को भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) का राष्ट्रीय ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया। आई4सी भारत में साइबर अपराध से निपटने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की एक पहल है। साइबर अपराध का दंश झेल चुकी रश्मिका ने कहा कि हमारी ऑनलाइन दुनिया की रक्षा करने के लिए कड़े उपाय करने का समय आ गया है।

### एयर इंडिया विमान में बम की धमकी, इमरजेंसी लैंडिंग



**लखनऊ।** एयर इंडिया के विमान में 24 घंटे के भीतर दूसरी बार बम रखने की धमकी मिली है। धमकी के बाद विमान में बैठे हवाई यात्रियों में हड़कंप मच गया। इसके बाद आलाधिकारियों के निर्देश पर अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। वहीं, छह अन्य विमानों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है।

### सांसद राशिद की अंतरिम जमानत 28 तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आतंक वित्तपोषण मामले में जम्मू-कश्मीर के सांसद इंजीनियर राशिद की अंतरिम जमानत 28 अक्तूबर तक बढ़ा दी है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने रशीद के पिता की स्वास्थ्य स्थिति के आधार पर यह आदेश दिया।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- शिक्षकों को झटका, 2800 पदों में नहीं मिलेगा एलडीआर कोटा -पेज 2
- सचिवालय में फिर गरजे कर्मचारी बोले- विशेषाधिकार हनन वापस ले -पेज 3
- गगल से जयपुर के लिए जल्द शुरू की जाए विमान सेवा -पेज 4
- सर्वेक्षण: 5जी यूजर्स की कॉल ड्रॉप को लेकर कम हुई परेशानी -पेज 13
- राष्ट्रीय फुटबॉल में नाहन के दीक्षित वर्मा का हुआ चयन -पेज 14


### चुनाव आयोग ने किया चुनावों की तारीखों का ऐलान, दोनों राज्यों में आचार संहिता लागू

# महाराष्ट्र में एक, झारखंड में दो चरणों में विधानसभा चुनाव

**वोटिंग**

महाराष्ट्र : 20 नवंबर

झारखंड : 13 और 20 नवंबर

काउंटिंग: 23 नवंबर

**उपचुनाव**

48 विधानसभा

2 लोकसभा सीटें



**इन राज्यों में उपचुनाव**

| | |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 9 |
| राजस्थान | 7 |
| पश्चिम बंगाल | 6 |
| असम | 5 |
| बिहार | 4 |
| पंजाब | 4 |
| कर्नाटक | 3 |
| केरल | 2 |
| मध्य प्रदेश | 2 |
| सिक्किम | 2 |
| छत्तीसगढ़ | 1 |
| गुजरात | 1 |
| उत्तराखंड | 1 |
| मेघालय | 1 |

एजेंसी, नई दिल्ली

**चुनाव** आयोग ने महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। महाराष्ट्र में सिंगल फेज में 20 नवंबर को वोटिंग होगी। वहीं, झारखंड में 2 चरणों में 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा। दोनों राज्यों के चुनाव नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।

इसी के साथ दोनों राज्यों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर और झारखंड का कार्यकाल 5 जनवरी, 2025 को खत्म हो रहा है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके 14 राज्यों की 48 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों का ऐलान भी किया। लोकसभा सीटों में केरल की वायनाड में 13 नवंबर और महाराष्ट्र के नांदेड़ में 20 नवंबर को वोटिंग होगी। वहीं, 47 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को और उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा सीट पर 20 नवंबर को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि महाराष्ट्र में 22 अक्तूबर को अधिसूचना जारी होगी और नामांकन की आखिरी तिथि 29 अक्तूबर होगी। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र चार नवंबर तक वापस लिए जा सकते हैं। महाराष्ट्र में 9.63 करोड़ योग्य मतदाता हैं, जबकि झारखंड में यह संख्या 2.6 करोड़ है। महाराष्ट्र में कुल 1,00186 मतदान केंद्रों पर 20 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को मतगणना होगी।

### कांग्रेस ने महाराष्ट्र चुनाव के लिए गहलोत, बघेल, पायलट समेत 11 पर्यवेक्षक किए नियुक्त

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 11 वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पार्टी महासचिव सचिन पायलट, कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, उमंग सिंगार, उत्तर कुमार रेड्डी, टीएस सिंहदेव, एमबी पाटिल, सैयद नासिर हुसैन व अनुसुइया सीताक्का को वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाया है। कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक और अविनाश पांडे को महाराष्ट्र में चुनाव के लिए वरिष्ठ समन्वयक की जिम्मेदारी दी गई है।

# पानी से जुड़े कानूनों को जोड़कर बनेगा अंब्रेला एक्ट : सुक्खू

### अधिकारियों को दिए निर्देश, बोले- एक्सपर्ट कमेटी का किया जाएगा गठन



शिमला में हाई पावर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को पानी से जुड़े सभी कानूनों को जोड़कर एक अंब्रेला एक्ट बनाने के निर्देश दिए हैं, जिसके लिए एक एक्सपर्ट कमेटी का गठन किया जाएगा। शिमला में सीएम सुक्खू की अध्यक्षता में हाई पावर कमेटी की बैठक हुई।

**लोगों के हितों की रक्षा के लिए होगा हरसंभव प्रयास**

उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश के लोगों के हितों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। राज्य की संपदा को लुटने नहीं दिया जाएगा और अदालतों में विचाराधीन मामलों की मजबूती के साथ पैरवी की जाएगी। हिमाचल प्रदेश के पास सीमित संसाधन हैं, जिनका सही इस्तेमाल प्रदेश के लोगों के लिए होना चाहिए। हिमाचल प्रदेश में ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से निपटना चुनौती है और मौसम में बदलाव के कारण बादल फटने जैसी घटनाओं में बढ़ोतरी हुई, जिसका अध्ययन किया जाना आवश्यक है। प्रदेश की वित्तीय स्थिति बेहतर होने के कारण ही राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को चार प्रतिशत डीए की एक और किस्त जारी करने का फैसला किया है। इससे पहले राज्य सरकार अपने कार्यकाल में सात प्रतिशत महंगाई भत्ता जारी कर चुकी है। इस अवसर पर मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, एडवोकेट जनरल अनूप रतन, अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद शर्मा, प्रधान सचिव देवेश कुमार आदि मौजूद रहे।

**हिमाचल की अर्थव्यस्था में हुआ सुधार**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने राज्य के हितों की अनदेखी की, जिसके कारण हिमाचल प्रदेश से इन्वेस्टमेंट ड्रेन हुआ। वर्तमान राज्य सरकार ने प्रदेश की वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए अनेक कदम उठाए हैं, जिसके फलस्वरूप प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ है।

# जेएंडके में आज और हरियाणा में नई सरकार का शपथ ग्रहण कल

एजेंसी, नई दिल्ली

**जम्मू**-कश्मीर में बुधवार और हरियाणा में वीरवार को नई सरकार शपथ ग्रहण करेगी। जेएंडके में सुबह 11 बजे शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होगा। 90 सदस्यीय विधानसभा में नेशनल कान्फ्रेंस के 42 विधायक चुन कर आए हैं।

कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रदेश प्रधान तारिक हमीद करा, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से सचिव जीएन मलिक और आम आदमी पार्टी की ओर से राष्ट्रीय सचिव पंकज कुमार गुप्ता ने भी उन्हें अपना समर्थन दिया है। इसके अलावा निर्दलीय विधायकों प्यारे लाल शर्मा, सतीश शर्मा, चौधरी मोहम्मद अकरम, डॉ. रामेश्वर सिंह और मुजफ्फर इकबाल खान ने भी अपना समर्थन दिया है। हरियाणा की नई भाजपा सरकार पंचकूला में 17 अक्तूबर को शपथ ग्रहण करेगी। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत केंद्रीय मंत्री, भाजपा व सहयोगी दल शासित 16 राज्यों के मुख्यमंत्री पहुंचेंगे।

**हरियाणा में विधायक दल की बैठक आज**

शपथ ग्रहण से पहले नए मुख्यमंत्री के चुनाव के लिए 16 अक्तूबर को भाजपा के विधायक दल की बैठक होगी। इसमें बतौर पर्यवेक्षक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव शामिल रहेंगे।

# धामी-किंगल बॉर्डर रोड पर नए सिरे से बनेगा पुल

### वर्ष 2026 तक पुल का काम पूरा करने का लक्ष्य, बर्फ पड़ने पर इस मार्ग से चीन बॉर्डर तक पहुंचते हैं सैन्य वाहन

आर मोहन चौहान, सोलन

**भारत**-चीन बॉर्डर की सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण शिमला जिले के धामी-किंगल बॉर्डर रोड के बसंतपुर पर स्थित नोटी खड्ड पर करीब डेढ़ दशक पहले क्षतिग्रस्त पुल का अब नए सिरे से निर्माण होगा।

सीमा सड़क संगठन महानिदेशालय नई दिल्ली ने इसके टेंडर का आवंटन किया है। इस कार्य को वर्ष 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। टेंडर के मुताबिक, पुल को पहले डिस्मेंटल किया जाएगा। इसके बाद नए सिरे से निर्माण होगा। आरटीआई के माध्यम से जुटाई जानकारी के अनुसार, यहां पर 50 मीटर लंबे पुल का निर्माण किया जाएगा। पुल से भारी माल वाहक वाहनों का गुजरना सुगम होगा। फिलहाल इस सड़क पर वैली ब्रिज से काम चल रहा है। इससे बड़े मालवाहक वाहन गुजरना खतरे से खाली नहीं है। ऐसे में सेना के लोडेड वाहन नहीं भेजे जाते हैं।



**केंद्र व बीआरओ के समक्ष उठाया मामला**



**सामाजिक** कार्यकर्ता भूपराम वर्मा ने भी इस मामले को केंद्र नेतृत्व और बीआरओ के अधिकारियों के समक्ष उठाया। फलस्वरूप सीमा सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण इस पुल का नए सिरे से निर्माण होगा।

**पेंशन फेडरेशन ने जुटाई जानकारी**

**हिमाचल** पेंशन फेडरेशन ने आरटीआई के माध्यम से बीआरओ के अधिशाषी अभियंता कम सिविल कार्यवाहक निदेशक आरके शर्मा के माध्यम से पुल निर्माण को लेकर जानकारी जुटाई।



**चार लोडेड ट्रकों के पार्क होने से पलटा था पुल**

**धामी**-किंगल बॉर्डर रोड को जोड़ने वाले पुल के निर्माण पर करोड़ों रुपए खर्च किए थे। पुल पर एक साथ सीमेंट से भरे चार लोडेड ट्रक पुल के एक किनारे पार्क किए जाने से संतुलन बिगड़ गया। इससे सभी ट्रक खड्ड में गिर गए और पुल सड़क के दो छोर के बीच लटक गया। केंद्रीय टीमें निरीक्षण कर चुकी हैं, लेकिन पुल को सीधा करने को कोई तरकीब नहीं मिल पाई। स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों और आरटीआई कार्यकर्ताओं ने बीआरओ से जानकारी जुटाकर इस मामले को लगातार उजागर किया। पहले यह मामला बिजली की एचटी लाइन बीच में आने से लटका रहा, लेकिन अब यह बाधा भी दूर हो गई।

# दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा : योगी

### बहराइच हिंसा में मारे गए रामगोपाल के परिवार से की मुलाकात

एजेंसी, उत्तर प्रदेश

**बहराइच** हिंसा में मारे गए रामगोपाल मिश्रा के परिवार से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में मुलाकात की। सीएम योगी ने कहा कि सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।



लखनऊ में बहराइच हिंसा में मारे गए रामगोपाल के परिवार से मिलते सीएम योगी।

योगी ने पीड़ित परिवार के साथ मुलाकात की फोटो शेयर करते हुए कहा कि दु:ख की इस घड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता से पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि आश्वस्त रहें, पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना उत्तर प्रदेश सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। इस घोर निंदनीय और अक्षम्य घटना के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, महसी से भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने कहा कि राम गोपाल मिश्रा के परिवार के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और उन्होंने परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने उन्हें 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता, मुख्यमंत्री आवास, अंत्योदय कार्ड (यदि परिवार के पास नहीं है) और अन्य योजनाएं दी हैं, जिनके लिए परिवार पात्र है।

### मुफ्त सौगातों के खिलाफ याचिका पर केंद्र और निर्वाचन आयोग को नोटिस

**नई दिल्ली।** राजनीतिक दलों की ओर से चुनाव से पहले मुफ्त की योजनाओं के वादों के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने बेंगलुरु निवासी शशांक जे. श्रीधारा की याचिका पर केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किए। याचिका में निर्वाचन आयोग को राजनीतिक दलों को चुनाव से पहले मुफ्त सौगातें देने के वादे करने से रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिए जाने का भी अनुरोध किया है। मुफ्त की रेवड़ियां बांटने के बेलगाम वादे सरकारी राजकोष पर बड़ा और बेहिसाबी वित्तीय बोझ डालते हैं।

# वैश्विक स्तर पर डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए नियम बनाने की जरूरत : पीएम मोदी

### भारत मंडपम में आईटीयू और डब्ल्यूटीएसए 2024 का किया उद्घाटन

एजेंसी, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक स्तर पर ऐसी रूपरेखा तैयार करने की जरूरत है, जिसमें कृत्रिम मेधा और प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हों। आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।



प्रधानमंत्री ने दिल्ली के भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) व विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (डब्ल्यूटीएसए) 2024 का उद्घाटन किया। पीएम ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 के 8वें संस्करण का भी शुभारंभ किया। पीएम मोदी ने कहा कि जिस तरह विमानन क्षेत्र के लिए वैश्विक समुदाय ने एक व्यापक रूपरेखा तैयार की है, उसी तरह डिजिटल दुनिया को भी नियमों तथा विनियमों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक संस्थाओं को एक साथ मिलकर यह तय करना चाहिए कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं।

**190 से अधिक देश ले रहे हिस्सा**

पहली बार आईटीयू-डब्ल्यूटीएसए की मेजबानी भारत और एशिया-प्रशांत में की जा रही है। इसमें 190 से अधिक देशों के 3,000 से अधिक उद्योग जगत के नेताओं, नीति-निर्माताओं और तकनीकी विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं।

**समझौता** भारत ने अमेरिका के साथ की 32 हजार करोड़ रुपए के 31 प्रीडेटर ड्रोन्स खरीदने की डील

# आसमान से होगी समुद्र की निगरानी

एजेंसी, नई दिल्ली

**अमेरिका** और भारत के बीच मंगलवार को 32 हजार करोड़ की डिफेंस डील फाइनल हो गई है। इसके तहत भारत 31 प्रीडेटर (एमक्यू-9बी हंटर किलर) ड्रोन अमेरिका से खरीदेगा। यह अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन का ही एक वैरिएंट है। ये ड्रोन तीनों सेनाओं को दिए जाएंगे।



**भारतीय नौसेना को 15 और वायुसेना एवं थल सेना को 8-8 ड्रोन्स मिलेंगे**

इसके मेंटेनेंस और रिपेयरिंग के लिए देश में ही फैसिलिटी बनाई जाएगी। डिफेंस अफसर ने बताया कि दोनों देशों के सीनियर अफसरों ने मंगलवार को डील पर हस्ताक्षर किए। पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में यह डील फाइनल हुई थी। विदेशी सैन्य बिक्री मार्ग के माध्यम से अमेरिकी रक्षा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी 'जनरल एटॉमिक्स' से लंबी अवधि के 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदे जाएंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसकी लागत करीब चार अरब डॉलर होगी। इसका उद्देश्य चीन के साथ विवादित सीमाओं पर भारतीय सेना की युद्धक क्षमता को बढ़ाना है। एमक्यू-9बी ड्रोन एमक्यू-9 "रीपर" का एक प्रकार है, जिसका उपयोग हेलफायर मिसाइल के संशोधित संस्करण को दागने के लिए किया गया था। जुलाई 2022 में काबुल के मध्य में इसके हमले में अल-कायदा नेता अयमान अल-जवाहिरी मारा गया था।

**चार हेलफायर मिसाइलें और 450 किलोग्राम बम ले जाने की क्षमता**

**भारतीय** नौसेना को 15 'सी गार्डियन ड्रोन' मिलेंगे, जबकि भारतीय वायु सेना और सेना को आठ-आठ 'स्काई गार्डियन ड्रोन' मिलेंगे। अत्यंत ऊंचाई में काम करने में योग्य ये ड्रोन 35 घंटे से अधिक समय तक हवा में रहने में सक्षम हैं और चार हेलफायर मिसाइलें और लगभग 450 किलोग्राम बम ले जाने की क्षमता रखते हैं। 'सी गार्डियन ड्रोन' इसलिए खरीदे जा रहे हैं क्योंकि वे समुद्री निगरानी, पनडुब्बी रोधी युद्ध और सीमा पार लक्ष्य साधने सहित कई तरह की भूमिकाएं निभा सकते हैं।

# 40 फीसदी दिव्यांग छात्र भी एमबीबीएस के लिए पात्र

एजेंसी, नई दिल्ली



**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा कि केवल 40 प्रतिशत दिव्यांगता का तय मानक किसी को मेडिकल शिक्षा प्राप्त करने से नहीं रोकता, जब तक विशेषज्ञ की रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख न हो कि अभ्यर्थी एमबीबीएस करने में असमर्थ है।

न्यायामूर्ति बीआर गवई की पीठ ने अपने 18 सितंबर के आदेश के लिए विस्तृत कारण बताए। इस आदेश में कोर्ट ने एक उम्मीदवार को एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने की अनुमति दी थी, क्योंकि मेडिकल बोर्ड ने कहा था कि वह बिना किसी बाधा के मेडिकल शिक्षा प्राप्त करने में समर्थ है। पीठ ने कहा कि दिव्यांग उम्मीदवार की एमबीबीएस पाठ्यक्रम में पढ़ाई करने की क्षमता की जांच विकलांगता मूल्यांकन बोर्ड की ओर से की जानी चाहिए। केवल निर्धारित मानक की दिव्यांगता होने के आधार पर अभ्यर्थी को एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए पात्रता के अयोग्य नहीं ठहराया जाएगा।

न्यायालय ने ओंकार नामक छात्र की याचिका पर यह फैसला सुनाया, जिसने 1997 के स्नातक चिकित्सा शिक्षा विनियमन को चुनौती दी है, जो 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले अभ्यर्थी को एमबीबीएस करने से रोकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### कलाकारों ने आपदा प्रबंधन का दिया संदेश



**दशमी रावत, रोहड़ू।** हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण के संदर्भ में समर्थ 2024 का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रदेश में लोगों को आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। समर्थ-2024 के तहत सूचना एवं जन संपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर तहसीलदार रोहडू सार्थक शर्मा व समरकोट की प्रधान शकुंतला देवी तथा काफी संख्या में लोग स्थानीय उपस्थित रहे।

### धामी कॉलेज में रतन टाटा को दी श्रद्धांजलि



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी सोलह मील में मंगलवार को कॉमर्स सोसायटी द्वारा देश के बिजनेस टाइकून रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य संग अन्य विभागीय प्राध्यापकों ने दिवंगत आत्मा की शांति के प्रथनकी तथा उनके चित्र पर फूलमालाएं अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बता दें कि टाटा समूह के मानद चेयरमैन रतन टाटा का बीते बुधवार रात 86 वर्ष की आयु में ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया था।

### हिमाचल में पर्वतीय क्षेत्रों में सुबह और शाम बढ़ी ठंड

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मौसम के करवट बदलते ही ठंडक बढ़ना शुरू हो गई है। सोमवार को प्रदेश भर में धूप खिलने के बाद भी अधिकतम तापमान में बीते दिनों के मुकाबले तीन डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज हुई। राजधानी शिमला में सोमवार को हल्के बादल छाए रहने के साथ धूप खिली। उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में सुबह और शाम के समय मौसम में काफी ठंडक गई है। रविवार रात को कुकुमसेरी में दो और केलांग में तीन डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड हुआ। 20 अक्तूबर तक पूरे प्रदेश में मौसम साफ बना रहने का पूर्वानुमान है। उधर, प्रदेश में एक से 14 अक्तूबर तक सामान्य से 95 फीसदी कम बादल बरसे।

अक्तूबर का तीसरे सप्ताह शुरू होते ही हिमाचल प्रदेश में सुबह और शाम के समय अधिकांश क्षेत्र ठंड की चपेट में आना शुरू हो गए हैं। सोमवार को पूरे प्रदेश में धूप खिलने के बाद भी मौसम में ठंड बनी रही। पहाड़ी और मध्य पर्वतीय जिलों के अलावा अब मैदानी जिलों के मौसम में भी धूप का अधिक असर नहीं दिख रहा है। सोमवार को प्रदेश में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान ऊना में 33.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बीते दिनों ऊना सहित अन्य मैदानी जिलों में अधिकतम तापमान 35 से 36 डिग्री के बीच दर्ज हो रहा था।

### सड़क हादसों में दो लोगों की मौत, 2 घायल

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** जिला किन्नौर में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई है जबकि इन हादसों में अन्य दो व्यक्ति घायल हुए हैं। पहला हादसा सोमवार देर रात जिला किन्नौर के राष्ट्रीय उच्च मार्ग- पांच पर पागल नाला के पास हुआ जहां एक वाहन में चालक सहित दो व्यक्ति सवार थे कि चालक अचानक गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन खाई में जा गिरा जिससे चालक श्रीनाथ निवासी शौंग जिला किन्नौर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राजवीर निवासी शौंग घायल हुआ है। दूसरे हादसा रेशवाल नामक स्थान पर हुआ जहां चालक व एक अन्य व्यक्ति बोलैरो वाहन एचपी 95 ए 2099 में रक्षम की तरफ जा रहे थे कि रेशवाल नामक स्थान पर चालक गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा जिससे गाड़ी सड़क मार्ग से लगभग 50 मीटर नीचे गहरी खाई में जा गिरी जिससे विक्रांत निवासी सांगला जिला किन्नौर की मौके पर ही मौत हो गई ,जबकि चालक अश्वनी निवासी कोटगढ़ जिला शिमला गंभीर रूप से घायल हो गया।

### टोबा स्कूल के बच्चों ने जानी हेल्थ केयरिंग



**अनंत ज्ञान, श्री नयनादेवी जी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टोबा में हेल्थ केयर से जुड़ी छात्राओं ने स्वास्तिक अरोग्य हॉस्पिटल भानूपली रोपड़ पंजाब में ऑन जॉब ट्रेनिंग ली। इसमें बच्चों को स्वास्थ्य के बारे में बताया गया। इस दौरान विद्यालय के 59 विद्यार्थियों को ऑपरेशन थिएटर, ओपीडी, एक्स-रे, आईसीयू, डायलिसिस, फिजियोथेरपी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बच्चों को यह भी बताया गया कि कैसे अस्पताल के अंदर मरीजों का ध्यान रखा जाता है। विद्यालय में हेल्थ केयर विषय की अध्यापिका मोनिका डोगरा ने बताया कि इस विषय में बच्चों को ऑन जॉब ट्रेनिंग करवाई जाती है, जिसमें बच्चों को स्वास्थ्य संस्थान में ले जाकर उनको स्वास्थ्य से जुड़ी हुई हर जानकारी दी जाती है। अध्यापिका मोनिका डोगरा ने बताया की इस तरह स्वास्थ्य संस्थानों में जाकर बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इस दौरे से बच्चों का ज्ञानवर्धन होता है और स्वास्थ्य के प्रति जागृति पैदा होती है। अस्पताल के निदेशक डॉ. विशाल जगोता ने छात्रों को कैरियर परामर्श दिया।

### हेमंत नेगी ने नवीनतम मीडिया की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठीपुरा में एनएसएस शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवी विद्यार्थियों को जनसंपर्क अधिकारी बिलासपुर हेमंत नेगी ने दी। नवीनतम डिजिटल मीडिया की जानकारी सुबह प्रभातफेरी और योगा सत्र के बाद गोद लिए गांव रट के प्राकृतिक जल स्रोतों और आने जाने वाले रास्तों की साफ सफाई की ओर अवांछनीय झाड़ियों की कांटछांट की। साथ ही ग्राम वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। दोपहर भोजन के बाद बौद्धिक सत्र में स्रोत व्यक्ति के रूप में हेमंत नेगी अतिरिक्त जन संपर्क अधिकारी बिलासपुर ने स्वयंसेवियों को मीडिया के बदलते रूप,नवीनतम मीडिया टूल्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित अति महत्वपूर्ण जानकारी दी।इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी सुरेंद्र शर्मा और आशा ठाकुर उपस्थित रहे।



### स्वयंसेवियों ने की प्राकृतिक जल स्रोत की सफाई

**अनंत ज्ञान, दधोल।** राष्ट्रीय सेवा योजना राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल इकाई के विशेष शिविर के पांचवें दिन की शुरुआत योग गुरू ज्योति प्रकाश के प्रवचनों के साथ हुई, जिसमें उन्होंने स्वयंसेवियों को ध्यान लगाने के बारे में विस्तृत रूप से बताया। स्वयंसेवियों ने आज गोद लिए गए गांव जरोड़ा का दौरा किया तथा वहां के एक बड़े प्राकृतिक जल स्रोत की सफाई की। बौद्धिक सत्र के दौरान सेवानिवृत्त उपनिदेशक कृषि रवि शर्मा ने उपस्थिति दर्ज की। उन्होंने बच्चों को वह सब उपाय सिखाएं जिससे अपनी कृषि की पैदावार को बढ़ा सकते हैं। पाठशाला के प्रधानाचार्य डॉक्टर सुरेश भारद्वाज ने बताया कि यह शिविर अभी 17 अक्तूबर तक चलेगा, जिसके अंतर्गत विशेष प्रकार के जागरूकता अभियान सफाई अभियान और बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न विभागों से प्रतिदिन स्रोत व्यक्तियों का आना सुनिश्चित किया गया है। पाठशाला में चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस के कार्यक्रम 18 और 19 अक्तूबर को आयोजित किए जाने हैं, जिनके लिए पाठशाला में तैयारियां जोर-जोर से की जा रही है।



---

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सरस्वती नगर स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का किया शुभारंभ, कहा-

# बच्चों के शारीरिक विकास में खेलकूद जरूरी

**दशमी रावत, जुब्बल**

शिक्षा मंत्री ने पीएम राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरस्वती नगर में आयोजित अंडर-19 (छात्रा) खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर आयोजित समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

रोहित ने कहा की इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में 12 जिला से 530 छात्राएं अपनी प्रतिभा दिखाएंगी। उन्होंने प्रतियोगिता के लिए बधाई देते हुए कहा कि जितनी महत्वपूर्ण शैक्षिक गतिविधियां होती हैं उतनी ही महत्वपूर्ण खेलकूद गतिविधियां होती हैं ताकि हर दृष्टिकोण से बच्चों का शरीर विकसित हो।

उन्होंने कहा कि 2024-25 के बजट में 11 हजार करोड़ रुपए का बजट शिक्षा क्षेत्र में व्यय किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वित्त वर्ष के कुल 52 हजार करोड़ रूपए के बजट में से लगभग 9800 करोड़ रुपए की राशि शिक्षा क्षेत्र के लिए रखी गई है। इसके अलावा, 1200 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि समग्र शिक्षा के माधयम से शिक्षा के ढांचे को मजबूत करने में लगाई जा रही है।

रोहित ठाकुर ने कहा कि सरस्वती नगर कॉलेज में पिछले डेढ़ वर्ष के दौरान लगभग 7 नए कोर्स चलाये गए ताकि स्किल बेस्ड एजुकेशन स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो। इसी प्रकार, प्रगतिनगर के तकनिकी संसथान में नई स्ट्रीम चलाई। आने वाले समय में इसे और आगे बढ़ने के प्रयास किये जाएंगे।



खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर संबोधित करते रोहित ठाकुर।

## मंच निर्माण के लिए 34 लाख देने की घोषणा

**रोहित** ठाकुर ने सरस्वती नगर स्कूल में मंच निर्माण के लिए 34 लाख रूपए देने की घोषणा। इसी प्रकार, उन्होंने साइंस ब्लॉक में शौचालय निर्माण के लिए भी पैसा देने का आश्वासन दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने छत की मरम्मत के लिए प्राकलन तैयार करवाने के निर्देश दिए ताकि इसके लिए पैसा स्वीकृत करवाया जा सके। सरस्वती नगर कॉलेज के बहुउदेशीय भवन का कार्य प्रगति पर है और इस पर 8 करोड़ 36 लाख रुपए की राशि व्यय होगी। इसी तरह, नया पीजी ब्लॉक 3 करोड़ रुपए से बन रहा है तथा इंडोर स्टेडियम का टेंडर भी शीघ्र लगेगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता एवं प्रगति मूल्यांकन हेतू दिसंबर के प्रथम सप्ताह में नेशनल एसेस्मेन्ट सर्वे भारत सरकार द्वारा किया जायेगा उसमे सरकारी स्कूलों के आलावा निजी स्कूल भी पूरी गंभीरता और उत्साह के साथ भाग लें।

# कुश्ती में पंजाब के जितेंद्र और सोनिका ने मारी बाजी



दशहरा मेला जुन्गा में पहलवान व अन्य को सम्मानित करते गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**

क्योंथल क्षेत्र का पारंपरिक एवं जिला स्तरीय दशहरा मेला बीते सांय जुन्गा में शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हो गया। इस तीन दिवसीय दशहरा मेले में लंका दहन, स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्टार नाईट, महिला रस्सा कस्सी कबडडी और कुश्ती प्रतियोगिता लोगों के मनोरंजन के प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहे।

तहसीलदार जुन्गा एवं मेला अधिकारी नरायण सिंह वर्मा ने बताया कि कुश्ती प्रतियोगिता में बड़ी माली पंजाब के पहलवान जितेन्द्र ने फाइनल में मंडी के पहलवान मुकेश को पराजित कर जीती। महिला कुश्ती की माली बिलासपुर की सोनिका ने अभिलाषा को फाइनल में पराजित कर माली अपने नाम की ।

मेला अधिकारी ने बताया कि मेले में जुन्गा क्षेत्र के विभिन्न 12 स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। समापन समारोह के अवसर पर पृथ्वी विक्रम सेन बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और बड़ी माली में 51 हजार, छोटी माली में 35 हजार और महिला कुश्ती में 31 हजार की नकद राशि प्रदान करके पुरस्कृत किया गया।

# रोहड़ू के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की भेंट

**अनंत ज्ञान, शिमला**



मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान मौजूद गणमन्य।

जिला शिमला के तहत रोहड़ू के एक प्रतिनिधिमंडल ने दलगांव मंदिर में बकरालू भुंडा महायज्ञ की तैयारियों को लेकर मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की।

मुख्यमंत्री ने इस अनुष्ठान को सफलतापूर्वक आयोजित करवाने के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश के लोगों की देवी-देवताओं में गहरी आस्था और विश्वास है तथा यह महायज्ञ क्षेत्र के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह अनुष्ठान स्थानीय देवी-देवताओं की पूजा के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी मांगें भी रखीं। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि अनुष्ठान के आयोजन के लिए सरकार सभी आवश्यक सुविधाएं समयबद्ध उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेगी

# प्रॉपर्टी टैक्स डिफाल्टरों के पास फंसे 20 करोड़

**अनंत ज्ञान, शिमला**

नगर निगम शिमला अब प्रॉपर्टी टैक्स डिफाल्टरों पर सख्ती से कार्रवाई करने वाला है। इसको लेकर नगर निगम ने संयुक्त आयुक्त की अध्यक्षता पर बैठक भी कर ली है। बैठक में सभी प्रॉपर्टी टैक्स डिफाल्टरों की सूची बनाई गई है, जिसमें सबसे पहले 150 डिफाल्टरों पर कार्रवाई अमल में लाई जानी है। बता दें कि नगर निगम को पूरे शहर के प्रॉपर्टी टैक्स डिफाल्टरों से करीब 20 करोड़ रुपए वसूलने है।

इसमें सबसे ज्यादा प्रॉपर्टी टैक्स आईएसबीटी बस स्टैंड आर्थोटी से लेना है। यहां से नगर निगम को करीब 6 करोड़ रुपए प्रॉपर्टी टैक्स का लेना है। इसके लिए नगर निगम ने सभी डिफाल्टरों को पिछले महीने अंतिम नोटिस जारी कर दिए हैं, लेकिन अभी तक इन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। हालांकि पिछले साल भी डिफाल्टरों को चेतावनी दी गई थी।

# एचपीयू में भरे जाएंगे गैस्ट फैकल्टी के पद

**शिमला।** एचपीयू के यूनिवर्सिटी इंस्टीच्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी में गैस्ट फैकल्टी की नियुक्ति होगी। गैस्टी फैकल्टी की नियुक्ति अस्थायी तौर पर लैक्चर के आधार पर की जाएगी। यूआईटी में गणित व इलैक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विषयों को पढ़ाने के लिए 1-1 गैस्ट फैकल्टी की नियुक्ति करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए वॉक-इन-इंटरव्यू 21 को डीन ऑफ स्टडीज कार्यालय में होंगे।

# एसएमसी शिक्षकों को झटका, 2800 पदों में नहीं मिलेगा एलडीआर कोटा

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग से भरे जाने वाले शिक्षकों के 2800 पदों में एसएमसी शिक्षकों को एलडीआर कोटा नहीं मिलेगा। सरकार के इस फैसले से स्कूलों में कार्यरत 2400 से ज्यादा एसएमसी शिक्षकों को झटका लगा है। शिक्षकों को उम्मीद थी कि आने वाले दिनों में होने वाली इस भर्ती में सरकार उन्हें मौका देगी।

इस भर्ती में उन्हें 5 प्रतिशत कोटा दिया जाएगा लेकिन इस बार इन शिक्षकों को इसमें शामिल नहीं किया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो इसके बाद होने वाली सीधी भर्ती में सरकार इन शिक्षकों को एलडीआर कोटा देगी। ऐसे में एसएमसी शिक्षकों को अभी इसके लिए इंतजार करना पड़ेगा।

गौर हो कि एलडीआर परीक्षा पास करने के बाद एसएमसी शिक्षकों को अनुबंध पर लाया जाएगा। इसके बाद अनुबंध कार्यकाल पूरा करने पर यह शिक्षक नियमित हो पाएंगे।

# केंद्र से मिले 1500 करोड़ हिमाचल का शेयर : नरेश

**शिमला।** मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार मीडिया नरेश चौहान ने मंगलवार को सचिवालय में मीडिया से कहा कि राज्य सरकार को 1500 करोड़ रुपए मिले हैं।

उन्होंने कहा कि यह कोई विशेष आर्थिक पैकेज या सहायता नहीं है अपितु यह करों के रूप में हिमाचल का शेयर है, जो उसे मिलना ही था। ऐसे में इसके लिए केंद्र सरकार का आभार जताने करने की आवश्यकता नहीं है।

# हिमाचल की जनता कांग्रेस से मांग रही हिसाब : राकेश

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार और मुख्यमंत्री को जनता को जवाब देने चाहिए कि वित्त वर्ष 2024-25 में सात महीने के अंदर अंदर 1 अप्रैल से लेकर 12 अक्तूबर तक हिमाचल को केंद्र से केंद्र प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत 33 परियोजनाओं में मिले 2197.26 करोड़ को मिले उसका ना तो धन्यवाद किया गया न तो हिसाब किताब दिया गया।

उन्होंने कहा मुख्यमंत्री की हिमाचल की जनता आपसे केंद्र से आए पैसों का हिसाब मांग रही हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा में प्रदेश को 395.93 करोड़, एनएचएम में 196.32 करोड़, मिशन शक्ति में 15 करोड़, कृषि उन्नत योजना में 5.47 करोड़, निर्भया फंड में 1.11 करोड़, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी 1 करोड़, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना 19.36 करोड़, पीएम पोषण शक्ति निर्माण 19.93 करोड़, पीएम आवास योजना ग्रामीण 582.47 करोड़, हर खेत को पानी में 3.19 करोड़, अमरुत योजना में 51.11 करोड़, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान 27.51 करोड़, मिशन वात्सल्य 6.75 करोड़, आर्टिकल 275 के अंतर्गत 15.84 करोड़।

राकेश ने कहा कि कांग्रेस के मुख्यमंत्री, मंत्री और उनके सभा नेता शोर मचा रहे है कि केंद्र से पैसा नहीं आ रहा है पर हिमाचल को जनता उनसे हिसाब मांग रही है। केंद्र लगातार हिमाचल को पैसा भेज रहा है पर मुख्यमंत्री केवल झूठ बोल जनता को गुमराह करने का काम कर रहे है, कांग्रेस की यह नीति उनको जल्द उल्टी पड़ेगी।

# घुमारवीं में अतिक्रमण पर चला प्रशासन का डंडा

## गांधी चौक से तहसील परिसर तक फुटपाथ पर किए अतिक्रमण को हटाया

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



त्योहारी सीजन पर शहर में गांधी चौक से लेकर तहसील परिसर तक जाने वाली सड़क पर लगने वाले जाम तथा शहर में अन्य स्थानों पर फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए पुलिस मंगलवार को एक्शन मोड में नजर आई। डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह तथा थाना प्रभारी अमिता चौधरी इस मौके पर खुद मौजूद रहे तथा उन्होंने फुटपाथ तथा सड़कों पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया।

इसके साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा गांधी चौक से लेकर तहसील परिसर तक जाने वाली सड़क का भी निरीक्षण किया तथा इस मौके पर उन्होंने सड़क किनारे खड़ी की गई गाड़ियों, दोपहिया वाहनों का चालान कर दो टूक शब्दों में कड़ी चेतावनी दी कि ऐसा किसी भी प्रकार का अतिक्रमण शहर में सहन नहीं किया जाएगा जिससे यातायात व्यवस्था पर असर पड़ रहा हो। फिर चाहे वह अतिक्रमण फुटपाथ पर खड़ी की गई गाड़ियों का हो या फिर दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर सामान सजा कर रख कर अतिक्रमण किया गया हो।

बताते चलें कि त्योहारी सीजन में शहर में बढ़ते यातायात दबाव के चलते पूरा दिन जाम की स्थिति बन रही थी। इसमें सबसे ज्यादा खराब स्थिति गांधी चौक से लेकर तहसील परिसर तक जाने वाली सड़क पर थी, जिस पर पूरा दिन घंटों जाम लगने से दुकानदार तथा पैदल चलने वाले लोग परेशान थे, जिसके बाद मंगलवार को पूरा पुलिस प्रशासन दलबल के साथ सड़कों पर यातायात व्यवस्था को सुचारु करने के लिए उतर गया तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के धड़ाधड़ चलाना काटे गए।

पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई अब आगे भी जारी रहेगी, क्योंकि त्योहार का सीजन होने के चलते शहर में ग्राहकों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। इस कारण लोगों को पैदल चलने के लिए फुटपाथ नहीं मिल रहे हसि। इसीलिए लोगों को जान जोखिम में डालकर सड़क के बीच में चलना पड़ रहा है।

# साइबर क्राइम और नशे से दूर रहें युवा : अमिता चौधरी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**




राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप के पांचवें दिन एसएचओ घुमारवीं अमिता चौधरी ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की और एनएसएस स्वयंसेवियों तथा पाठशाला के सभी विद्यार्थियों के साथ अपने विचार साझा किए। अमिता चौधरी का स्वागत करते हुए पाठशाला की प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने कहा कि इस तरह के ऊर्जावान व कर्मठ युवा महिला अधिकारी हमारे छात्र एवं छात्राओं के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण हैं और पाठशाला के विद्यार्थी इन से प्रेरणा अपने अध्यापकों व माता-पिता का नाम रोशन कर सकते हैं। रेखा शर्मा ने अमिता चौधरी से विशेष अनुरोध किया कि वह बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव व साइबर क्राइम के विषय में जानकारी दें तथा यह भी बताएं कि विद्यार्थी किस प्रकार हिमाचल प्रदेश पुलिस सेवा का हिस्सा बन सकते हैं। अमिता चौधरी ने विद्यार्थियों पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली से अवगत करवाया तथा नशे विशेषकर चिट्टे से दूर रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट तथा लाइसेंस के गाड़ी चलाना एक अपराध है। अपनी जान की कीमत समझें व हेलमेट का सदैव उपयोग करें। बच्चे मोबाइल का उपयोग सावधानीपूर्वक करें तथा बिना सोच-समझे किसी भी लिंक पर क्लिक न करें । इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी यशपाल रणौत, नीलम शर्मा व पाठशाला का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# दुकानों के बाहर सामान सजाने और रेहड़ी वालों को नोटिस

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता उपमंडल के तहत झंडूता बाजार में दुकानों के बाहर सामान आदि रखकर किए गए कब्जे और रेहड़ी-फड़ी वालों को पुलिस ने चेतावनी देते हुए नोटिस दिए हैं कि वे अपना सामान दुकानों की हद तक रखें अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। झंडूता के मुख्य बाजार में त्योहारी सीजन और सर्दी के मौसम में मूंगफली बेचने वाले लोग फूटपाथ पर बाजार में बैठ जाते हैं, जिससे लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

इस पर व्यापार मंडल के प्रधान प्रशांत शर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष एसडीएम झंडूता योगराज धीमान के साथ बैठक हुई थी। इसमें यह समस्या रखी गई थी कि बाजार में जगह-जगह पर रेहड़ियां लगी रहती है, जिससे राहगीरों को परेशानियां होती है। लेकिन इसका आजतक कोई हल नहीं हुआ। इस पर पुलिस थाना प्रभारी झंडूता जगदीश कुमार ने बताया कि फुटपाथ पर सामान रखने वाले प्रवासी और स्थानीय लोगों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं। अगर नोटिस की पालना नहीं की गई तो आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बिलासपुर लेखक संघ की मासिक बैठक कल

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

बिलासपुर लेखक संघ की मासिक बैठक 17 अक्तूबर को साढ़े ग्यारह बजे गांव कोलका में डॉक्टर लेखराम शर्मा के घर में संघ के प्रधान डॉ. रविंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में होगी। संघ के महासचिव रविंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि 17 अक्तूबर को डॉक्टर लेखराम शर्मा की शादी की 62वीं वर्षगांठ है, इसी ऐतिहासिक दिन के उपलक्ष्य में यह मासिक बैठक उनके घर पर रखी गई है । पिछले माह की बैठक संघ के वरिष्ठ सदस्य व जाने माने मानव विज्ञानी डॉ. अनेक राम सांख्यान की धर्मपत्नी के आकस्मिक निधन के कारण स्थगित कर दी गई थी। उन्होंने सभी साहित्यकारों से अनुरोध किया है कि इस ऐतिहासिक मौके पर पहुंचकर डॉक्टर लेखराम शर्मा को अपनी शुभकामनाएं भी दें तथा बैठक में भी शामिल हों।

# एशियाई किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अखिल ठाकुर ने जीता स्वर्ण पदक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



अखिल ठाकुर ने हाल ही में 6 से 14 अक्तूबर तक कंबोडिया में आयोजित एशियाई किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी छाप छोड़ी है। अखिल ने क्वार्टर फाइनल में वियतनाम के एक कुशल प्रतिद्वंद्वी को हराकर अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फाइनल में उनका सामना इराक के एक मजबूत खिलाड़ी से हुआ।

अखिल ने लचीलेपन और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया, अंतत: स्वर्ण पदक हासिल किया और किक बॉक्सिंग की दुनिया में एक उभरते सितारे के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की। यह जीत उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक के उदार प्रायोजन से संभव हुई। अखिल की यात्रा उनके कोच, मनोज पटियाल और परशुराम पुरस्कार विजेता डॉ. संजय यादव के विशेषज्ञ मार्गदर्शन के बिना संभव नहीं होती, जिन्होंने उन्हें इस चैंपियनशिप के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी विशेषज्ञता और मार्गदर्शन अखिल के कौशल और रणनीतियों को निखारने में महत्वपूर्ण था, जिसने उन्हें इस उत्कृष्ट उपलब्धि तक पहुंचाया।

**युवा महोत्सव** बिलासपुर कॉलेज में 80 महाविद्यालयों के 800 बच्चे दिखा रहे प्रतिभा

# प्रश्नोत्तरी में एचपीयू का पीजी सेंटर प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में 14 अक्तूबर से शुरू हुए इंटर कॉलेज युवा महोत्सव ग्रुप-1 का मंगलवार को दूसरा दिन रहा। इस युवा महोत्सव में प्रदेश के लगभग 80 महाविद्यालय से आए लगभग 800 बच्चों और उनके साथ आए 160 टीम इंचार्ज का उत्साह देखने को मिला। दूसरे दिन की मुख्य प्रतियोगिताओं में स्पॉट फोटोग्राफी, एलोकेशन, डिबेट, पोस्टर मेकिंग और रंगोली रहे। पिछले कल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के प्रारंभिक चरण का परिणाम भी घोषित हो गया।



इसमें प्रदेश के 64 महाविद्यालय से आए लगभग 192 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिनमें से 6 महाविद्यालय ने जीत हासिल की। इनमें से विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश सहित पांच महाविद्यालय विजयी रहे। पीजी सेंटर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर ने दूसरा स्थान और राजकीय महाविद्यालय चंबा ने तृतीय स्थान पर अपनी जगह बनाई। इसी प्रकार राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब ने चौथा, शिवा शिक्षा महाविद्यालय घुमारवीं पांचवें और राजकीय महाविद्यालय नादौन ने छठे स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल ने सभी चुनी हुई टीमों को बधाई व शुभकामनाएं दीं और कहा कि समापन समारोह 16 अक्तूबर को होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हाउसिंग एंड तकनीकी शिक्षा मंत्री व टाउन एंड कंट्री प्लानिंग मंत्री राजेश धर्माणी शिरकत करेंगे।

## भगवान नरसिंह की शाही जलेब



अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के तीसरे दिन भी लाव-लश्कर के साथ भगवान नरसिंह की शाही जलेब निकली और भगवान रघुनाथजी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह ने पालकी पर सवार होकर पूरे शहर की परिक्रमा की। तीसरे दिन रूपी घाटी के सात देवी-देवताओं ने जलेब में भाग लिया, जिनमें देवता लक्ष्मी नारायण ज्येष्ठा, देवता जमलू हवाई, गौतम ऋषि मनिहार, चमन ऋषि नजां, भृगु ऋषि आषनी, उडसू के जमदग्नि ऋषि शामिल हुए।

# सचिवालय में फिर गरजे कर्मचारी बोले-विशेषाधिकार हनन वापस हो

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्रदेश सचिवालय में कर्मचारियों ने फिर एक बार मोर्चा खोला है। कर्मचारियों ने मंगलवार को कर्मचारी नेताओं के खिलाफ लाए गए विशेषाधिकार हनन को वापस लेने की मांग की है।

सचिवालय में आयोजित जनरल हाउस में मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि उनके खिलाफ मंत्री राजेश धर्माणी द्वारा लाया गया विशेषाधिकार हनन का नोटिस वापस लिया जाए।

संघ के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि उन्होंने कर्मचारियों की मांग उठाई है। इसके लिए 2 जनरल हॉउस हुए। पहले जनरल हॉउस में उन्हें मेमो दिया गया। दूसरे के बाद विशेषाधिकार हनन लाया गया। मगर उन्हें खुशी है कि उन्होंने प्रदेश के हजारों कर्मचारियों की आवाज उठाई। उनके आंदोलन के बाद सरकार को कर्मचारियों की मांगें पूरी की है। सचिवालय में आयोजित जनसभा में संबोधित करते हुए कर्मचारी नेता और जनरल हाउस में मौजूद कर्मचारी ने कहा कि उन्हें तो जानकारी मिली है कि किसी ने उनके खिलाफ पुलिस को भी शिकायत दी है, जिसमें आरोप लगाया गया कि कर्मचारी नेताओं के भाषणों से प्रदेश में अराजकता फेल सकती है। उन्होंने कहा कर्मचारियों के हकों की लड़ाई के लिए वह एफआईआर और विशेषाधिकार हनन का सामना करने को तैयार है। बता दें कि बीते अगस्त माह में सचिवालय कर्मचारियों ने मंत्री राजेश धर्माणी के एक बयान के बाद उनके खिलाफ व्यक्तिगत टिप्पणी की थी।

इस पर धर्माणी ने विधानसभा में कर्मचारियों के खिलाफ विशेषाधिकार हनन लाया है।






# उपमुख्यमंत्री ने 10.20 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं के किए उद्घाटन और शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हरोली विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति को नए आयाम देते हुए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मंगलवार को 10.20 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किए।

इसमें हरोली में नव स्थापित विद्युत मंडल के वरिष्ठ अधिशासी अभियंता कार्यालय का लोकार्पण शामिल है जिससे क्षेत्र की लगभग 44,000 आबादी को सीधा लाभ पहुंचेगा। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के उपमंडल टाहलीवाल में सहायक अभियन्ता कार्यालय का लोकार्पण भी किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने 4.64 करोड़ रुपए की लागत से हरोली खड्ड पर पंजावर-बाथड़ी लिंक रोड पर 36 मीटर लंबे पुल का भूमि पूजन किया। इसके साथ ही 3.82 करोड़ रुपए की लागत से चंदपुर खड्ड पर एक अन्य पुल का भूमि पूजन और 1.73 करोड़ रुपए की लागत से चंदपुर खड्ड पर बने 34.55 मीटर लंबे आरसीसी पुल का लोकार्पण भी किया गया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली और नगनोली की जल योजनाएं शामिल हैं। हरोली में पानी की योजना 6 महीनों के रिकॉर्ड समय में पूरी कर चालू की गई है, जबकि हरोली-पंजावर के लिए 10 करोड़ रुपए की एक और परियोजना प्रगति पर है। हरोली में जल्द ही 5 करोड़ रुपए की लागत से एक ऑटोमेटिक वाहन परीक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 8 करोड़ रुपये की लागत से ट्रैफिक पार्क और 7 करोड़ रुपये से एक विश्राम गृह का निर्माण कार्य भी तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि हरोली में जल्द ही बस डिपो भी खोला जाएगा।

### विद्युत मंडल के वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता कार्यालय का किया लोकार्पण



### भेदभाव रहित विकास कार्यों पर जोर

उपमुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष विकास कार्यों को दलगत राजनीति के चश्मे से देखता है, जबकि कांग्रेस हर क्षेत्र और हर व्यक्ति के कल्याण के लिए कार्य करती है। उन्होंने कहा कि हम दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करते हैं, जिसका प्रमाण हर चुनाव में हमारी बढ़ती वोटों की संख्या है। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष विनोद कुमार बिट्टू ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए अपने विचार रखे। इस अवसर पर उपायुक्त जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, प्रदेश कांग्रेस सचिव अशोक ठाकुर, कांग्रेस नेता सतीश बिट्टू, विरिंद्र मनकोटिया, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग ऊना हर्ष पुरी, अधीक्षण अभियंता विद्युत बलराज सांगड़, डीएफओ सुशील कुमार, एसडीएम हरोली विशाल शर्मा, ग्राम पंचायत हरोली की प्रधान रमन कुमारी, धर्मपुर की प्रधान सुभद्रा चौधरी, हरोली औद्योगिक संघ के प्रधान राकेश कौशल सहित कांग्रेस पार्टी अन्य पदाधिकारी, पंचायती राज संस्थानों प्रतिनिधि तथा स्थानीय जनता उपस्थित रहे।

### शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में नए आयाम

**अग्निहोत्री** ने कहा कि हरोली क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में भी निरंतर सुधार हो रहा है। उहरोली के 100 बिस्तरों वाले अस्पताल में विशेषज्ञ सेवाओं के लिए 11 नए डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी। साथ ही एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड मशीनें भी उपलब्ध कराई गई हैं। हरोली में डॉ. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय पीजी कॉलेज का भवन भी लगभग तैयार हो चुका है और अगले शैक्षणिक सत्र से एमए और प्रोफेशनल कोर्सेज की कक्षाएं भी शुरू होंगी।

इसके अलावा उपमुख्यमंत्री ने कहा कि रामपुर में सोमभद्रा पुल के समीप एक पुलिस चेक पोस्ट खोली जाएगी, जिससे सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी। इसके साथ ही पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पुल के पास एक बड़ा राष्ट्रीय ध्वज स्थापित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पुल के आस-पास चाट-पकौड़ी जैसे खानपान की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कुछ प्रतिष्ठानों को लाइसेंस जारी किए जाएंगे। इससे स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा और पर्यटकों के लिए आकर्षक सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

## भाजपा बताए केंद्र से प्रदेश का हक कब मिलेगा : संदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के मीडिया कोऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खु व प्रदेश में कांग्रेस की सरकार कर्मचारी हितैषी है। उन्होंने कर्मचारियों के लिए ओपीएस से लेकर महंगाई भत्ता कर्मचारी व पेंशनर्स वर्ग का विशेष ध्यान रखा है। उन्होंने कर्मचारियों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाओं से साथ यह भी साबित किया है कि कर्मचारी वर्ग किसी भी सरकार का रीढ़ की हड्डी होते हैं, लेकिन भाजपा बताए कि वह कब केंद्र से प्रदेश का हक दिलवाएंगे।

संदीप सांख्यान ने कहा कि प्रदेश सरकार पर केंद्र सरकार के द्वारा वितीय प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद भी प्रदेश के मुख्यमंत्री ने प्रदेश की ट्रेजरी पर संकट नहीं आने दिया है। साल 2023 से देय मंहगाई भत्ते की चार प्रतिशत किस्त देने की घोषणा से प्रदेश के 1 लाख 80 हजार कर्मचारी और 1 लाख 70 हजार पेंशनर लाभान्वित होंगे। मंहगाई भत्ता देने से राजकीय कोष पर लगभग 600 करोड़ रुपए का बोझ तो पड़ेगा लेकिन कर्मचारियों और पेंशनरों का अक्तूबर माह का देय वेतन व पेंशन का भुगतान इसी माह 28 अक्तूबर को करने से भाजपा और विपक्ष हाशिये पर दिखाई दे रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम पत्रकारिता का गला घोंट रहे : धर्माणी

**अनंत ज्ञान,घुमारवीं।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने हिमाचल के एक मीडिया संस्थान पर सुक्खू सरकार द्वारा की गई एफआईआर की निंदा करते हुए कहा कि



सीएम सुक्खू ने सीधा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला किया है। सीएम हिमाचल में पत्रकारिता का गला घोंटने का प्रयास कर रहे हैं। इंदिरा गांधी के समय में भी ऐसे ही एफआईआर करके पत्रकारिता का गला घोंटा जाता था। सुक्खू भी हिमाचल में ऐसा ही कर रहे है। आश्चर्य तो यह है कि इस विषय पर हिमाचल के उपमुख्यमंत्री क्यों चुप हैं। वो तो खुद बहुत बड़े पत्रकार रह चुके हैं। उन्होंने हमेशा निडर होकर पत्रकारिता की है। सुक्खू सरकार ने हिमाचल के लोगों को दी गारंटियां पूरी नहीं की। हिमाचल के कर्मचारियों और पेंशनरों को समय पर तनख्वाह नहीं मिली। जनता को मिल रही सुविधाओं को छीन जा रहा है । कई तरह के टैक्स हिमाचल की जनता पर सीएम सुक्खू ने लाद दिए। यह बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जेपी नड्डा ने हरियाणा की अपनी चुनावी रैलियों में कही। इन्ही सब बातों का तो पत्रकार ने अपनी खबर में जिक्र करके चुनावी विश्लेषण किया और सुक्खू ने न्यूज चैनल पर एफआईआर करवा दी।

### पॉवर टिलर चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** पुलिस थाना रामशहर के तहत पॉवर टिलर चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान रमन कुमार पुत्र रतन सिंह निवासी चकलीधार दिग्गल रामशहर व प्रदीप उर्फ पंकू पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी निहारी चमदार तहसील रामशहर जिला सोलन से हुई। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में देवी दत पुत्र बाबू राम निवासी मनलोगखुर्द चमदार तहसील रामशहर ने बताया कि जमीन कि बिजाई का पॉवर टिलर किसी अज्ञात ने चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की तफ्तीश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार किया और आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### पैसे डबल करने के लालच में डेढ़ करोड़ की धोखाधड़ी

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** पुलिस थाना बद्दी के तहत डेढ़ करोड़ की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में ममता देवी निवासी धर्मपुल बद्दी ने बताया कि अरेशिया इंडिया जेवेरियल प्राइवेट के निदेशक और जोनल मैनेजर ने वर्ष 2016 में बद्दी में अपनी शाखा खोली थी, जिसके बाद आम जनता निवेश के बदले भारी ब्याज का आश्वासन देकर स्थानीय निवासियों से डेढ़ करोड़ रुपए की धोखाधड़ी कर दी और अब पैसे वापस नहीं दे रहे है। पुलिस ने मामले की तफ्तीश करते हुए एक अरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था, जिसमें अब दूसरा आरोपी सुभाष चंद यादव पुत्र श्याम लाल यादव निवासी गांव रुदारी जिला आजमगढ़ उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसे नालागढ़ अदालत में पेश किया और अब पुलिस पूछताछ कर रही है।

### बस से चरस सहित धरा नशा तस्कर

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर।** पुलिस ने वाहनों की चेकिंग के दौरान एक चरस तस्कर को 519 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम हेड कांस्टेबल राज कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र के पुंघ में नाकाबंदी पर मौजूद थी। पुलिस वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मनाली की ओर से चंडीगढ़ जा रही सीटीयू की बस नंबर सीएच-01-जीए-1471 को पुलिस द्वारा चेकिंग के लिए रोका गया। पुलिस टीम ने बस की चेकिंग के दौरान उसमें बैठे एक युवक अमन मेहता (28) पुत्र सोमदत्त निवासी गांव हमीरपुर, कठुआ थाना राणाबाग जम्मू और कश्मीर के बैग से 519 ग्राम चरस बरामद की है। मामले में आगामी कार्रवाई पुलिस थाना के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल जय सिंह द्वारा अमल में लाई जा रही है। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने एक चरस तस्कर से 519 ग्राम चरस बरामद की गई है। बुधवार को आरोपी को न्यायालय के समक्ष नियमानुसार पेश किया जाएगा।

### शहीदों की याद में बनेगा स्मारक पार्क : नेगी

**रिकांगपिओ, जीता सिंह नेगी।** किन्नौर में राष्ट्रीय उच्च मार्ग-5 पर खारो पुल के पास देश के 34 वीर जांबाज सैनिकों के याद पर शहीद स्मारक पार्क का निर्माण किया जाएगा। यह शहीद स्मारक पार्क बनाने का मकसद उन शहीद इंजीनियरों को याद करना है, जिन्होंने 8 सितंबर 2005 को किन्नौर जिला के खारो नामक स्थान पर खारो ब्रिज के निर्माण के समय भारतीय सेना के 18वीं इंजीनियर रेजीमेंट के 34 जांबाज जवानों ने अपने जान की आहुति पुल के निर्माण के दौरान अचानक हुई हादसा में सतलुज नदी में बह जाने के कारण दी थी। राजस्व, बागवानी जनजातीय विकास एवं लोक शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने इस पार्क का कंटूर प्लानिंग बना दिया है और इस पार्क के निर्माण के लिए मंत्री ने 10 लाख रुपए की पहली किस्त पीडब्ल्यूडी विभाग को जारी भी कर दिया है। जल्द इस स्थान पर बहुत सुंदर पार्क का निर्माण होगा।

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बिंदल ने कांग्रेस पर कसा तंज, कहा-

# बड़े मियां तो बड़े मियां, छोटे मियां सुभान अल्लाह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कांग्रेस सरकार पर तंज कसते हुए कहा, 'बड़े मियां तो बड़े मियां छोटे मियां सुभान अल्लाह' हिमाचल प्रदेश की वर्तमान सरकार और कांग्रेस पार्टी पर यह कहावत लगातार चरितार्थ हो रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने झूठ बोलने में पूरी महारत हासिल की है और वो अब झूठ बोलने के स्पेशलिस्ट हो चुके हैं।




अब यह काम ऊपर से नीचे की ओर चल पड़ा है। कांग्रेस के जिला स्तर के नेता, मंडल स्तर के नेता, विधानसभा स्तर के नेता अपने गिरेबान से निकल कर कुछ भी झूठ बोलने की तैयारी में जुटे हुए हैं, परंतु इनके झूठ का साथ के साथ पर्दाफाश होते जा रहा है। डॉ. बिंदल ने कहा कि पिछले कल मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हमें सहयोग नहीं मिल रहा और उसी समय उनकी सरकार के वरिष्ठ मंत्री ने कहा कि हमें 700 करोड़ रुपए सड़कों के विकास के लिए मिल रहा है और हम केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हैं।

उन्होंने कहा कि गत सप्ताह मुख्यमंत्री ने इसी प्रकार की टिप्पणी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के प्रवास पर की और उसी समय उपमुख्यमंत्री दिल्ली में जाकर केंद्रीय मंत्री से मिलकर हिमाचल प्रदेश के लिए आर्थिक सहयोग की प्रार्थना करते हुए और सहयोग मिलने का धन्यवाद करते हुए मीडिया में छाए हुए थे। डॉ. बिंदल ने कहा कि एक व्यक्ति जिसने आपदा की घड़ी में लगातार हिमाचल का प्रवास किया वो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा है।

वो कुल्लू, मंडी, सुन्दरनगर, बिलासपुर, सिरमौर, शिमला आए। जहां-जहां प्राकृतिक आपदा आई वहां व्यक्तिगत रूप से जनता का सुख-दुख बांटने, उनसे संवेदना व्यक्त करने आए और अरबों रुपए सहायता के रूप में उपलब्ध करवाया, परन्तु प्रदेश की सरकार लगातार नकारते हुए प्रदेश की जनता का अहित कर रही है।

# हिमाचल को केंद्र से मिली 2197 .26 करोड़ की सहायता : बिक्रम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पूर्व उद्योग मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बिक्रम ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश के विकास और पुनर्निर्माण के लिए दी गई आर्थिक सहायता अभूतपूर्व है। वित्त वर्ष 2024-25 के पहले सात महीनों में (1 अप्रैल से 12 अक्तूबर तक) प्रदेश को केंद्र प्रायोजित 33 योजनाओं के तहत 2197.26 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की गई है। इस सहायता से प्रदेश के विकास कार्यों में तेजी आई है और बुनियादी ढांचे से लेकर सामाजिक कल्याण तक, सभी क्षेत्रों में सुधार हो रहा है।



बिक्रम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार हिमाचल प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सहायता न केवल प्रदेश की आधारभूत संरचना को मजबूत कर रही है, बल्कि आपदाओं से प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण और विकास के प्रयासों को भी गति प्रदान कर रही है। केंद्र से प्राप्त इस सहायता से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में स्थायी विकास हो रहा है, जिससे प्रदेश की जनता को प्रत्यक्ष लाभ हो रहा है।

प्रमुख योजनाओं का विवरण देते हुए बिक्रम ठाकुर ने बताया कि मनरेगा के तहत 395.93 करोड़ रुपए, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 196.32 करोड़ रुपए, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 162.75 करोड़ रुपए और स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11.04 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई है।

# साइबर क्राइम विंग ने ऑनलाइन ठगी करने वाले को यूपी से दबोचा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** साइबर क्राइम के तहत पार्सल के नाम पर ठगी करने के एक आरोपी कुलवीर पुत्र भोले राम निवासी गांव भाकावा डाकघर रसूलपुर, तहसील बहैरी, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। हिमाचल प्रदेश पुलिस के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन मंडी, मध्य रेंज मंडी के एएसपी मनमोहन सिंह ने एक बार फिर सभी लोगों को साइबर ठगों से सावधान रहने की अपील की है। एएसपी ने बताया कि 27 वर्षीय आरोपी कुलवीर ने एक पूर्व सैन्य अधिकारी को डिजिटल अरेस्ट करके 20 लाख रुपए की ठगी को अंजाम दिया था। एएसपी ने बताया कि आरोपी ने पूर्व सैन्य अधिकारी के नाम पर झूठे पार्सल भेजने की कहानी बनाई थी तथा पार्सल में अवैध सामान, जाली पासपोर्ट तथा नशीली दवाई होने की बात कही थी। आरोपी ने ब्लैकमेल करके ठगी की राशि दो ट्रांजेक्शन के माध्यम से ली थी।



आरोपी ने एक कंपनी भी बना कर रखी है। पुलिस इसकी तलाश 5 महीने से कर रही थी परंतु वह बार-बार अपनी लोकेशन बदल रहा था। पुलिस ने आरोपी को टेक्निकल सर्विलांस और सोर्स रिपोर्ट के आधार पर गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ अन्य राज्यों में भी इसी तरह के ठगी के मामले दर्ज है। एएसपी ने आम लोगों से अनुरोध किया है कि वे अनजान नंबर से फोन न उठायें तथा अगर कोई डिजिटल अरेस्ट के नाम पर धमकाने का प्रयास करता है तो उससे बिलकुल भी न डरें और तुरंत अपने नजदीकी थाना में इस संबंध में तस्दीक करें तथा पैसे भेजने से पहले एक बार साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर क्राइम पुलिस थाना मंडी के दूरभाष नंबर 01905-226900 पर या ईमेल आईडी पीएससाईबर-सीआर एट द रेट एचपी.जीओवी.इन पर संपर्क करें।

## सुनवाई | कैंप ऑफिस मंडी में लोगों की समस्याएं सुनने पहुंचे विक्रमादित्य

# मंडी को बड़ा प्रोजेक्ट दिलाने के लिए जाएंगे दिल्ली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंगलवार को कैंप कार्यालय मंडी में लोगों की समस्याएं सुनीं। कैंप कार्यालय का शुभारम्भ करने के पश्चात पहली बार विक्रमादित्य सिंह लोगों की समस्याएं सुनने के लिए मंडी कैंप कार्यालय आए थे।

कैंप कार्यालय में जिला मंडी के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। विक्रमादित्य सिंह ने इस दौरान जन समस्याओं को ध्यान से सुना और उनके शीघ्र निपटारे का भरोसा दिया। अधिकतर समस्याएं सम्पर्क सड़कों के निर्माण बारे, फोरलेन निर्माण से हो रही समस्या, बिजली, पानी इत्यादि से संबंधित थीं। हटौण पंचायत की नगीना ठाकुर, गोहर के विनोद कुमार और मुरारी आचार्य, प्रधान ग्राम पंचायत नवलाय राकेश कुमार भी समस्याओं के निपटारे के लिए कैंप कार्यालय आए थे। उन्होंने कैंप कार्यालय खोलने के लिए मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे अब समस्याओं का समाधान करना आसान हो गया है। उन्होंने कहा कि वह अपनी समस्याओं को लेकर यहां आए थे। समस्याओं का निपटरा करने के लिए शिमला में जाना बहुत महंगा पड़ता था और कभी मंत्री के कार्यालय में न मिलने से समय बरवाद हो जाता था। किन्तु कैंप कार्यालय से सारी परेशानियां दूर हो गई है। उन्होंने बताया कि मंत्री ने उनकी समस्याओं को पूरे ध्यान से सुना और भरोसा दिलाया है कि बहुत जल्दी उनकी समस्याओं का निपटारा कर दिया जाएगा।



कैंप कार्यालय में लोगों की समस्याओं को सुनते हुए विक्रमादित्य सिंह

### कड़े फैसलों से 600 करोड़ का मुनाफा

इस दौरान विक्रमादित्य सिंह ने मंडी शहर के लिए बड़ा प्रोजेक्ट लाने के लिए दिल्ली जाने की बात कही और साथ ही आपदा के दौरान टूटे पुलों का कार्य शुरू करने की भी बात कही उन्होंने कहा की एक पुल का कार्य शुरू भी कर दिया है और अन्य की डीपीआर तैयार की जा चुकी है।

उन्होंने कहा की प्रदेश में सभी के कार्य होंगे और लोगों की उम्मीदों पर प्रदेश सरकार खरी उतरेगी क्योंकि प्रदेश में पैसों की कमी हो सकती है लेकिन इच्छा शक्ति की नहीं। उन्होंने कहा की प्रदेश को कर्ज मुक्त बनाने के लिए भी सरकार कार्य कर रही है जिसमें स्कूलों को मर्ज किया जा रहा है। उद्योग पत्तियों की मुफ्त बिजली को बंद किया गया और माइनिंग से भी प्रदेश को रेवेन्यू जनरेट हो रहा है। उन्होंने कहा की सरकार के इन कड़े फैसलों से प्रदेश सरकार को करीब 600 करोड़ का मुनाफा हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### एंजल स्कूल भवारना ने जीती समूहगान स्पर्धा



**अनंत ज्ञान, डरोह।** भारत विकास परिषद शाखा भवारना द्वारा शाखा स्तर पर राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में करवाई गई। भवारना शाखा अध्यक्ष समीर अमिताभ ने कहा कि समाज में गीतों के माध्यम से देश भक्ति की भावना जागृत करना इस प्रतियोगिता का उद्देश्य है। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक डॉ. जगतार गुलेरिया इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि थे। इस बीच निर्णायक मंडल में सुशील धीमान, राजेश रोशन एवं सुधा किरण थे। इस प्रतियोगिता में एंजल पब्लिक स्कूल भवारना प्रथम एवं रेनवो पब्लिक स्कूल भवारना दूसरे स्थान पर रहा।अपने उद्बोधन में डॉ. जगतार गुलेरिया ने कहा कि आज के परिपेक्ष्य में विद्यार्थी अपने संस्कार भूलते जा रहे हैं। उन्होंने कहा संस्कार पढ़ने से कम परंतु अनुभव करने से ज्यादा आते हैं। इस मौके पर बहुत से गण्यमान्य लोग मौजूद रहे।

### जंगलों में आग लगने के दुष्प्रभाव बताए



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** उपमंडल के भवारना ब्लॉक में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पुन्नर में प्रधानाचार्या अंजू लता ठाकुर की अध्यक्षता में वन अग्नि की समस्या के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में स्कूल के छात्र छात्राएं और शिक्षकगण बढ़ चढ़कर शामिल हुए। इस आयोजन में ब्लॉक समन्वयक अमित कुमार, सामुदायिक आयोजक विनीत राणा, आकृति, तान्या, हंस फाउंडेशन के प्रतिनिधि तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पुन्नर के एनएसएस प्रभारी गुरु स्वरूप व अन्य अध्यापक उपस्थित रहे । सभी ने मिलकर भवारना ब्लॉक में वन अग्नि की रोकथाम और निवारण के लिए किए जा रहे प्रयासों पर ज़ोर दिया रैली के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक नारे लगाते हुए और पोस्टरों के माध्यम से वन संरक्षण और अग्नि निवारण के महत्व पर प्रकाश डाला उन्होनें लोगों को यह संदेश दिया की वन अग्नि न केवल पर्यावरणके लिए खतरा है, बल्कि यह मानव जीवन और वन्यजीवों के लिए विनाशकारी साबित हो सकती है

### पुड़वा में सिखाए भूकंप के दौरान बचाव के तरीके

**अनंत ज्ञान, डरोह।** दुनिया में आए दिन भूकंप आते ही रहते हैं, इसका पूर्वानुमान भी नहीं लगाया जा सकता। भविष्य में भूकंप से होने वाले जान माल के नुक़सान को कम करने एवं बचाव के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुड़वा में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल में झुको, ढको, पकड़ो व भूकंप के समय बचाव का अभ्यास किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य बीआर भट्ट ने मॉक ड्रिल का नेतृत्व करते हुए बच्चों को भूकंप से बचाव के लिए हर स्थिति से निपटने का आह्वान किया। इस मौके पर विद्यार्थियों के साथ साथ स्कूल स्टाफ भी मौजूद रहा।



# आशीष बुटेल ने सम्मानित की 16 प्रगतिशील महिला किसान

## सीपीएस ने कहा, किसानों को समृद्ध और सक्षम बनाने को सरकार वचनबद्ध

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

प्रदेश के किसानों को समृद्ध और सक्षम बनानें के लिए हिमाचल सरकार कृषि क्षेत्र को अधिक विकसित करने पर जोर दे रही है। मुख्य संसदीय सचिव शहरी विकास एवं शिक्षा आशीष बुटेल मंगलवार को कृषि विभाग द्वारा आयोजित महिला किसान दिवस पर प्रगतिशील महिला सम्मान कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर सीपीएस ने ज़िला कांगड़ा के 16 विकास खंडों में एक-एक प्रगतिशील महिला किसान को पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने प्राकृतिक खेती को अपना कर मिशाल पेश की है।

आशीष ने कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आतमा) द्वारा आयोजित महिला किसान गोष्ठी के लिए बधाई दी और प्रगतिशील महिला किसानों को प्राकृतिक खेती को अपना कर उदाहरण पेश करने की सराहना की। उन्होंने कहा कि



यह हर्ष की बात है कि अन्य किसानों को भी यह महिला किसान प्राकृतिक खेती के लिये प्रेरित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की मेहनत का पैसा किसानों की ही जेब में ही जाए, इसके लिए सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति गंभीर है। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के स्थाई हल के लिये प्रयास जारी हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में करीब 70 प्रतिशत के करीब महिलाएं खेतीबाड़ी के कार्य में जुटी हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये प्रदेश सरकार द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं और इसमें कृषि क्षेत्र भी शामिल है। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों को घरद्वार कृषि विभाग की योजनाओं के लाभ सुनिश्चित किये जायें। उन्होंने कहा कि यह हर्ष की बात है कि जिला कांगड़ा में 7966 हेक्टेयर क्षेत्र में 40 हजार किसान प्राकृतिक खेती को अपनाया है। उन्होंने कहा कि पालमपुर विधान सभा क्षेत्र में भी 334 हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती की जा रही है और दो हजार से अधिक किसान इस कार्य में लगे हैं।

### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही सरकार

**सीपीएस** बुटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को इस ओर प्रेरित करने के लिये प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना आरंभ की है। इसमें गेहूं 40 रुपए प्रति किलो और मक्के की 30 रुपए प्रति किलो खरीद कीमतों का प्रावधान किया गया है। उन्होंने ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में दूध खरीद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने वाला देश का पहला राज्य है। इसके अलावा सीपीएस ने कहा कि किसी भी देश का किसान समृद्ध होगा, तो वह राष्ट्र भी समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार कृषि को छोड़ चुके लोगों को फिर कृषि से जोड़ने के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को आरंभ कर गंभीरता से कार्य कर रही है।

# अनियंत्रित कार की टक्कर से स्कूटी सवार दो महिलाएं घायल



**अनंत ज्ञान, डरोह**

- दोनों घायलों को भवारना अस्पताल में ले जाकर दिलाया प्राथमिक उपचार

भाटिलू के पास एक अनियंत्रित कार ने विपरीत दिशा से आ रही स्कूटी व बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी सवार दो महिलाओं को सिर व टांग मे मामूली चोटें आई हैं, वहीं बाइक सवार भी टक्कर से सड़क पर गिर पड़ा। घायल दोनों महिलाओं को भवारना अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें पालमपुर अस्पताल रेफर किया गया। टक्कर से तीनों वाहनों का भी काफी नुकसान हुआ।

जानकारी के अनुसार भाटिलू के पास कार चालक अक्षय कुमार अपनी कार को घर से बाहर सड़क के लिए निकाल रहा था कि कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क से गुजर रही स्कूटी नंबर एचपी 37 एच 3381 जिस पर दो महिलाएं सवार थीं से टकरा गई। उसी समय वहां से गुजर रही बाईक नंबर एच पी 53 ए 2685 को भी टक्कर लग गई। टक्कर से स्कूटी सवार पूजा व सुदीक्षा निवासी थुरल को टांग व सिर में चोटें आईं। हालांकि बाइक सवार को कोई चोट नहीं लगी, किंतु स्कूटी सहित उसकी बाईक का भी कुछ नुकसान हो गया। घायलों को प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया। आपस में वाद-विवाद के बाद तीनों पक्षों में आपस में समझौता हो गया, जिस कारण पुलिस में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ।

# गगल से जयपुर के लिए जल्द शुरू की जाए विमान सेवा

**अनंत ज्ञान, गगल**

- क्षेत्र के लोगों ने उठाई मांग

कुल्लू से जयपुर के लिए शुरू की गई सस्ती विमान सेवा की सराहना करते हुए इलाके के हवाई यात्रियों ने हवाई मंत्रालय से मांग की है कि गगल एयरपोर्ट को भी इस योजना का लाभ पहुंचाने के लिए एयरपोर्ट को भी इस योजना से जोड़ा जाए तथा इस फ्लाइट को गगल तक किया जाए या फिर इस स्कीम को गगल एयरपोर्ट पर भी लागू किया जाए। उल्लेखनीय है के वर्ष 2018 में भी गगल एयरपोर्ट से जयपुर के लिए स्पाइसजेट के विमान सेवा शुरू हुई थी उस समय भी स्पाइस जेट विमान का किराया 3500 रुपए था और उसके बाद जब कोरोना काल में विमान सेवाएं बंद हुईं तो जयपुर वाली फ्लाइट भी बंद हो गई थी, जो आज तक दोबारा शुरू नहीं हो पाई है। अब इलाकावासियों ने कहा है कि इस हवाई सेवा को गगल हवाई अड्डे से भी जोड़ा जाए। आपको बता दें कि जयपुर के लिए वाया दिल्ली जाने का सफर लगभग बहुत बड़ा महंगा पड़ता है इसलिए अगर यह विमान कुल्लू से गगल के बीच शुरू हो जाती है तो इसका लाभ पर्यटकों को भी ओर पर्यटन विभाग को भी मिलेगा।

### धर्मशाला में 27 को लगेगा रेडक्रॉस मेला

**धर्मशाला।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी धर्मशाला द्वारा 27 अक्तूबर को पुलिस मैदान धर्मशाला में प्रातः 10 बजे से लेकर सायं 6 बजे तक रेडक्रॉस मेला आयोजित होना निश्चित हुआ है। रेडक्रॉस सोसयटी के सचिव ओपी शर्मा ने बताया कि मेले में विभिन्न प्रकार के मनोरंजन, खाने-पीने, महिला मंडलों द्वारा निर्मित खाद्य पदार्थ के स्टाल लगाए जाएंगे। स्टाल लगाने के इच्छुक व्यक्ति रेडक्रॉस सोसायटी धर्मशाला के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर सोसायटी द्वारा स्मारिका का प्रकाशन भी किया जा रहा है। जो स्मारिका प्रकाशन के लिए अपना सहयोग देना चाहते हैं, वे भी रेडक्रॉस कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# बलोटा में दुकानों व डाकघर में लगी आग

## फायर ब्रिगेड ने पाया काबू, 50 लाख रुपए नुकसान होने का अनुमान

**राकेश डोगरा, डरोह**



उपमंडल धीरा के अंतर्गत गांव बलोटा में राकेश कुमार पुत्र ओम प्रकाश की करियाना, कपड़ा, स्टेशनरी, डाकघर, फोटो स्टेट मशीन की दुकान पर मंगलवार सुबह अज्ञात कारणों से आग लग गई। पोस्ट मास्टर राकेश कुमार के अनुसार उसकी दुकान में एक लाख बीस हजार रुपए नकद कैश व फर्नीचर जलकर राख हो गया है। दुकान मालिक के अनुसार दो दुकानें, दो स्टोर व एक डाकघर जलकर राख हो गया है। इसमें लगभग कुल 50 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। बचाई गई संपत्ति एक करोड़ के लगभग है, जिसमें राकेश कुमार के रिहायशी मकान तथा उसके भाई अनिरुद्ध के रिहायशी मकान को भी खतरा था। आग लगने की सूचना फायर स्टेशन धीरा को सुबह 8:44 पालमपुर फायर स्टेशन से प्राप्त हुई थी। धीरा फायर स्टेशन के कर्मचारियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर वाहन से पानी फेंककर पूर्ण रूप से आग पर काबू पाया। प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार रोहित झालता व अमित राणा द्वारा पीड़ित को दस हजार की फौरी राहत प्रदान की गई। (अनंत ज्ञान)

---

## अनंत ज्ञान फैशन

# काला : फैशन में रहता है इस रंग का बोलबाला



काला सूट हो काला चश्मा, जचता हर किसी पर है। काला सबसे ज्यादा पहने जाने वाला रंग है। इस रंग में ऑफिशियल लुक से लेकर पार्टी लुक, सब परफेक्ट लगता है। ब्लैक कलर से स्टाइलिंग को गोथिक फैशन कहा जाता है। यह पावरफुल कलर है तो रहस्यमय भी। इस कलर की ड्रेस पहनते ही लुक बदलती है और पर्सनैलिटी निखर जाती है। काला रंग ताकत, बुद्धिमानी और मजबूत इच्छाशक्ति को दिखाता है तो नकरात्मकता, डिप्रेशन, अकेलापन और विरोध का रंग भी माना जाता है। प्राचीन मिस्र में काला रंग फर्टिलिटी का प्रतीक था। यह नील नदी की उपजाऊ मिट्टी को भी दिखाता है। यह भगवान अनुबिस का रंग था। वहां के लोग इस रंग का इस्तेमाल बुरी नजर से बचने के लिए भी करते थे। 14वीं शताब्दी में काला रंग अमीर लोगों से जुड़ा। 1800 में ब्लैक कलर पावर का दर्शाने लगा। इस दौर में अमीर कारोबारी काले रंग का सूट पहनने लगे थे। इसे रॉयल लग्जरी के तौर पर पेश किया जाने लगा।

### सबसे पहले आर्ट में किया इस्तेमाल



काला इकलौता ऐसा रंग है, जिसका सबसे पहले आर्ट में इस्तेमाल किया गया। काला रंग गोथ समुदाय से जुड़ा है, चूंकि इस कम्युनिटी के लोग काला रंग पहनते हैं इसलिए फैशन जगत में इसे गोथिक फैशन नाम दिया गया। गोथ कल्चर 1980 में ब्रिटेन से शुरू हुआ जो गोथिक रॉक म्यूजिक का फैन था। इस कम्युनिटी के लोग कपड़े तो काले पहनते ही हैं, साथ में बाल काले रंग के रखते हैं, काले रंग की लिपस्टिक लगाते हैं और हर एक्सेसरी काले रंग की ही इस्तेमाल करते हैं।

इस साल करवा चौथ 20 अक्तूबर को मनाया जाएगा और अक्तूबर की शुरुआत से ही चारों तरफ करवा चौथ की साड़ी और गहनों की बातें होने लगी हैं। ये बात तो तय है कि आपकी इंस्टाग्राम फीड भी करवा चौथ की साड़ियों के ऑप्शन से भर चुकी होगी। हाल ही में आलिया भट्ट भी दुर्गा पूजा समारोह में सिंदूरी लाल साड़ी पहने हुए नजर आईं। आलिया की ये बेहद खूबसूरत साड़ी और उसका लाल रंग देख कई महिलाएं करवा चौथ आउटफिट के लिए इससे इंस्पायर हुई हैं। उनका ये साड़ी करवाचौथ के जश्न के लिए एक शानदार ऑप्शन हो सकती है। हालांकि, अगर आप सोच रहे हैं कि ये साड़ी आप खरीद सकते हैं तो आपको बता दें कि इसकी कीमत में आपकी कम से कम 5 साल के करवाचौथ के आउटफिट आ जाएंगे। चलिए पहले आपको बताते हैं आलिया की इस साड़ी के बारे में।



# आलिया भट्ट ने सिंदूरी लाल साड़ी में ढाया कहर

आलिया की साड़ी फैशन ब्रांड तोरानी से है और इसे 'सिंदूरी नयनतारा अंबिका साड़ी सेट' कहा जाता है। सिंदूरी लाल सिल्क ऑर्गेंजा साड़ी में हाथ का काम, गोल्ड सि[ न कढ़ाई, और जरी के काम से सजाए गए स्कैलप बॉर्डर हैं। आलिया ने साड़ी को पारंपरिक रूप से फ्री स्टाइल पल्लू के साथ ड्रेप किया। साड़ी की सामने की प्लीट्स खूबसूरती से सजाई गई थीं। ब्लाउज में डीप स्वीटहार्ट नेकलाइन, गोल्ड गोटा कढ़ाई, जरी का काम और हाथ का काम था। ब्लाउज का सिल्हूट फिटेड था और इसमें क्रॉप्ड हेम था। उनके लुक की बात करें तो आलिया ने अपने बालों को एक मेसी बन में बांधा, और मेकअप में उन्होंने पिंक आई शैडो, मस्कारा से सजी पलकें, सुंदर आइब्रो, एक छोटी लाल बिंदी लगाई. ग्लॉसी पिंक लिप्स, ब्लश लुक के साथ एक्ट्रेस का मेकअप काफी नेचुरल नजर आ रहा है। आखिर में उन्होंने अम्रपाली ज्वेल्स की गोल्ड झुमकियां और एक स्टेटमेंट रिंग के साथ अपने लुक को पूरा किया।



# ये स्टाइल फॉलो कर करवा चौथ पर सबसे अलग दिखेंगी आप

करवा चौथ का पावन त्योहार इस बार 20 अक्तूबर को मनाया जा रहा है। ऐसे अगर में आप अपनी सिंपल साड़ी या लहंगे पर स्टाइलिश हेयर स्टाइल करना चाहते हैं, तो ये स्टाइलिंग टिप्स अपनाएं।



### जूड़ा विद गजरा

गजरा सुहाग की एक निशानी में से एक माना जाता है, इसलिए करवा चौथ पर इसे लगाने का विशेष महत्व भी होता है। आप अपने बालों में एक लो बन बनाकर गजरा आजू-बाजू लगा सकते हैं या फिर आप चाहे तो जिप्सी या अलग तरीके के फ्लावर भी अपने जूड़े पर लगाकर खूबसूरत लुक पा सकते हैं।



### ओपन हेयर लुक

आप अगर साड़ी या लहंगे पर आप अगर स्टाइलिश लुक अपनाना चाहती हैं, तो अपने बालों को ब्लो ड्राई करके ओपन भी रख सकती हैं। आप चाहे तो इसमें फ्रंट से बालों को ट्विस्ट करके छोटी सी ब्रेड बना सकते हैं या फ्रेंच ब्रेड बनाकर इसे हाफ टाई कर सकते हैं। अगर आपकी हाइट छोटी है और आप अपनी हाइट को लंबा दिखाना चाहते हैं, तो एक हाई बन बना सकते हैं। इससे आपकी हाइट लंबी दिखेगी और यह आपको ट्रेडिशनल लुक भी देगा।

### ट्रेंडी चोटी डिजाइन

अगर आपके बाल लंबे हैं और आप अपने बालों को ओपन नहीं करना चाहते हैं, तो इन दिनों डिफरेंट स्टाइल की चोटी भी काफी ट्रेंड में है। आप अपने बालों में फ्रेंच ब्रेड या सागर चोटी बनाकर बीच में हेयर एक्सेसरीज लगा सकते हैं यह आपको बहुत ही ट्रेंडी लुक देगा।



## न्यूज ब्रीफ

### धीरा में क्लस्टर मेले में पहुंचे 16 स्कूलों के छात्र



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धीरा में क्लस्टर स्तर पर बाल मेले का आयोजन किया गया। इसमें 16 स्कूलों के 6वीं से 8वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आगाज एसएमसी प्रधान नीरज बाला ने किया। इस दौरान सामूहिक गान में जीएमएस काहनफट, विज्ञान प्रदर्शनी में जीएमएस डीईं, प्रश्नोत्तरी में जीयूएसएसएस धीरा, फन गेम्स में धीरा स्कूल व जीएमएस ननाओं, सोलो सांग में जीएमएसएस सुलह व सोलो नृत्य में जीएसएसएस बोदा, स्किट में जीएसएसएस नौरा प्रथम रहे। अब ये विद्यार्थी डरोह स्कूल में खंड स्तर पर इस बाल मेले में भाग लेंगे।

### सुराणी में रैली निकाल जागरूक किए लोग



**अनंत ज्ञान, देहरा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुराणी में द हंस फाउंडेशन की तरफ से वनाग्नि से बचाव व रोकथाम पर प्रधानाचार्या अंजुला राणा की अध्यक्षता में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में द हंस फाउंडेशन के खंड समन्वयक संदीप चौहान, पंकज शर्मा, साहिल ठाकुर, कुसुम लता व सुरिंद्र कुमार ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बच्चों को जंगल में लगने वाली आग के कारणों पर जानकारी दी गई ओर रोकथाम रखने हेतु प्रेरित किया गया।बच्चों द्वारा सुराणी गांव व बाजार में जागरूकता रैली निकाल कर क्षेत्रीय समुदाय को पेड़ लगाने, बचाने, वन्य-जीवन संरक्षण व वनों को आग से बचाने पर जागरूक किया गया।

### विद्यार्थियों को सिखाए आग से निपटने के तरीके



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** आग की घटनाओं से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग लगातार स्कूलों में बच्चों को जागरूक करता रहता है। मंगलवार को अग्निशमन विभाग धर्मशाला फायर सर्विस ऑफिसर दविंदर सिंह भाटिया व कर्मचारियों के द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला सकोह में बच्चों व शिक्षकों एवं मिड डे मील वर्करों को आग की घटनाओं से निपटने के लिए जागरुक किया गया जिसमें की आग लगने के प्रकार एवं उससे बचने के उपायों को लेकर बताया गया। जानकारी देते हुए फायर स्टेशन ऑफिसर कर्म चंद ने बताया की स्कूलों में अधिकतर देखा जाता है की सिलेंडर में आग लगने की घटनाएं समाने आती है। ऐसे में विशेष ज़ोर इस बात पर दिया जा रहा है की मिड-डे मील वर्करों को आग से बचने के उपायों के बारे में बताया जाए, ताकि बिना डरे एवं समय गवाएं बड़ी आग की घटना होने से बचा जा सके।

### मासिक धर्म स्वच्छता बारे छात्राएं की जागरूक



**अजीत वर्मा, जयसिंहपुर।** द हंस फाउंडेशन एमएमयू 2 इकाई थुरल के द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोसरी में मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इसमें चिकित्सा अधिकारी द्वारा कक्षा 6वीं से 12वीं तक की किशोरियां को मासिक धर्म स्वच्छता, इस्तेमाल किए गए पैड के उचित निपटान और व्यायाम के बारे में बताया गया और हंस फाउंडेशन की टीम द्वारा 72 किशोरियों को सैनिटरी किट वितरित की गई। इस सत्र में प्रधानाचार्य और अध्यापकों के साथ किशोरियां भी उपस्थित रही।

### तकीपुर में केंद्रीय छात्र परिषद ने ली शपथ



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** तकीपुर कॉलेज में वर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य गिल ने केंद्रीय छात्र परिषद के लिए प्रधान कोमल ढ़डवाल, उपप्रधान मुस्कान, महासचिव प्रिया शर्मा, संयुक्त सचिव नयन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। आस्था बीए प्रथम वर्ष, महक बीकॉम प्रथम वर्ष ,स्नेह चौधरी बीएससी प्रथम वर्ष, प्रिया द्वितीय वर्ष, शिवांगी भाटिया बीकॉम, भूमिका डोगरा बीए तृतीय वर्ष, श्रुति बीकॉम तृतीय वर्ष , सुनील बीएससी तृतीय वर्ष को डॉ. भगवान दास ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई।

### महक को मिस, अमित को चुना मिस्टर फ्रेशर

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय मटौर में कला संकाय तृतीय वर्ष द्वारा



प्रथम वर्ष में आए नए विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी (स्वागत समारोह) का आयोजन किया गया। समारोह में कुमारी महक को मिस फ्रेशर, अमित कुमार को मिस्टर फ्रेशर, कुमारी रितिका को मिस पर्सनैलिटी, समीर कुमार को मिस्टर पर्सनैलिटी चुना गया।

---

राजिंद्रा पैलेस में ब्लैक बेरेट्स कॉम्बैट सर्विस के वार्षिक समारोह में बोले सीपीएस किशोरी लाल

# देश की सुरक्षा के लिए हिमाचली सबसे आगे

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



- कहा, लोगों को बेहतर शिक्षा स्वास्थ्य, बिजली, सड़क एवं जल सुविधा देना प्राथमिकता

मुख्य संसदीय सचिव पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती विभाग किशोरी लाल ने कहा कि जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी एवं सड़क सुविधा उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। सीपीएस ने मंगलवार को बैजनाथ में लोगों की समस्याओं को सुना और इनका समाधान किया।

उन्होंने कहा कि जन समस्याओं का समयबद्ध निकारण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है अधिकारियों को इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर आयी विभिन्न जन समस्याएं सुनीं तथा अधिकारियों को इनके शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। इसके उपरांत सीपीएस किशोरी लाल ने राजिंद्रा पैलेस में ब्लैक बेरेट्स कॉम्बैट सर्विस (बीबीसीएफ़) के वार्षिक समारोह में मुख्यातिथि के रूप मे शिरकत की। उन्होंने ब्लैक बेरेट्स कॉम्बैट सर्विस को वार्षिक उत्सव की बधाई दी। सीपीएस ने कहा कि हिमाचल प्रदेश से अधिकतर जवान सेना में भर्ती होते हैं और देश सेवा के लिए तत्पर रहते हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचलवासी राष्ट्र सेवा में समर्पित होकर अपनी बहादुरी और साहस का लोहा मनवाते रहे हैं और वीरता और मातृभूमि की रक्षा में मेडल सम्मान के रूप में प्राप्त किए हैं।

उन्होंने कहा कि मातृ भूमि की रक्षा में प्रदेश के जवानों ने अपनी वीरता का लोहा मनवाया है और अपना सर्वोच्च बलिदान भी दिया है, जिसका पूरा राष्ट्र सदैव कृतज्ञ रहेगा।

इस अवसर पर सीसीओ हिमांशु रंजन ने मुख्यातिथि को शॉल एवं टोपी पहनाकर सम्मानित किया और ब्लैक बेरेट्स कॉम्बैट सर्विस के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि (बीबीसीएफ) एक विशेष बल है जो निहत्थे लड़ाकू के रूप में काम करता है। इसका मकसद, सुरक्षा क्षेत्र में काम करने वाले सभी कर्मियों, छात्रों, युवाओं, और प्रशिक्षकों को शामिल करना है। इसके अलावा, बीबीसीएफ़ का मकसद देश की आर्थिक, कार्मिक, और व्यापारिक सुरक्षा को मज़बूत बनाना और सुरक्षा क्षेत्र में एकजुटता लाना भी है।

कार्यक्रम में एससी सेल के उपाध्यक्ष रविंद्र बिट्टू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंदर जम्वाल, मीडिया प्रभारी अमित शर्मा, सुमित सत्ती, मीडिया को-ऑर्डिनेटर अजय गौड़, विक्रांत भोसले, मनीष सिंह, प्रदीप देवरा, चिन्मय रोकड़े, प्रशोतम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## हैप्पी बर्थडे



रोपड़ी की दिव्या को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### मलोट में ट्रैक्टर से गिरने से युवक की मौत

**इंदौरा।** पुलिस थाना इंदौरा के अंतर्गत मंगलवार सुबह हुई एक दुर्घटना में ट्रैक्टर से गिरने के कारण एक युवक की मौत हो गई। हादसा औद्योगिक क्षेत्र मलोट में सुबह लगभग 11:45 बजे पेश आया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही अतिरिक्त थाना प्रभारी इंदौरा मदन लाल पुलिस टीम सहित मौका पर पहुंचे व साक्ष्य जुटाए। पुलिस थाना प्रभारी इंदौरा आशीष पठानिया ने बताया कि इंदौरा के मलोट निवासी आर्यन पुत्र स्व. गगन सिंह अपने चाचा के साथ ट्रैक्टर पर जा रहा था कि सामने से अचानक एक पशु आ गया, जिसे बचाने के लिए जैसे ही चालक ने ट्रैक्टर मोड़ना चाहा तो ट्रैक्टर टेढ़ा होने के कारण उक्त युवक नीचे गिर गया और उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं। घायलावस्था में परिजन उसे अस्पताल ले गए, लेकिन वह वहाँ पहुँचने से पहले ही दम तोड़ चुका था व चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। एसडीपीओ संजीव यादव ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 194 के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है।

## राजा का तालाब की टीम वॉलीबाल चैंपियन

टूर्नामेंट में जवाली के ज्योतिषी पंडित विपन शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

**अनंत ज्ञान, जवाली**

उपमंडल जवाली के अधीन पंचायत कैहरियां में युवा क्लब बसंतपुर द्वारा बसंतपुर में डे-नाइट वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें ज्योतिष क्षेत्र में अंतराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति हासिल कर चुके जवाली के ज्योतिषी पंडित विपन शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

टूर्नामेंट में पहुंचने पर क्लब के अध्यक्ष साहिल शानू, सदस्य टोनी, पिंजू, रजनीश, सुनील कुमार, रवि, रशपाल सिंह, वार्ड सदस्य राकेश कुमार, संजू कुमार, कुलवीर कुमार, कुलदीप कुमार, पिंकू, बॉबी, सचिन, कृष्ण, अंकित द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। अध्यक्ष साहिल शानू ने बताया कि इस टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला राजा का तालाब व फारियां की टीम के मध्य में हुआ। राजा का तालाब की टीम विजेता, जबकि फारियां की टीम उपविजेता रही। मुख्यातिथि पंडित विपन शर्मा ने विजेता टीम को 7100 रुपए नकद व ट्रॉफी तथा उपविजेता को 5100 रुपए नकद व ट्राफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशे को त्यागकर खेलों में रुचि लेनी चाहिए। उन्होंने क्लब की भी प्रशंसा की तथा 5100रुपए की नकद राशि देकर प्रोत्साहित किया। क्लब की तरफ से मुख्यातिथि पंडित विपन शर्मा को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कुलवीर कुमार, कुलदीप कुमार, पिंकू, बॉबी, सचिन, कृष्ण, अंकित इत्यादि मौजूद रहे।



विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते चीफ गेस्ट पंडित विपन शर्मा।

## थुरल कॉलेज में केंद्रीय छात्र परिषद ने ली पद की शपथ

**अनंत ज्ञान, डरोह**



महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में नवनिर्वाचित केंद्रीय छात्र परिषद का शपथ ग्रहण सत्र 2024-25 के लिए समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य प्रो. कमल कुमार ने की व केंद्रीय छात्र परिषद को पद एवं गोपनीयता की शपथ भी दिलाई। प्रधान पद में सुजल, उपप्रधान पद में नैंसी चौहान, महासचिव में रिया, तथा सहसचिव पद में नितिका को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कक्षा प्रतिनिधियों में नेहा, इशिका, पारुल, शिवांगी, शिवानी, शुभम, साहिल, एकता, उदय, दिव्यांश को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना से अनामिका और सुजल रेड रिबन क्लब से अंकिता और लविश, ईको क्लब से शगुन और नितिन, रोड सेफ्टी क्लब से शिवांग और सलोनी, रोवन रेंजर से विकास तथा साइना, खेल क्लब में पलक और रितिक और सांस्कृतिक क्लब में ईशा और तनु एंटी ड्रग एब्यूज क्लब में साहिल और सुमित को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। संयोजक प्रो. रवि पालसरा ने मनोनीत सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं।

### केंद्रीय मदद के बावजूद सुक्खू सरकार कर रही गलत बयानबाजी

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता राकेश शर्मा ने जारी एक बयान में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी द्वारा लगातार हिमाचल की सरकार हर प्रकार से सहायता प्रदान की जा रही है, लेकिन उसके बावजूद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू केंद्र के खिलाफ शर्मनाम बयानबाजी कर प्रदेश की जनता को गुमराह कर रहे हैं। राकेश शर्मा ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनते ही हिमाचल को विशेष राज्य का दर्जा दिया गया। मौजूदा समय में केंद्र की तरफ से 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रौजेक्ट हिमाचल में चल रहे हैं। हिमाचल की आबादी के हिसाब से देखा जाए तो हर 70वें हिमाचली को यह आवास मिले हैं। आपदा के दौरान करीब 2000 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता मिली है। नेशनल हाईवे से लेकर पुलों के निर्माण के कार्य में भी केंद्र सरकार ने सहयोग दिया है।

### सुलह स्कूल में मनाया विश्व हृदय दिवस

**पालमपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग कांगड़ा द्वारा जिला स्तरीय विश्व हृदय दिवस मंगलवार को हेल्थ ब्लाक भवारना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सुलह में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी के सौजन्य से मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता बीएमओ भवारना डॉ. नवीन द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि विश्व हृदय दिवस के आयोजन का उद्देश्य लोगों को हृदय रोग के लक्षणों के बारे में शिक्षित करना है। डॉ. नवीन ने कहा कि हृदय मानव शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में से एक है, इसके खराब होने से मृत्यु भी हो सकती है, इसलिए हर किसी के लिए हृदय स्वास्थ्य का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। डॉ. नवीन ने वर्ष 2024 के थीम 'कार्रवाई के लिए हृदय का उपयोग करें' के बारे भी जानकारी देते हुए कहा कि यह थीम जागरूकता से लेकर स्पष्ट उद्देश्य और लक्ष्य के साथ सशक्तीकरण की ओर बदलाव को उजागर करती है।

## शिकायतकर्ता को 64136 रुपए दे कंपनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

आचार संहिता होने के कारण फिटनेस सर्टिफिकेट न बन पाने का खामियाजा वाहन मालिक को उठाने पड़ने के एक मामले में उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग ने कंपनी को क्लेम देने के आदेश दिए हैं। शिकायतकर्ता अंशुल शर्मा निवासी खुंडिया ने वाहन संख्या एचपी - 01डी 7242 के लिए 18 अक्तूबर, 2022 को रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कम्पनी से एक बीमा पॉलिसी खरीदी थी। शिकायतकर्ता ने 3 नवंबर 2022 को आरटीओ विभाग से फिटनेस प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया और उसी दिन इसके लिए अपेक्षित शुल्क का भुगतान भी जमा कर दिया। हालांकि, विभाग के अधिकारियों ने शिकायतकर्ता को आचार संहिता समाप्त होने तक इंतजार करने को कहा क्योंकि 14 अक्तूबर, 2022 को शुरू हुई आचार संहिता के कारण सभी आधिकारिक कार्यवाही स्थगित कर दी गई थी और शिकायतकर्ता को चुनावों के बाद ही उनकी सूचना पर फिटनेस प्रमाण पत्र सौंपा जा सकता था। इसके बाद शिकायतकर्ता की 15 नवंबर 2022 को एक दुर्घटना हुई और उक्त वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और वाहन की मरम्मत के लिए कुल 94,944 रुपए का शुल्क लिया गया। शिकायतकर्ता ने बीमा पॉलिसी के अनुसार राशि की प्रतिपूर्ति के लिए बीमा कंपनी को संपर्क किया, लेकिन आवश्यक दस्तावेजों में फिटनेस प्रमाण पत्र की कमी बताकर दावा अस्वीकार कर दिया गया। मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग ने माना कि पॉलिसी के दौरान वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। शिकायतकर्ता ने फिटनेस प्रमाण पत्र की समाप्ति के तुरंत बाद आवश्यक शुल्क जमा कर दिया था और दुर्घटना की तिथि पर वाहन के पास पंजीकरण प्रमाण पत्र, बीमा प्रमाण पत्र, टैक्स कार्ड, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र, परमिट जैसे सभी आवश्यक प्रमाण पत्र थे। हेमांशु मिश्रा तथा नारायण सिंह व आरती सूद की खंडपीठ ने बीमा कंपनी को आदेश दिया कि शिकायतकर्ता को 6 प्रतिशत ब्याज समेत 64136 रुपए प्रदान करें।

### बलभाल कृषि सभा का चुनाव 5 दिसंबर को

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** दि बलभाल कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित के प्रबंधक कमेटी का चुनाव 5 दिसंबर को होगा। सभा सचिव रजनीश कुमार ने बताया कि नामांकन पत्र 20 नवंबर को प्रातः 11 से 3 बजे तक भरे जाएंगे। 25 नवंबर को प्रातः 11 से 3 बजे तक नामांकन पत्रों की वापसी होगी। उसके बाद चुनाव चिन्ह का आवंटन भी होगा। सभा सचिव ने बताया कि 5 दिसंबर को 10 बजे से 3 बजे तक वोट डाले जाएंगे। उसके बाद तुरंत परिणाम की घोषणा होगी।

## टांडा कॉलेज में हुआ ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



टांडा कॉलेज एवं अस्पताल में वर्ष 2024 बैच के नए प्रवेशित छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम शोभा सिंह ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। छात्रों ने अपने माता-पिता के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया, जिसकी अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य प्रो. डॉ. मिलाप शर्मा ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई, जिसमें ज्ञान की देवी का आह्वान किया गया। प्राचार्य, अतिरिक्त निदेशक प्रशासन (मेजर) अवनिंदर कुमार और अन्य संकाय सदस्यों ने विभिन्न विषयों पर छात्रों को संबोधित किया। इन संबोधनों का उद्देश्य छात्रों को संस्थान के नियमों, विनियमों और नीतियों से परिचित कराना और उनके डॉ. आरपीजीएमसी टांडा में समय के लिए अपेक्षाएं निर्धारित करना था। कार्यक्रम के दौरान व्हाइट कोट समारोह और शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया गया। छात्रों को कई महत्वपूर्ण विषयों के बारे में जागरूक किया गया, जिसमें संस्थान के नियम और विनियम का छात्रों को उनके समय के दौरान पालन करने वाले आचार संहिता के बारे में अवगत कराया गया। छात्रावास नियम परिसर में रहने वाले छात्रों के लिए छात्रावास से संबंधित विशिष्ट दिशानिर्देशों की व्याख्या की गई।

## आपदा प्रबंधन में राज्य स्तर पर सराहे कांगड़ा के प्रयास : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कांगड़ा जिला को आपदा तैयारी और प्रतिक्रिया हेतु स्वयंसेवियों की टास्क फोर्स तैयार करने के प्रयासों को सराहा तथा अंतरराष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस पर पुरस्कृत भी किया गया है। यह जानकारी देते हुए पूरे उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि पूरे राज्य में आपदा प्रबंधन के लिए सबसे ज्यादा स्वयंसेवियों को प्रशिक्षित करने के लिए जिला कांगड़ा को पहला पुरस्कार मिला है।

उन्होंने बताया कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने अभी तक 9500 स्वयंसेवियों को आपदा प्रबंधन के विभिन्न विषयों को लेकर प्रशिक्षित किया गया है। आपदा प्रबंधन में आम जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कांगड़ा जिला में क्षमता निर्माण पर विशेष फोक्स किया गया है ताकि आपदा के दौरान स्थानीय स्तर पर ही राहत और बचाव का कार्य तत्परता के साथ आरंभ हो सके। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान स्थानीय स्तर पर स्वयंसेवियों की अहम भूमिका रहती है। आपदा के दौरान प्रभावितों की निकासी तथा प्राथमिक उपचार में स्वयंसेवियों की मदद ली जा सकती है इसके चलते ही प्रत्येक पंचायत में आपदा मित्र तथा स्वयंसेवियों को तैयार किया जा रहा है।

**संबोधन** प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष ने वाल्मीकि सभा नगरोटा को विकास कार्यों के लिए दिए 30 लाख

# वाल्मीकि की रामायण देती है सामाजिक एकात्मता की प्रेरणा : बाली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

महर्षि वाल्मीकि के प्रकटोत्सव के अवसर पर जिला कांगड़ा वाल्मीकि सभा द्वारा नगरोटा में आयोजित कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने महर्षि वाल्मिकी के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके धर्म और समाज के प्रति योगदान को नमन किया।

बाली ने कहा कि आज प्रत्येक व्यक्ति को महर्षि वाल्मीकि द्वारा दिए गए विचारों पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण पूरे संसार को हमेशा प्रेरणा देती है। इस प्रेरणा को लेकर हम पूरे समाज को एक रख सकते हैं। उन्होंने कहा महर्षि वाल्मीकि द्वारा लिखी रामायण में भगवान राम का जीवन पूरे संसार को मुश्किलों की परवाह न करते हुए सत्य के पथ पर चलते हुए विजय प्राप्त करना सीखाता है।

बाली ने वाल्मीकि सभा नगरोटा में हॉल के निर्माण के लिए 20 लाख और पार्क बनाने हेतु 10 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने वाल्मीकि सभा द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा में भी शिरकत की। यहां पहुंचने पर उनका वाल्मीकि सभा के सदस्यों ने पुष्प देकर स्वागत किया। जिला वाल्मीकि सभा के सदस्यों ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वाल्मीकि सभा के जिलाध्यक्ष महेंद्र पाल और सुखदेव विश्व प्रेमी ने मुख्यअतिथि को जिला वाल्मीकि सभा द्वारा किए जा रहे लोक कार्यों के बारे में बताया और अपनी समस्याओं से भी उन्होंने अवगत करवाया। उन्होंने वाल्मीकि सभा की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। बाली ने अपने संबोधन में वाल्मीकि सभा जिला कमेटी को जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। अपने संबोधन दौरान उन्होंने महर्षि वाल्मीकि द्वारा मानव जाति के उत्थान के लिए किए गए कार्यों का वर्णन किया। इसके बाद उन्होंने नगरोटा में जनसमस्याओं को सुनते हुए अधिकतम का मौके पर निपटारा किया तथा शेष के समयबद्ध निवारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।



कार्यक्रम में मुख्यातिथि सहित एसडीएम नगरोटा मुनीष शर्मा, जिला वाल्मीकि सभा जिला कांगड़ा अध्यक्ष महेंद्र पाल, पूर्व महापौर पालमपुर एवं महिला अध्यक्ष पूनम बाली, प्रदेश महासचिव दीपक लहोरवी, वाल्मीकि सभा कांगड़ा संयोजक बुद्ध नाथ, सभापति चरणजीत, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार, युवा अध्यक्ष भानु वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय महासचिव सतपाल, कोर कमेटी से कमल, राज, अशोक, अश्विनी जिला की स्थानीय सभाओं के समस्त प्रधान उप प्रधान और लोग मौजूद रहे।

### आईटीबीपी सब इंस्पेक्टर की हार्ट अटैक से मौत

**घुमारवीं।** आईटीबीपी में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात घुमारवीं उपमंडल के गांव मसौर निवासी रमेल सिंह मेहता की ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुकने से मौत हो गई। जवान की मौत की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। बताते चलें कि रमेल सिंह इन दिनों अरुणाचल में अपनी सेवाएं दे रहे थे। वे अपने पीछे पत्नी एक बेटा व दो बेटियां छोड़ गए। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है तथा छोटी बेटी व बेटा अभी अपनी पढ़ाई पूरी कर रहे हैं। ग्राम पंचायत प्रधान ज्योति प्रकाश ने बताया कि रमेल सिंह बेहद मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। बुधवार तक उनके पार्थिव शरीर के पहुंचने की उम्मीद है। उनके पैतृक गांव मसौर में ही उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

**दी सदूं सानी को-ऑपरेटिव कृषि सहकारी सेवा सभा लि.**
सदूं बरग्रां, तहसील बड़ोह, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दी सदूं सानी कृषि सहकारी सेवा सभा में सचिव व चौकीदार का एक-एक पद हेतु नियुक्ति की जानी है जिसके लिए दिनांक 25 अक्तूबर 2024 तक आवेदन पत्र सायं 4 बजे तक आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन पत्र सादे कागज पर सभा के प्रधान महोदय के नाम पर लिखकर प्रस्तुत करें। 25 अक्तूबर 2024 के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। भर्ती नियम व शर्तें हेतु सभा कार्यालय पर संपर्क करें।

आदेशानुसार
प्रधान प्रबंधक सभा
दी सदूं सानी कृषि सहकारी सेवा सभा लि.
सदूं बरग्रां, तहसील बड़ोह, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)
मो. 9817225020

## न्यूज ब्रीफ

### सुलगवान में वर्षाशालिका के पास मिला मृत व्यक्ति

**अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज पंचायत के अंतर्गत जाहू के सुलगवान चौक पर 45 वर्षीय मृत व्यक्ति मिला है। स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना मिली कि यहां पर एक व्यक्ति मृत पड़ा हुआ है। जाहू पुलिस के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे तो मृतक की पहचान अमृत लाल गांव धमरोल के रूप में हुई। अमृत लाल दिहाड़ी-मजदूरी का काम करता था। पुलिस के द्वारा उसके घर वालों को सूचित करने के बाद घर के लोग भी मौके पर पहुंच गए। एसएचओ भोरंज निर्मल सिंह ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम करवाने के बाद मृतक को परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता लगेगा। पुलिस ने केस दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### आंगनबाड़ी केंद्र झनिक्कर में मनाया अन्नप्राशन संस्कार



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** आंगनबाड़ी केंद्र झनिक्कर में समुदाय आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता वार्ड सदस्य पूनम कुमारी ने की । इसमें राष्ट्रीय पोषण मिशन के अंतर्गत कृषिव चौहान पुत्र सीमा देवी व राजीव कुमार का अन्नप्राशन संस्कार किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुसुम लता द्वारा अंकुरित चने का पेस्ट बनाया, जिसे कृषिव चौहान को खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुसुम लता, सहायिका रजनी कुमारी, आशा कार्यकर्ता पूनम कुमारी, आशा फेसिलेटर रक्षा देवी, सीमा देवी व समुदाय के लोग शामिल रहे।

### 'हैप्पी क्लासरूम' के तहत कार्यशाला आयोजित



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के तत्वावधान में डीएवी पब्लिक स्कूल लझयाणी में 'हैप्पी क्लासरूम' विषय के तहत एकदिवसीय ज्ञानवर्धक क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के लिए सीबीएसई की ओर से ज्ञानसाधन (विशेषज्ञ) प्रियंका और वंदना गुलेरिया की उपस्थिति रही। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कक्षा को खुशहाल बनाने के बारे में विचारों और रणनीतियों को साझा करना था। इस कार्यशाला में डीएवी हमीरपुर, डीएवी बिलासपुर, डीएवी कांगू, डीएवी लठियानी और डायमंड इंटरनेशनल स्कूल पट्टा (हमीरपुर) के विभिन्न विषयों के शिक्षकविदों ने भाग लिया। प्रिंसिपल सुनील ठाकुर ने मुख्य विशेषज्ञों को शॉल और पौधा भेंट कर सम्मानित किया।

### महिलाओं को प्राकृतिक खेती के लिए किया प्रेरित



**अनंत ज्ञान, नादौन।** कृषि विभाग की आतमा परियोजना हमीरपुर की ओर से मंगलवार को जिलेभर में महिला किसान दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय कृषि परिवर्तन में महिला उद्यमियों की भूमिका था। विकास खंड नादौन के अंतर्गत ग्राम पंचायत धनेटा में आयोजित कार्यक्रम में बीडीसी सदस्य कंचन धीमान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस उपलक्ष्य पर मुख्य अतिथि ने उमंग ग्रुप गगाल की प्रधान रेखा चंदेल और अन्य महिला उद्यमियों को मुख्य रूप से सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं एवं उनसे प्राप्त होने वाले अनुदान के बारे में भी बताया गया। महिलाओं को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित किया गया। उधर, विकास खंड बमसन के गांव हरनेड़, विकास खंड भोरंज के गांव गरसाहड़, बिझड़ी के गांव लखोह, हमीरपुर खंड के गांव ककरू और सुजानपुर के गांव बड़ेई में भी महिला किसान दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### बाल मेले की प्रतियोगिताओं में 18 स्कूलों ने लिया भाग



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पीएम श्री शहीद कै. मृदुल शर्मा राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर में बाल मेले का आयोजन किया गया। इस बाल मेले में हमीरपुर कलस्टर के 18 स्कूलों के लगभग 220 विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में बाल स्कूल हमीरपुर के छात्र अंकित राज ने प्रथम स्थान, समूह गान मे राजकीय उच्च विद्यालय नालांगर के छात्र ने प्रथम स्थान, एकल नृत्य में राजकीय उच्च विद्यालय ख्याह की धृति ने प्रथम स्थान, एकल गान में सीनियर सेकेंडरी स्कूल झगड़ियाणी की छात्रा अराध्या ने प्रथम स्थान, विज्ञान प्रोजेक्ट प्रदर्शनी में सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र ने प्रथम स्थान, टीएलएम में सीनियर सेकेंडरी स्कूल झगड़ियानी ने प्रथम स्थान, फन गेम में बाल स्कूल हमीरपुर ने प्रथम स्थान, बैलून, मॉडलिंग में बाल स्कूल हमीरपुर प्रथम, थ्री लैग रेस में बाल स्कूल हमीरपुर प्रथम स्थान, जलेबी रेस में राजकीय उच्च पाठशाला बारी ने प्रथम स्थान तथा प्रश्नोतरी में सीनियर सेकेंडरी स्कूल झगड़ियानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मुश्ताक मुहम्मद ने बताया कि कलस्टर लेवल बाल मेला में विजेता छात्र ब्लॉक लेबल के लिए चयनित किए जाएंगे।

### राजकुमारी लाडली फाउंडेशन जिले की ब्रांड एंबेस्डर नियुक्त



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** लाडली फाउंडेशन के राज्य महासचिव बीए शाह ने राज्य अध्यक्ष शालू अख्तर की सहमति से मिसेज हिमाचल फाइनलिस्ट 2015, मिसेज काइंडनेस ऑफ इंडिया (हिमाचल प्रदेश) क्राउन विजेता 2018, वीमेन ऑफ द मिलेनियम 2018 पुरस्कार विजेता, इंटरनेशनल प्राइड वीमेन अवार्ड 2020 से सम्मानित राजकुमारी को लाडली फाउंडेशन हमीरपुर का जिला ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। जिला हमीरपुर के भोटा की निवासी राजकुमारी कई वर्षों से सामाजिक कुरीतियों को जड़ से उखाड़ने के लिए हमेशा कटिबद्ध रही हैं। वर्तमान में राजकुमारी सिविल हॉस्पिटल बड़सर में बतौर सीनियर नर्सिंग ऑफिसर भी सेवाएं दे रही हैं। लाडली फाउंडेशन जिला हमीरपुर की ब्रांड एंबेसडर राजकुमारी का कहना है कि भविष्य में उनका यही उद्देश्य है कि कहीं भी कोई सामाजिक विसंगती न हो। कोई भी गरीब भूखा न सोए और कमजोर वर्ग को न्याय मिले।

### खुले स्थान पर ही लगाएं पटाखों की दुकानें : राजेंद्र

**एसके ठाकुर, बड़सर।** मंगलवार को उपमंडल अधिकारी राजेंद्र कुमार गौतम ने दीपावली के दौरान आग से बचाव एवं पटाखे की बिक्री के बारे में उपमंडल के पुलिस अधिकारियों पंचायत प्रतिनिधियों एवं व्यापार मंडल के साथ एक अहम बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य दीपावली के दौरान बाजारों में लोग खरीददारी के लिए आते हैं, जिसके चलते बाजार में भीड़ बढ़ जाती है। इसी को देखते हुए बड़सर प्रशासन सख्त हो गया है। उपमंडल अधिकारी ने कहा कि प्रशासन द्वारा चिन्हित खुले स्थानों पर ही पटाखे की अपनी स्टॉल लगाएंगे, अगर कोई दुकानदार अपनी व्यक्तिगत दुकान में पटाखे रखेगा , कोई दुर्घटना हुई तो प्रशासन द्वारा उसके खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### कछुआ गति से चल रहा स्लैब कार्य, लोग परेशान



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** इसे लोक निर्माण विभाग की नजर अंदाजगी का नाम दिया जाए या फिर विभाग द्वारा जिस ठेकेदार को यह कार्य अलॉट किया गया है, उस ठेकेदार की अपने उक्त कार्य को करने में मनमानी माना जाए। इसके चलते स्थानीय लोगों को एवं पशुपालन विभाग के कर्मचारियों को अपने कार्यलय में आने-जाने में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह आलम वर्तमान समय में उपमंडल नादौन के रैल में बन रहे पीएचसी भवन एवं पशु चिकित्सालय रैल को जाने वाले रास्ते का है, वहां ठेकेदार ने पानी की निकासी के लिए नाली का निर्माण तो कर दिया है, लेकिन उस नाली पर जो गाड़ियों एवं लोगों को आने जाने के लिए स्लैब डालना है, उसका निर्माण कार्य लगभग 6 महीनों से बंद पड़ा हुआ हुआ हैं। स्थानीय लोगों एवम पशुपालन विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि इस बारे में उन्होंने इस कार्य को कर रहे ठेकेदार से भी नाली पर अतिशीघ्र स्लैब डालने का आग्रह किया लेकिन उसके बाबजूद फिर भी इस समस्या का आज दिन तक हल नहीं हो पाया है। इस संबंधी लोक निर्माण विभाग के एसडीओ पंकज कौशल ने बताया कि जिस ठेकेदार को यह कार्य अलॉट किया गया है, उसे विभाग ने इस कार्य को अतिशीघ्र करने का नोटिस भेजा है, उसके बाद भी यदि उक्त ठेकेदार कार्य नहीं करता हैं तो इस कार्य क्रो किसी दूसरे ठेकेदार क्रो अलॉट कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालय छात्रा वर्ग की वॉलीबाल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर बोले विधायक

# भोरंज कॉलेज में दूर होगी स्टाफ की कमी छात्रों के लिए चलेगी मुद्रिका बस : सुरेश

**यशवंत सिंह, भोरंज**



महाविद्यालय में पहुंचने पर विधायक को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. विजय ठाकुर।

राजकीय महाविद्यालय भोरंज में तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालय छात्रा वर्ग की वॉलीबाल खेल प्रतियोगिता मंगलवार को शुरू हुई। इसमें हिमाचल प्रदेश के 30 कॉलजों के करीब 400 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित करके भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ खेलकूद प्रतियोगिताएं जरूरी हैं। आज प्रतिभावान छात्र खिलाड़ी बनकर अपने करियर को उज्वल बनाकर खेल कोटे से नौकरी हासिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों के लिए तीन प्रतिशत कोटा सरकारी नौकरी के लिए निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों की डाइट मनी को 100 से बढ़ा कर 250 रुपए किया है। इसके अलावा राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को ट्रेन में एसी क्लास वन की सुविधा देने की घोषणा की है। यही नहीं प्रदेश सरकार अंतरराष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर 5 करोड़, रजत पदक विजेता को 3 करोड़ व कांस्य पदक विजेता को 1 करोड़ रुपए का पुरस्कार भी देगी।

विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि महाविद्यालय की समस्त मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। उन्होंने भोरंज महाविद्यालय के छात्रों की सुविधा के लिए मुद्रिका बस लगाने तथा जल्द स्टॉफ की कमी को पूरा करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा महाविद्यालय में प्राथमिकता के आधार पर स्टेडियम का निर्माण करने की बात कही। इससे पहले महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विजय ठाकुर ने विधायक सुरेश कुमार को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा महाविद्यालय में पीजी की कक्षाएं शुरू करने का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पूर्व बीडीसी चेयरमैन तेजनाथ ने 5100 रुपए, संजय कानूनगो महासचिव एचजीसीटीए ने 2100 रुपए छात्रों के लिए दिए। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता तेजनाथ, डॉ. दीप चंद, राकेश गोल्डी, रिकूं जरियाल, विजय डोगरा, तरुण बन्याल, विनोद डोगरा, राजेश राणा, विनोद खरवाड, पीटीए प्रधान विनोद कुमार, भोरंज महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता शर्मा व अन्य उपस्थित रहे।

राजकीय महाविद्यालय भोरंज में शुरू हुई अंतर महाविद्यालय बॉलीवाल प्रतियोगिता में पहले दिन बंजार के खिलाड़ियों ने दौलतपुर को हराकर प्रथम जीत दर्ज की। इसी तरह दूसरे मैच में राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर मंडी के खिलाड़ियों ने अच्छे खेल की बदौलत झंडूता को हराकर जीत हासिल की।

### जिला भाजपा ने अनुराग को आईपीयू की स्टैंडिंग कमेटी के निर्विरोध सदस्य चुने जाने पर दी बधाई

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, महामंत्री राकेश ठाकुर, अजय रिंटू, उपाध्यक्ष अभयवीर सिंह लवली, उषा बिरला, कोषाध्यक्ष तेज प्रकाश चोपड़ा, मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने कहा किपूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पांचवीं बार हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर 12 से 18 अक्तूबर तक (इंटर पार्लियामेंट्री यूनियन) की विभिन्न बैठकों में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए स्विट्जरलैंड के जेनेवा की यात्रा पर हैं।

जिला भाजपा पदाधिकारी ने कहा कि आईपीओ दुनिया के विभिन्न देशों के सांसदों का वैश्विक संगठन है, जिसका प्राथमिक उद्देश्य अपने सदस्यों के बीच लोकतांत्रिक शासन व अंतरराष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सांसदों के बीच मित्रता, समझ और सहयोग स्थापित करके मंत्रियों राजदूतों और अन्य राज्यों के अधिकारियों द्वारा अंतर सरकारी स्तर पर संचालित अंतरराष्ट्रीय संबंधों को पूरक बनाना है। जिला भाजपा पदाधिकारियों ने कहा यह हमीरपुर के लिए बड़ी गर्व की बात है की अनुराग ठाकुर चाहे प्रदेश हित की बात हो या यह देश हित की बात हो, वह विश्व पटल पर हमेशा एक प्रतिनिधित्व के तौर पर उठाते रहते हैं।

जिला भाजपा ने कहा कि जनेवा में हो रही बैठक में जिसमें आईपीयू की स्टैंडिंग कमेटी आफ यूएन अफेयर्स की खाली पड़ी सीट को भरने के सदस्य के नाम की चर्चा हुई। बैठक में पूर्व मंत्री अनुराग ठाकुर का नाम सभापति ने लिया जिसमें सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जताई। इस तरह अनुराग ठाकुर आईपीयू की इस स्टैंडिंग कमेटी के स्थायी सदस्य नियुक्त किए गए, जिसे पूरे हमीरपुर में खुशी का माहौल है। जिला भाजपा ने कहा कि अनुराग ठाकुर हमेशा विश्व पटल पर भी देश का नाम रोशन करते आए हैं। उन्होंने अनुराग ठाकुर को इसकी बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

### अणु में 16-17 को आधार लिंक करवाएं बिजली उपभोक्ता

**हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के सहायक अभियंता ने हीरानगर, कृष्णानगर, श्याम नगर, गोपाल नगर, अणु चौक, ककरू, सियूहणी, खासग्रां नगर के सभी घरेलू बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे 16 और 17 अक्तूबर को कनिष्ठ अभियंता कार्यालय अणु में अपनी आईडी को आधार नंबर से लिंक करवा दें।

## प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि दूसरे के खाते में डालने की डीसी से शिकायत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

ग्राम पंचायत नेरी के खग्गल गांव के कमलजीत पुत्र स्व. नानकू राम ने मंगलवार को उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह से मिलकर प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि दूसरे के खाते में डालने की शिकायत की है। कमल जीत ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाने के लिए जो राशि आई थी, जिसके लिए संबंधित दस्तावेज खंड विकास अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में जमा करवा दिए थे।



इसके पंचायत प्रधान विपिन कुमार और सचिव महेंद्र सिंह ने मुझे फोन के माध्यम से सूचित किया था कि मकान बनाने के लिए राशि आ गई और अपने घर का काम शुरू कर दो, आपके खाते में पहली किस्त जारी कर देंगे। उन्होंने बताया कि मैने उधार कर सीमेंट, सरिया और अन्य मकान बनाने की सामान खरीद लिया और जेसीबी लगाकर जमीन पर खुदाई भी करवा दी, जिसका खर्च लगभग एक लाख रुपए आया। जब मैंने कुछ समय के बाद प्रधान और सचिव को फोन कर पूछा कि मेरी किस्त अभी नहीं आई है तो प्रधान और सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाने की राशि दूसरे व्यक्ति के खाते में चली गई है।

उन्होंने प्रधान और सचिव पर आरोप लगाया कि उन्होंने मुझे गुमराह किया है, जिसकी वजह से मेरे ऊपर कर्ज हो गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच की जाए। पंचायत प्रधान विपिन कुमार ने बताया कि सर्वे के अनुसार इसी गांव के कमलजीत पुत्र नानकू राम को यह राशि मिली है। उन्होंने बताया कि एक गांव एक ही नाम के दो व्यक्ति होने की वजह से गलती लगी है।

### 19-20 को हमीरपुर प्रवास पर रहेंगे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 19 और 20 अक्तूबर को जिला हमीरपुर के प्रवास पर रहेंगे। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री 19 अक्तूबर को कुल्लू के अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के समापन के बाद दोपहर बाद लगभग सवा एक बजे एनआईटी हमीरपुर के हेलिपैड पर उतरने के बाद सर्कट हाउस पहुंचेंगे। दोपहर बाद लगभग ढाई बजे हमीरपुर के बस स्टैंड पर रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कालेज हमीरपुर में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

सीएम का रात्रि ठहराव सर्कट हाउस हमीरपुर में होगा। 20 अक्तूबर को सुबह साढ़े दस बजे मुख्यमंत्री पक्का भरो में नगर परिषद हमीरपुर के स्ट्रीट फूड हब और अन्य विकास कार्यों के शिलान्यास करेंगे। करीब सवा ग्यारह बजे वह जोल सप्पड़ में डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज के सभागार और प्रधानाचार्य आवास की आधारशिला रखेंगे तथा उसके बाद ग्राम पंचायत पुतड़ियाल के गांव बैरू में एक कार्यक्रम में भाग लेंगे और जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। दोपहर बाद वह करीब ढाई बजे आईटीआई रैल के हेलिपैड से शिमला लौट जाएंगे। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के दौरे के लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### अनंत ज्ञान' के हमीरपुर जिले के ब्यूरो चीफ विक्रम ढटवालिया की माता के निधन पर शोक जताया

**अनंत ज्ञान, नादौन।** अनंत ज्ञान' के हमीरपुर जिले के ब्यूरो चीफ विक्रम ढटवालिया की माता ज्ञानो देवी के निधन पर पत्रकार संघ नादौन ने शोक प्रकट किया है। संघ के प्रधान बीसी सोनल, वरिष्ठ उपप्रधान राज कुमार जैन, संजीव बॉबी, अशोक शर्मा, संजीव कश्यप, हेमंत राणा, संदीप विज, राजेश शर्मा, अनुज नंदा, मुकेष कुमार, संजय शर्मा, दिलवाग सिंह ठाकुर, सतीश कुमार, पुष्पेन्द्र सिंह राणा, देशराज, राजन शर्मा, अनुपम शर्मा, सुनीता देवी, शशि सोनल, संजय आहलुवालिया, हरदेव सिंह, सुनील कुमार, कुसुम, तरसेम लाल, गोल्डी व सुरेश कुमार आदि ने शोक प्रकट करते हुए भगवान से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की है तथा शोकग्रस्त परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं।

### नड्डा के बयान पर पूर्व विधायक का पलटवार कहा-हरियाणा में भाजपा का खिसका जनाधार



**रवि ठाकुर, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर कांग्रेस की पूर्व विधायक अनीता वर्मा ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के बयान पर पलटवार किया है। जेपी नड्डा ने बीते दिन बयान दिया था कि हरियाणा में हार के चलते कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे और कांग्रेस सदमे में है। इस बयान को लेकर पूर्व विधायक अनीता वर्मा ने कहा कि हरियाणा में बेशक कांग्रेस की हार हुई है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य में जन आधार लोकसभा चुनाव में खिसका है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को कांग्रेस पार्टी की चिंता करने के बजाए अपने खिसकते जनाधार पर मंथन करना होगा। वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले जब अपने विधानसभा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े थे, तो उन्होंने 8 लाख मतों से जीत हासिल की थी, लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री केवल डेढ़ लाख मतों से ही जीत हासिल कर पाए हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में भाजपा का जनाधार काम हुआ है। अनीता वर्मा ने कहा कि भाजपा की जयराम सरकार ने हिमाचल की अर्थव्यवस्था को फर्श पर छोड़ा था। उन्होंने कहा कि आपदा का जो प्रदेश के लिए पैसा केंद्र सरकार द्वारा दिया जाता था, उस तरह से कांग्रेस सरकार को पैसा नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को प्रदेश की सरकार द्वारा समय पर वेतन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिवाली पर्व के चलते मुख्यमंत्री ने 28 अक्तूबर को ही वेतन देने की घोषणा की ह ताकि कर्मचारी दिवाली पर्व धूमधाम से मना सकें।

### सदर थाना हमीरपुर में दर्ज हुए तीन आपराधिक मामले

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सदर थाना हमीरपुर मे अलग-अलग तीन शिकायतों पर मामले दर्ज हुए हैं। पहले मामले मे बांका राम पुत्र कांगड़ू दौसड़का ने पुलिस को शिकायत देते हुए रोशन लाल व विजय कुमार के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया है, वहीं, इसी मामले मे दूसरे पक्ष ने भी सदर थाना हमीरपुर में शिकायत देते हुए मामला दर्ज करवाया है।

दूसरे मामले मे रोशन लाल ने बांका राम व सुनील शर्मा निवासी सरसवाहल के खिलाफ पुलिस मे शिकायत पंजीकृत करवाई है! जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है।

वहीं, एक अन्य मामले मे शुभम शर्मा पुत्र नेक राम शर्मा निवासी डुंगली ने पुलिस मे अज्ञात लोगों क्र खिलाफ मामला दर्ज करवाया है! शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि तीनों ही शिकयतों पर कार्रवाई की जा रही है।

### पांच गांवों में स्वीकृत 167 में से 129 कार्य नहीं हुए पूरे

## डीसी ने आदर्श ग्राम योजना के कार्यों को अतिशीघ्र पूरा करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



जिला स्तरीय अभिसरण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त अमरजीत सिंह।

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत मंजूर किए गए सभी विकास कार्यों को अतिशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को इस योजना की जिला स्तरीय अभिसरण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अमरजीत सिंह ने कहा कि खंड विकास अधिकारी और तहसील कल्याण अधिकारी इन कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा करें तथा संबंधित पंचायत सचिवों और प्रधानों के साथ समन्वय स्थापित करें। उपायुक्त ने कहा कि वर्ष 2022-23 में हमीरपुर जिले के 5 गांवों दरोगण, दड़ूही, धीरड़, महारल और मालग को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में शामिल किया गया था और इन गांवों के लिए ग्राम विकास योजनाएं तैयार की गई थीं।

इन गांवों के लिए कुल 167 विकास कार्य मंजूर किए गए हैं और इनमें से 38 कार्य पूरे कर लिए गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि अगर किसी कार्य को लेकर कोई विवाद है या कोई अन्य अड़चन आ रही है या फिर वह कार्य संभव ही नहीं हो पा रहा है तो उसकी जगह अन्य कार्य का प्रस्ताव तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित पंचायतें इन कार्यों में कनवर्जेंस का विशेष ध्यान रखें।

कार्य पूर्ण होते ही उसकी ऑनलाइन रिपोर्टिंग एवं अपलोडिंग भी तुरंत करें। उपायुक्त ने कहा कि पिछली बार जिला हमीरपुर ने इस योजना के क्रियान्वयन में पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया था। इस स्थान को बरकरार रखने के लिए सभी अधिकारी और पंचायत जनप्रतिनिधि तत्परता के साथ कार्य करें। बैठक में कार्यकारी जिला कल्याण अधिकारी बलदेव सिंह चंदेल ने विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

### 4 दिव्यांगों के लिए कानूनी संरक्षकों की नियुक्ति को दी मंजूरी

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 के अंतर्गत स्थानीय समिति की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता भी की। बैठक के दौरान समिति ने विकलांगताओं के शिकार 4 व्यक्तियों के लिए कानूनी संरक्षकों की नियुक्ति को मंजूरी प्रदान की। उपायुक्त ने बताया कि इस तरह की विकलांगताओं के शिकार 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों के माता-पिता स्वाभाविक रूप से ही उनके संरक्षक होते हैं, लेकिन 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद ऐसे लोगों के लिए कानूनी संरक्षकों की नियुक्ति आवश्यक होती है, ताकि ये अधिकृत संरक्षक दिव्यांगजनों की ओर से सभी आवश्यक औपचारिकताएं को पूर्ण कर सकें।

### हिंदू एकता संघ के मेहंदी उत्सव में स्थानीय लोगों से मेहंदी लगाने का आह्वान



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिंदू एकता संघ के द्वारा गांधी चौक पर मेहंदी उत्सव का आयोजित किया जा रहा है। यह उत्सव 16 से 19 अक्तूबर तक चलेगा। मेहंदी उत्सव का शुभारंभ मंगलवार को विधायक आशीष शर्मा की धर्मपत्नी स्वाति शर्मा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं, इस अवसर पर काफी संख्या में हमीरपुर शहर के विभिन्न बुटीक और पार्लरों की वर्कर भी मौजूद थे। स्वाति शर्मा नेगी ने उपस्थित महिलाओं और लड़कियों से आह्वान किया कि वह त्योहारों के मोके पर स्थानीय लोगों को काम देने का अवसर प्रदान करें और करवा चौथ पर भी अपनी स्थानीय मेहंदी लगाने वाली बहनो के पास ही मेहंदी लगाएं। वहीं,स्वाति जार ने कहा कि हिंदू जागरण मंच द्वारा या बहुत ही अच्छी पहल है। उन्होंने सभी से निवेदन किया कि सभी हमीरपुर आकर बच्चों से मेहंदी लगाकर अपना करवाचौथ मनाएं । इस दौरान महिलाओं को उन्होंने करवाचौथ की बधाई दी।

### लावारिस अवस्था में मिले बच्चे को बाल आश्रम में भेजा, अभिभावकों को दिया 60 दिन का समय



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ऊना में एक लड़का लावारिस अवस्था में मिला था। इस बच्चे के मां-बाप या अन्य अभिभावकों के बारे में कोई भी जानकारी न मिलने पर जिला बाल कल्याण समिति ऊना ने इसे पुलिस की मदद से सुजानपुर के बाल आश्रम में भेज दिया है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी तिलक राज आचार्य ने बताया कि 8 सितंबर को चाइल्ड लाइन संस्था की ऊना इकाई को ऊना में एक लड़का लावारिस अवस्था में मिला, जिसे सुजानपुर के बाल आश्रम में भेज दिया है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी तिलक राज आचार्य ने बताया कि परामर्श के दौरान इस बालक ने अपना नाम प्रेम शंकर बताया है। इसकी उम्र लगभग 16 साल है। यह बालक पंजाबी भाषा की जानकारी रखता है। उन्होंने बताया कि अगर इस बालक के जैविक माता-पिता या अन्य अभिभावक उसे घर ले जाना चाहते हैं तो वे 60 दिन के भीतर अपनी पहचान स्वरूप दस्तावेज दिखाकर जिला बाल संरक्षण इकाई हमीरपुर के कार्यालय में या इसके दूरभाष नंबर, जिला कार्यक्रम अधिकारी हमीरपुर के कार्यालय या इसके दूरभाष नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। 60 दिन की अवधि के भीतर अगर इस बच्चे के जैविक माता-पिता या अन्य अभिभावक सामने नहीं आते हैं तो उसके बाद जिला बाल कल्याण समिति हमीरपुर इसके दत्तक ग्रहण या गोद लेने के लिए कानूनी रूप दे स्वतंत्र कर देगी।

### डुग्घा, लंबलू, टिक्कर सहित कई गांवों में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत सब स्टेशन मट्टनसिद्ध के सहायक अभियंता सुरेश शर्मा और विद्युत उपमंडल लंबलू के सहायक अभियंता ज्ञान चंद भाटिया ने बताया कि 17 अक्तूबर को विद्युत लाइनों एवं उपकरणों की आवश्यक मरम्मत के चलते गांव डुग्घा, दोसड़का के कुछ क्षेत्रों, मोहीं, बल्ह ब्राह्मणा, कठल, जमली, तरोपका, बोहणी, लंबलू, बरोहा, भीड़ा, टिक्कर के कुछ क्षेत्रों, गसोता, ब्ल्यूट, दखयोड़ा, कोहली, धरोग, चमनेड, समराला, बफड़ीं, लघवाण, कोहली, डोडरू, जोल कसीरी, कैहडरू, चौकी कनकरी, डुगली, झटवाड़, डबरेड़ा, छियोड़ी, कोहीं, हवाणी, हरनेड, थाना, पनाहर, सरलीं और आसपास के अन्य गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

**अभियान** नशीले पदार्थों के सेवन और तस्करी रोकने के लिए पुलिस का 'वार अगेंस्ट ड्रग्स' अभियान शुरू

## नशे को खत्म करना पुलिस के साथ प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य : एसपी

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



टाउन हॉल में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते एसपी।

जिले में नशीले पदार्थों के सेवन और इनकी तस्करी को रोकने तथा नशे के सौदागरों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने 'वार अगेंस्ट ड्रग्स' अभियान शुरू किया है। एसपी भगत सिंह ठाकुर ने टाउन हॉल में आयोजित एक कार्यशाला के दौरान 'वार अगेंस्ट ड्रग्स' अभियान का शुभारंभ किया।

इस कार्यशाला में पुलिस थाना हमीरपुर के अंतर्गत आने वाली 66 पंचायतों तथा नगर परिषद हमीरपुर के जनप्रतिनिधियों, स्कूलों और उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं, क्षेत्र के बुद्धिजीवियों तथा अन्य लोगों ने भाग लेकर नशा उन्मूलन का संकल्प लिया। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि नशे को पूरी तरह खत्म करने के लिए सिर्फ पुलिस ही नहीं, बल्कि जिले के प्रत्येक नागरिक का भी कर्तव्य है। इसके खात्मे के लिए सभी जिलावासी पुलिस का सहयोग करें और 'वार अगेंस्ट ड्रग्स' अभियान को एक जन आंदोलन का रूप दें। भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि इस अभियान को एक सुनियोजित ढंग से चलाया जाएगा तथा इसे जिले की प्रत्येक पंचायत के हर वार्ड तक पहुंचाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अभियान की विधिवत शुरुआत से पहले प्रारंभिक चरण में जिला पुलिस ने विभिन्न शिक्षण संस्थानों में नशा उन्मूलन से संबंधित संगोष्ठियां आयोजित की हैं और अब इसमें सभी पंचायतों एवं शहरी निकायों के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवी वर्ग को भी जोड़ा जा रहा है।

एसपी ने बताया कि इसी कड़ी में हमीरपुर जिले के सभी थानों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के लोगों के लिए कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इसकी शुरुआत हमीरपुर थाने से की जा रही है। इसी तरह अन्य थानों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में भी ये कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा नशा उन्मूलन अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसमें पंचायत जनप्रतिनिधियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रहेगी, क्योंकि उन्हें अपने इलाके की हर घटना की जानकारी होती है तथा वे नशे के सेवन या तस्करी में संलिप्त लोगों पर शिकंजा कसने में मददगार साबित हो सकते हैं।

कार्यशाला के दौरान जिला पुलिस द्वारा किए जा रहे नशा विरोधी कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा इससे संबंधित एक गीत भी दिखाया गया। एएसपी राजेश कुमार ने कार्यशाला के आयोजन में सहयोग एवं सक्रिय भागीदारी के लिए विभिन्न विभागों, शिक्षण संस्थानों और पंचायत जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन एसआई रीतू ने किया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त राकेश शर्मा, उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल, एनआईटी की रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना संतोष नानोटी, डीएसपी नितिन चौहान, डॉ. अजय अत्री और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### टैंपरेरी आपरेटर और अप्रेंटिसशिप के भरे जाएंगे 100 पद

**चंबा।** जिला रोजगार कार्यालय बालू चंबा में 22 अक्तूबर को कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि कैंपस इंटरव्यू में निजी कंपनी ब्लू स्टार लिमिटेड कलाअंब जिला सिरमौर के द्वारा टैंपरेरी आपरेटर और अप्रेंटिसशिप के 100 पद भरे जाएंगे, जिसमें मासिक वेतन 14 हजार से 19 हजार 500 रुपए रखा गया है। महिला और पुरुष दोनों इस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं, जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता आईटीआई से पास इलैक्ट्रिकल, फिटर, वेल्डर, रैफ्रिजरेशन और एयर कंडीशनर, मैकेनिस्ट प्लंबर, टर्नर, पंप आपरेटर व इलैक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन रखी गई है तथा आयु सीमा 18 से 25 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित तिथि को शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, रोजगार कार्यालय का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व बायोडाटा लेकर जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय बालू में साढ़े 10 बजे उपस्थित हो जाए।

### बागवानी मंत्री करेंगे फल उद्यान केंद्र का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी मंडी जिला के प्रवास पर आ रहे हैं। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार बागवानी मंत्री 17 अक्तूबर को दोपहर एक बजे कोटली उपमंडल के समराहन में स्थित बागवानी विभाग के फल एवं संतति उद्यान केंद्र का निरीक्षण करेंगे।

### शशि कुमार उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित




**संजीव चौहान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ, जिसका उद्घाटन प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा और विशिष्ट अतिथि रबर डॉल निधि डोगरा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार और रीता बाली ने शिविर की विस्तृत रूपरेखा से विद्यार्थियों को अवगत कराया। शिविर के शुभारंभ अवसर पर स्वयंसेवकों ने मार्चपास्ट के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें देशभक्ति गीत और नृत्य शामिल थे। हिमाचल प्रदेश की रबर डॉल के नाम से प्रसिद्ध और 6 विश्व रिकॉर्ड अपने नाम करने वाली निधि डोगरा की शानदार प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी कला ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, सृजनात्मकता, और जुनून का महत्व समझाया। निधि ने यह संदेश दिया कि जीवन में अपने जुनून को सार्थक दिशा देने से महान उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षा का सही उद्देश्य सिर्फ अंक प्राप्त करना नहीं है, बल्कि चरित्र निर्माण और मूल्य आधारित शिक्षा पर भी ध्यान देना जरूरी है और इसके लिए एनएसएस की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अंत में निधि डोगरा के कोच शशि कुमार को भी उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

### नवदीप स्कूल में बच्चों को बताए तंबाकू के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** नवदीप पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल गलोड़ में मंगलवार को स्कूली बच्चों को तंबाकू के दुष्प्रभावों वारे जागरूक किया गया स्कूल में हुए इस जागरूकता कैंप में स्कूली बच्चों को तंबाकू व अन्य मादक पदार्थों से होने वाले नुकसान के बारे में भी जागरूक किया गया।

इस जागरूकता कैंप में स्थानीय पंचायत प्रधान संजीव शर्मा ने स्कूली बच्चों से कहा कि नशे की आदतों से दूर रहने के लिए हमें खेलों की तरफ बढ़ना होगा और अपनी जीवन शैली में भी बदलाव लाने होंगे संजीव शर्मा ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नशे की ओर तीव्र गति से बढ़ रही है और इसका खामियाजा पूरे परिवार को भुगतना पड़ रहा है उन्होंने कहा कि बच्चों को नशे आदि से दूर रखने के लिए समाज के सभी वर्गों को सामूहिक प्रयास करने होंगे।

# कुगति से लाहौल तक नई सड़क परियोजना की मांग ने पकड़ा जोर

**अनंत ज्ञान, भरमौर**


कुगति गांव का दृश्य।

**अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार को सौंपा ज्ञापन**

कुगति से लाहौल तक नई सड़क परियोजना की मांग ने अब जोर पकड़ लिया है। इस मांग को लेकर कुगती गांव के निवासियों ने हिमाचल प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रधान जय बनाला माता देव सोसाइटी कुगती सुशील कुमार, प्रधान युवक मंडल कुगती बलराम, महिला मंडल प्रधान बलो देवी शामिल थे।

मनोज कुमार, सर्वांगीण विकास समिति के अध्यक्ष, पंचायत प्रधान अनु, पूर्व प्रधान ठेठी राम, अमरू, राजू, अनिल, अमित, कुलदीप, लेहरु राम, बलदेव, पार्षद जीत राम, तेजू, वकील, विपिन, भलिया राम, परमा और माछा राम भी उपस्थित थे। ओंकार शर्मा ने कुगती के निवासियों की इस महत्वपूर्ण मांग को मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश के समक्ष रखने का आश्वासन दिया है। इसके पहले, भरमौर की कई संस्थाओं ने मिलकर जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी को भी ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किए थे, जिनमें स्थानीय भरमौर निवासी, 84 मंदिर पुजारी, ब्लॉक समिति सदस्य, चौरासी व्यापार मंडल, मणिमहेश युवक मंडल, चौरासी रीवाइवल कमेटी और पूर्व सैनिक शामिल थे।

भरमौर के स्थानीय निवासी मंडी की सांसद कंगना रनौत के माध्यम से प्रधानमंत्री के लिए भी ईमेल के जरिए ज्ञापन भेज चुके हैं। भरमौर की जनता इस मुहिम के लिए एकजुट होकर काम कर रही है।

#### चंबा और लाहौल स्पीति का पर्यटन व आर्थिक विकास

**चंबा** हिमाचल प्रदेश का एक अत्यंत पिछड़ा जिला है। इस सड़क के निर्माण से यहां के निवासियों के जीवन स्तर में सुधार होगा और विकास के नए द्वार खुलेंगे।

यह सड़क चंबा, भरमौर, पांगी और लाहौल-स्पीति की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक समृद्धि को पर्यटकों के लिए अधिक सुलभ बनाएगी। इससे स्थानीय व्यवसायों और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

#### धार्मिक यात्रा में सहायक

**यह** सड़क मणिमहेश, श्रीखंड महादेव और किन्नर कैलाश यात्रा को जोड़ने में सहायक होगी। इससे धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और राज्य का आर्थिक विकास होगा। 3-5 लाख मणिमहेश यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को श्रीखंड कैलाश यात्रा और किन्नर कैलाश यात्रा करने में आसानी होगी।

#### गद्दी समुदाय को लाभ

**नया** मार्ग गद्दी समुदाय के लाखों लोगों के लिए वरदान साबित होगा। गद्दी समुदाय के लोग अपने इष्ट देवी-देवताओं की पूजा करने के लिए लाहौल स्पीति की यात्रा करते हैं। नए मार्ग से भेड़पालकों की यात्रा सुरक्षित हो जाएगी।

#### राष्ट्रीय सुरक्षा को लाभ

**यह** सड़क भारतीय सेना के लिए भी महत्वपूर्ण होगी। लेह- लद्दाख में सेना का आवागमन सुगम होगा और पठानकोट से लेह की दूरी लगभग 200 किलोमीटर कम हो जाएगी। यह वैकल्पिक मार्ग राष्ट्रीय सुरक्षा को भी मजबूत करेगा।

**नायब तहसीलदार व तहसीलदार के खाली पदों का मामला**

# समाज सेविका अंजू के समर्थन में आए कई लोग

**अनंत ज्ञान, सलूणी**

डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के उपमंडल सलूणी में नायब तहसीलदार व तहसीलदार का पद खाली होने की वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी वजह से यहां के लोग अब अनशन केने बैठ रहे हैं जिसकी शुरूआत वहां की एक समाज सेविका अंजू धीमान ने कर दी है।

अब इस क्षेत्र के बहुत से लोग उनके समर्थन में आ गए हैं। बता दें कि पिछले कई दिनों से उप मंडल सलूणी की तहसील में तहसीलदार व नायब तहसीलदार के पद खोली होने की वजह से यहां के लोगों को रेवेन्यू के काम करने में काफी दिक्कत हो रही है जिसकी वजह से उनके सारे कामकाज रुक चुके हैं। पहले तहसीलदार का पद खाली था और अब नायब तहसीलदार भी सेवानिवृत हो चुके हैं और उनके पद भी खाली हो चुका है जिसकी वजह से लोगों की दिक्कत और बढ़ गई है। अब यहां पर लोगों ने अनशन शुरू कर दिया है और उन्होंने प्रशासन को चेताया है कि जब तकइन पदों को नहीं भरा जाएगा तब तक वह इसी तरह अनशन में बैठे रहेंगे। यहां के स्थानीय प्रधान व लोगों ने बताया कि सलूणी तहसील में तहसीलदार व नायव तहसीलदार का पद खाली होने की वजह से लोगों के काम नहीं हो पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पहले भी प्रशासन को इस बारे अवगत करवाया गया था लेकिन अब यहां पर यह अनशन शुरू किया गया है और यह तब तक चलेगा जब तक इन खाली पदों को भरा नहीं जाएगा।वहीं अनशन पर बैठी समाज सेविका अंजू धीमान ने बताया कि उनके क्षेत्र के करीब 20 पंचायतों के लोगों के काम बिना तहसीलदार व नायब तहसीलदार के रुके हुए हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले उन्होंने एसडीएम सलूणी को एक मांग पत्र रखा था कि अगर एक हफ्ते के अंदर यहां इन पदों को नहीं भरा गया तो वह अनशन पर बैठेंगे तो वह यहां तहसील कार्यालय के बाहर अनशन पर बैठ चुकी है और लोग भी उनका समर्थन कर रहे हैं और तब तक वह अनशन पर बैठे रहेंगे जब तक इन रक्त पदों को नहीं भरा जाएगा।

# पेंशन एरियर का जल्द भुगतान करे सरकार: पेंशनर महासंघ

**अनंत ज्ञान, चंबा**


बैठक के दौरान मौजूद पेंशनर महासंघ के सदस्य।

भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ इकाई चंबा की मासिक बैठक का आयोजन लोक निर्माण विभाग के परिधि गृह में हुआ। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के जिला प्रधान वजीर सिंह यादव ने की। बैठक में महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. डीके सोनी भी विशेष तौर से मौजूद रहे।

बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की विभिन्न मांगों व समस्याओं पर चर्चा कर आगामी कार्ययोजना तैयार की गई।

महासंघ के जिला अध्यक्ष वजीर सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से संशोधित वेतनमान के एरियर और पेंशन के एरियर का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है।

यह भेदभाव 1 जनवरी 2016 से जनवरी 2022 की अवधि के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के साथ हुआ है। उन्होंने सरकार के समक्ष बकाया राशि का जल्द से जल्द भुगतान करने की मांग उठाई।

# 'विधान से समाधान' के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, चंबा**


महिलाओं को जागरूक करते हुए गणमान्य।

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सौजन्य से आज मैहला में पंचायत समिति के सभागार कक्ष में 'विधान से समाधान' कायर्मक्रम के अंतर्गत महिलाओं के हितार्थ कानूनी एवं लाभकारी योजनाओं के दृष्टिगत विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण संदीप सिहाग ने की।

शिविर की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने नालसा के तहत लोगों को कानून संबंधी उपलब्ध करवाई जाने वाली सुविधाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की।

उन्होंने घरेलू हिंसा अधिनियम, सूचना का अधिकार अधिनियम-2005, मौलिक अधिकार, अधिनियम,उपभोक्ता संरक्षण,सूचना का अधिकार, शिक्षा के अधिकार अधिनियम, वुमेन हेल्पलाइन नंबर व महिलाओं से जुड़े विभिन्न अधिकारों और कर्तव्य के बारे में विस्तृत रूप से बताया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता डीपी मल्होत्रा ने दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, छेडखानी, नालसा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 तथा नालसा और राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वावधान से चलाए गए कार्यक्रम 'विधान से समाधान' के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इसके अलावा अधिवक्ता काजल ने कानून से संबंधित विभिन्न पहलुओं के बारे तथा समाज शिक्षा एवं खंड योजना अधिकारी ठाकुर सिंह ने विभागीय संबंधी जानकारी उपस्थित महिलाओं को दी। शिविर में मुखिया सेविका राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन रेखा ठाकुर, प्रधान सीएलएफ दीपा शर्मा तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आशा वर्कर सहित महिला मंडलों से जुड़ी हुई महिलाएं उपस्थित रही।

# पेयजल की सप्लाई 2 दिन रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी।** जल शक्ती मंडल चुवाडी के अंतर्गत आने वाली हाथीधार, कुंजर महादेव, पातका, साहला, मुंडी व कथेट की पेयजल की सप्लाई आगामी 17 अक्तूबर व 18 अक्तूबर को बंद रहेगी।

सहायक अभियंता देवेन्द्र राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि लाहडू सिहुंता मार्ग का डबल लेन का काम चला हुआ है, जिससे इन गावों की पेयजल की पाइपलाइन कई जगहों से क्षतिग्रस्त हो गई है। जिनकी मरम्मत के लिए आगामी दो दिनों तक पेयजल की सप्लाई बाधित रहेगी। सहायक अभियंता देवंद्र राणा ने इन गावों के लोगों से अपील की है कि आगामी 17 व 18 अक्तूबर को विभाग का सहयोग करें।

# ककीरा स्कूल के 43 बच्चे राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के लिए चयनित

**बबलू पठानिया, भटियात**

राजकीय उत्कृष्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ककीरा के 43 छात्र छात्राएं राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के लिए चयनित हुए हैं।

अब यह बच्चे राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में हॉकी फुटबॉल बॉक्सिंग हैंडबॉल बास्केटबॉल एथलेटिक्स आदि प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाएंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बाद इन बच्चों का चयन राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के लिए हुआ है। अंडर 14 जिला स्तरीय टूर्नामेंट में हैंडबॉल बास्केटबॉल व फुटबॉल प्रतियोगिताओं में यहां के बच्चों ने जिला में प्रथम स्थान हासिल किया है तो वहीं जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया है।

अंडर-19 गर्ल्स टूर्नामेंट में यहां की छात्राओं ने हॉकी प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया है तो वहीं पर बास्केटबॉल में जिले भर में दूसरे स्थान पर रही हैं। 100 मीटर दौड़ में लक्ष्मी ने गोल्ड मेडल हासिल किया है तो वहीं पर रजत ने हाई जंप में पदक जीता है। 4 गुणा 100 रिले दौड़ में स्कूल ने गोल्ड मेडल जीता है। बॉक्सिंग में नेहा वह मन्नत शर्मा ने गोल्ड मेडल अर्जित किया है। अंडर-19 छात्र बैडमिंटन प्रतियोगिता में रुशेल शर्मा ने पहला स्थान हासिल किया है। फुटबॉल प्रतियोगिता में भी ककीरा स्कूल ने दूसरा स्थान जिले भर में हासिल किया है।

विद्यालय के डीपीई योगेश शर्मा ने कहा है कि उनके विद्यालय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा है कि उनके स्कूल के बच्चे अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपने जौहर दिखाएंगे और उम्मीद करते हैं कि यहां से बच्चे नेशनल के लिए जरूर सिलेक्ट होंगे।

उन्होंने कहा है कि यहां के बच्चों की इस उपलब्धि पर पूरे स्कूल को गर्व है।(अनंत ज्ञान)

**सूडोकु 0088** (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0087 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**आज का पंचांग**

16 अक्तूबर, 2024, बुधवार

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास :** आश्विन, **तिथि** चतुर्दशी : (08:43): **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपद, **पक्ष** : शुक्ल **योग** : ध्रुव (10:09) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:06 -01:32)।

**विशेष दिन**

» 16 अक्तूबर: शरद पूर्णिमा आज।

» 16 अक्तूबर : कोजागरी व्रत आज।

**मेष:** अपने स्वभाव में परिवर्तन लाना बहुत जरूरी है। कार्यस्थल पर योजना लाभप्रद रहेगी। पड़ोसियों की मदद करनी पड़ सकती है।

**वृषभ:** किसी के बहकावे में आप बहुत जल्द आ जाते हैं। समय रहते जरूरी कार्य पूरे करें। निजी जीवन में दूसरों को प्रवेश न दें। पिता के व्यवहार से मन मुटाव होगा।

**मिथुन:** आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। जीवनशैली में आये परिवर्तन से खुश होंगे। आजीविका के नए स्रोत स्थापित होंगे। पारिवारिक सौहार्द बना रहेगा।

**कर्क:** अपने हिसाब से जिन्दगी जीना पसंद है। जो लोग आप के कार्यों की सराहना करते थे, वे आप का विरोध करेंगे। भवन-भूमि के विवादों का अंत होगा।

**सिंह:** जल्दबाजी में किए फैसलों से भारी नुकसान हो सकता है। परिवार में आप की बातों को सुना जायेगा। धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता होगी।

**कन्या:** समय से पहले और भाग्य से ज्यादा किसी को नहीं मिलता। अपनी बारी का इंतजार करें। संतान के सहयोग से कार्य पूरे होंगे। वाहन सुख संभव है।

**तुला:** व्यस्तता के कारण सेहत को न भूलें। अपने जीवनसाथी से नम्रता से बात करें और आपके दोनों के वार्तालाप में स्नेह झलके न कि बनावटी बातें करें। वाणी मधुर रहे।

**वृश्चिक:** अक्खड़ व्यवहार से सभी से दूरियां बढ़ा लेंगे। पिता के साथ तालमेल न रहने से घर का वातावरण गरमा सकता है।

**धनु:** सोचे हुए कार्य समय पर होने से मन प्रसन्न रहेगा। वाक् चातुर्य से सभी काम आसानी से करवा लेंगे। कार्यस्थल पर अपनी अलग पहचान स्थापित करेंगे।

**मकर:** जो लोग दूसरे के लिए मांगते हैं, उन्हें कभी अपने लिए नहीं मांगना पड़ता है। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। किसी के बहकाने से सपने संबंध तोड़ने से बचें।

**कुंभ:** समय रहते अपने कार्य पूर्ण करें। पारिवारिक लोगों का सहयोग न मिलने से कार्य प्रभावित होंगे। घर में वास्तु अनुरूप परिवर्तन करें, तो पारिवारिक तनाव खत्म होगा।

**मीन:** जिन लोगों का सहयोग आप ने किया था, आज वे ही आप से मुंह फेर रहे हैं। बीमारी में दवाई असर नहीं करेगी। बेहतर होगा अपना डॉक्टर बदलें या किसी योग्य व्यक्ति से सलाह लें।

# छात्रों को साइबर सुरक्षा और धोखाधड़ी पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, चंबा**


जागरूकता कैंप के दौरान मौजूद विद्यार्थी।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पुलन में आज आयोजित एनएसएस शिविर के दौरान छात्रों और स्वयंसेवकों के लिए साइबर सुरक्षा पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में एमएस लर्निंग एंड स्किल डेवलपमेंट सेंटर के चेयरमैन मेद सिंह को अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया।

यह व्याख्यान ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों को साइबर सुरक्षा और साइबर धोखाधड़ी के खतरों से अवगत कराया गया। साथ ही, आईटी साक्षरता के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश जी और एनएसएस समन्वयक पवन, केशव और उषा (व्याख्याता अर्थशास्त्र) भी उपस्थित रहे।

एमएस लर्निंग एंड स्किल डेवलपमेंट सेंटर की ओर से अतिथि वक्ता श्री मेद सिंह, होस्ट विजय कुमार, तथा समन्वयक ऋषु शर्मा, राखी देवी और हर्ष चौहान ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

# स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण के लिए शुरू किया जाए विशेष अभियान: डीसी

**अनंत ज्ञान, चंबा**


अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त।

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण को लेकर सभी खंड विकास अधिकारी विशेष अभियान शुरू करें। उपायुक्त आज जिला में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्यान्वित की जा रहीं विभिन्न योजनाओं की समीक्षा को लेकर खंड विकास अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे।

मुकेश रेपसवाल ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत किए जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी खंड विकास अधिकारियों को स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण को लेकर क्रेडिट लिंकेज की सुविधा को बढ़ाने, स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की पैकेजिंग एवं बिक्री केंद्रों की संख्या को बढ़ाने के लिए अगले दो माह के दौरान विशेष अभियान शुरू करने के निर्देश दिए।

साथ में उन्होंने यह भी कहा कि विशेष अभियान के तहत सभी स्वयं सहायता समूहों, विलेज ऑर्गेनाइजेशन, क्लस्टर लेवल फेडरेशन, लखपति दीदीयों तथा लीड बैंक के माध्यम से क्रियान्वित जन सुरक्षा अभियान के लाभार्थियों को शामिल किया जाए।

उन्होंने खंड विकास अधिकारी भरमौर, तीसा, चंबा, सलूणी, मैहला को किसी उपयुक्त स्थल पर इनडोर बैडमिंटन हॉल बनाने को भी कहा।

उपायुक्त ने खंड विकास अधिकारी भरमौर को भरमाणी नाले के तहत ऊपरी क्षेत्रों में जल संचयन से संबंधित कार्यों के प्रस्ताव तैयार करने को निर्देशित किया।

# मंडी बस अड्डे पर नाली के गंदे पानी की बहार

**अनंत ज्ञान, मंडी**



यदि आप सरकारी बसों पर चंडीगढ़ की ओर से कुल्लू मनाली या मणिकरण घूमने जा रहे हों तो मंडी बस अड्डे के प्रवेश द्वार पर आपका स्वागत गंदगी व गलियों के गंदे पानी से होगा। यह बात कुछ दिनों की नहीं अपितु कई महीनों से ऐसा ही चल रहा है। हिमाचल पथ परिवहन, बस अड्डा प्रबंधन, नगर निगम और लोक निर्माण विभाग इस ओर से आंखें मूंदे हुए हैं। आलम यह है कि प्रवेश द्वार पर नाली का यह गंदा पानी पूरे बस स्टैंड में फैला हुआ है। गाड़ियों की आवाजाही से और भी ज्यादा विकराल रूप धारण कर रहा है। इससे पूरे बस अड्डे पर गंदगी ही गंदगी फैलती जा रही है।

बस स्टैंड में गंदगी का आलम पंचायत भवन का सारा गंदा पानी प्रवेश द्वार की नाली में जाम पड़ा हुआ है। इस गंदगी की वजह से दूदर, कीचड़ और मझवाड़ गांवों को जाने वाली बसें जो प्रवेश द्वार के काउंटरों पर ही लगती है उन्हें बहुत ही ज्यादा परेशानी हो रही है। दैनिक सवारियों की मांग की है कि इस गंदगी से राहत दिलाई जाए।

इस बारे में नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट शर्मा ने कहा कि कि यह एरिया नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में आता होगा तो शीघ्र कार्यवाही की जाएगी।

# हिमाचल को केंद्र ने 33 परियोजनाओं में 2197.26 करोड़ रुपए भेजे : निहाल

**अनंत ज्ञान, मंडी**



केंद्र सरकार द्वारा 2047 के आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को छूने के लिए भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कई दृढ़ कदम उठाए जा रहे हैं।

भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को केंद्र सरकार भरपूर मदद कर रहा है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष में सात महीने में 1 अप्रैल से 12 अक्तूबर तक हिमाचल प्रदेश को केंद्र की मोदी सरकार ने केंद्र प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत 33 परियोजनाओं में 2197.26 करोड़ रुपए मिले हैं। केंद्र की इन विशेष योजनाओं के माध्यम से हिमाचल राज्य को संबल मिलेगा। निहाल ने कहा कि इन परियोजनाओं में अंत्योदय की भावना, विकास की असीम संभावना है। मनरेगा परियोजना में 395.93 करोड़ सहित ऐसी विभिन्न परियोजनाओं में केंद्र ने करोड़ों रुपए की मदद की है।

# एचआईवी के खिलाफ नवाही, पोंटा सरकाघाट के लोग किए जागरूक



कार्यक्रम के दौरान मौजूद ग्रामीण व अन्य।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप बरोटी के द्वारा गीत एवं नाटक के माध्यम से एड्स व एचआईवी के बारे मे लोगों को सेंट्रल पार्क सरकाघाट, नबाही और पोंटा में नागरिक चिकित्सालय सरकाघाट के परामर्श दाता सोनू कुमार के द्वारा लोगों को जागरूक किया गया जिसमें बताया कि एचआईवी खून के द्वारा यदि किसी एचआईवी पीड़ित व्यक्ति का रक्त किसी नॉर्मल व्यक्ति को डोनेट किया जाता है या चढ़ाया जाता है तो ऐसे में नॉर्मल व्यक्ति के शरीर में एचआईवी वायरस प्रवेश कर जाता है। एचआईवी पीड़ित व्यक्ति का सीमेन नार्मल स्त्री के शरीर में जाता है तो ऐसे में एचआईवी का संक्रमण हो सकता है।

एचआईवी पीड़ित माता के दूध में एचआईवी वायरस मौजूद होता है। एचआईवी पीड़ित माता अपने शिशु को स्तनपान कराती है तो शिशु को एचआईवी का संक्रमण हो जाता है।

# दौंधी के लोगों ने रोका विक्रमादित्य का काफिला

**अनंत ज्ञान, मंडी**


विक्रमादित्य को अपनी बात बताते हुए दौंधी वार्ड के लोग।

**फोरलेन पर यू-टर्न की मांग को लेकर सौंपा मांग पत्र**

मंडी सुंदरनगर फोरलेन पर नागचला में यू टर्न की मांग को एनएचएआई द्वारा अनदेखा किए जाने से गुस्साए लोगों ने मंगलवार को प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य जो शिमला से मंडी आ रहे थे के काफिले को रोका और उनको अपनी सारी व्यथा से अवगत करवाया।

पूर्व प्रशासनिक अधिकारी व समाधान के संयोजक एडवोकेट बी आर कौंडल की अगुवाई में मंडी नगर निगम के 14 नंबर वार्ड दौंधी के लोगों विक्रमादित्य को बताया कि यहां फोरलेन सड़क पर यू टर्न न रखने के लिए क्षेत्र के लोगों में भारी रोष है। लोगों ने मौके पर ही विक्रमादित्य को उस स्थल का भी निरीक्षण करवाया जहां पर लोग यू टर्न रखने की मांग रख रहे हैं। विक्रमादित्य को बताया कि पिछली चार साल से लोग जिस यू टर्न का प्रयोग कर रहे थे, उसे राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण के प्रॉजेक्ट डायरेक्टर ने अचानक बंद करके हजारों लोगों को परेशान किया है। जब मामला डीसी मंडी के सामने रखा तो उन्होंने यह कह कर हाथ खड़े कर दिए कि उच्च मार्ग प्राधिकरण के अधिकारी उन के आदेश को नहीं मानते।

कौंडल ने मंत्री के समक्ष दौंधी वॉर्ड को नगर निगम से बाहर करने की भी मांग रखी। कौंडल ने बताया कि क्षेत्र के 90 प्रतिशत लोग किसान हैं तथा अधिकतर भूमि पर कृषि होती है। इसलिए केवल जनसंख्या गणना पूर्ति के लिए दौंधी पंचायत को नगर निगम में मिलाना कानूनी तौर पर भी गलत है। कौंडल ने बताया कि मंत्री ने लोगों की दोनों मांगों पर गौर करने का आश्वासन दिया।

**स्वतंत्र** वही हो सकता है, जो अपना काम अपने आप कर लेता है। –**विनोबा भावे**

## संपादकीय

# कुपोषण और भुखमरी

आज एक और विश्व खाद्य दिवस मनाया जाएगा। दुनियाभर में खाद्य सुरक्षा के बड़े–बड़े दावे किए जाएंगे, लेकिन असल मुद्दा भुखमरी और कुपोषण का है। इन दोनों चीजें को कई देश अभी तक काबू नहीं कर पाए हैं। भारत भी इनसे अछूता नहीं है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में 73.5 करोड़ लोग अभी भी भुखमरी के शिकार हैं, जबकि 854 मिलियन लोग कुपोषित हैं। हर दिन 25,000 लोग भूख और इससे जुड़े कारणों से मर जाते हैं। भुखमरी के मुख्य कारणों में रूस–यूक्रेन के बीच जारी युद्ध, कोरोना वायरस महामारी, जलवायु परिवर्तन, देशों के बीच संघर्ष, खाद्य, ईंधन और उर्वरक की कीमतों में बढ़ोतरी आदि शामिल हैं। दुनियाभर में खाद्य सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बनकर उभर रही है। इससे पार पाने के लिए कई देशों की सरकारें और संगठन लगातार काम कर रहे हैं। भोजन की उपलब्धता सबसे बड़ी चुनौती है। दुनिया में कई जगहों पर भोजन की कमी है, जिससे लोगों को पर्याप्त भोजन नहीं मिलता। वहीं, अच्छी सेहत के लिए लोगों को स्वस्थ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाना चुनौतिपूर्ण है।

अगर भोजन उपलब्ध ही नहीं हो रहा है तो वहां पौष्टिकता के मसला खुद ही गौण हो जाता है। पहले तो उपलब्धता जरूरी है फिर उसके बाद क्वालिटी की बात आती है। भोजन की गुणवत्ता को कायम रखना कम पेचीदा कार्य नहीं है, क्योंकि कई जगहों पर भोजन में पौष्टिक तत्वों की कमी होती है। भोजन की पहुंच भी एक बड़ी समस्या है, क्योंकि कई जगहों पर लोगों तक भोजन पहुंचने में बड़ी परेशानी होती है। आर्थिक चुनौतियों की वजह से कई लोगों के पास भोजन खरीदने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं होते। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए भारत में बकायदा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम है, जिसका उद्देश्य लोगों को सस्ती दरों पर भोजन उपलब्ध कराना है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली यानी पीडीएस भी खाद्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य लोगों को भोजन उपलब्ध कराना है। कई गरीब परिवार तो डिपुओं पर ही निर्भर हैं, क्योंकि वहां उन्हें सस्ता राशन मिल जाता है।

सरकार इसके लिए सब्सिडी जारी करती है। कृषि विकास भी खाद्य सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य भोजन की उत्पादन बढ़ाना है। दरअसल, विश्व खाद्य दिवस मनाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य वैश्विक स्तर पर खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देना और लोगों को कुपोषण और भुखमरी के खिलाफ लड़ने के लिए प्रेरित करना है। भारत में कुपोषण और भुखमरी एक बड़ी चुनौती है, जिससे निपटने के लिए हमें कई कदम उठाने होंगे। लोगों को स्वस्थ और पौष्टिक खाने की आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करना होगा। गरीब और वंचित वर्गों तक खाद्य सामग्री पहुंचाने के लिए सरकारी और गैर–सरकारी संगठनों का सहयोग भी बेहद जरूरी है। कृषि क्षेत्र में सुधार और किसानों को समर्थन देने से खाद्य उत्पादन में वृद्धि हो सकती है। किसान देश के अन्नदाता होते हैं। उन्हें सरकार की तरफ से बढ़िया सुविधाएं मिलें तो वे निश्चित तौर पर देश को ज्यादा से ज्यादा अनाज उपलब्ध करवाने में सक्षम हो पाएंगे। लोगों को कुपोषण और भुखमरी के खतरों के बारे में शिक्षित करना और जागरूक करना भी सबका काम है। इन कदमों से हम कुपोषण और भुखमरी के खिलाफ लड़ सकते हैं और भारत में खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा दे सकते हैं।

2024 के ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत 127 देशों में 105वें स्थान पर है। हालांकि, पिछले सालों की तुलना में इस साल भारत की रैंकिंग में सुधार हुआ है, लेकिन भारत अभी भी 'गंभीर' भूख की समस्याओं वाले देशों में शामिल है। भारत की रैंकिंग अपने पड़ोसी देशों श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार और बांग्लादेश से पीछे है, जबकि पाकिस्तान और अफगानिस्तान से केवल ऊपर है। भारत को अभी भी बाल कुपोषण जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें विश्व स्तर पर बच्चों में दुबलापन (18.7 प्रतिशत) सबसे अधिक है। देश में बच्चों के बौनेपन की दर 35.5 प्रतिशत, पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर 2.9 प्रतिशत और कुपोषण का प्रसार 13.7 प्रतिशत है। हालांकि, भारत ने वर्ष 2000 के बाद से अपनी बाल मृत्यु दर में उल्लेखनीय सुधार किया है। बाल कुपोषण एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है, जिसमें दुबलापन और बौनापन दोनों ही खतरनाक रूप से उच्च स्तर पर हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि भविष्य में इस दिशा में और सुधार होगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध अभिनेत्री और वर्तमान सांसद

**हेमा** मालिनी हिंदी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री एवं भारतीय जनता पार्टी की मथुरा लोकसभा सीट से वर्तमान सांसद हैं। वे बॉलीवुड की उन गिनी चुनी अभिनेत्रियों में शामिल हैं, जिनमें सौंदर्य और अभिनय का अनूठा संगम देखने को मिलता है। इस प्रसिद्ध अभिनेत्री और नृत्यांगना ने लगभग चार दशक के करियर में कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया। इनकी सुंदरता और अदाओं के कारण इन्हें बॉलीवुड की ड्रीम गर्ल कहा जाने लगा। सिनेमा जगत से लेकर संसद तक और नृत्य समारोहों के मंच से लेकर छोटे पर्दे तक हेमा मालिनी हर जगह अपनी आकर्षक उपस्थिति से दर्शकों का ध्यानाकर्षण करती रही हैं। अनुभवी, खूबसूरत और प्रतिभाशाली हेमा मालिनी भारतीय कला–जगत की अमूल्य धरोहर हैं। हेमा मालिनी का जन्म अम्मनकुड़ी तमिलनाडु में हुआ था। फिल्में हो या निजी जीवन दर्शकों की जिज्ञासा हमेशा ही उन्हें लेकर बनी रही है। हेमा मालिनी का बचपन तमिलनाडु के विभिन्न शहरों में बीता। हेमा के पिता वीएसआर चक्रवर्ती तमिल फिल्मों के निर्माता थे। फिल्मी परिवेश में पली–बढ़ी हेमा मालिनी ने चेन्नई के आंध्र महिला सभा से अपनी पढ़ाई पूरी की। धर्मेंद्र के साथ अपने प्रेम–संबंध के प्रति समर्पण का प्रमाण देकर हेमा ने उनकी दूसरी पत्नी बनना स्वीकार किया। दो बेटियों एशा और अहाना के व्यक्तित्व को मातृत्व की छांव में संवारने के साथ ही हेमा मालिनी राजनीतिक परिदृश्य में भी सक्रिय रहीं। अभिनेत्री, निर्मात्री, निर्देशिका और सांसद होने के साथ ही हेमा मालिनी अंतरराष्ट्रीय स्तर की शास्त्रीय नृत्यांगना भी हैं। ■



हेमा मालिनी
जन्म : 16 अक्तूबर, 1948

## अपनी बात

**विश्व** खाद्य दिवस, संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन द्वारा स्थापित एक ऐसा दिन है जिसका उद्देश्य विश्वभर में खाद्य सुरक्षा और कुपोषण को खत्म करने के लिए जागरूकता बढ़ाना है। बता दें कि 16 अक्तूबर, 1945 को संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना के उपलक्ष्य में ही विश्व खाद्य दिवस को मनाया जाता है। हर वर्ष समाज को खाद्य संरक्षण के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से इस दिन को एक नई थीम के साथ मनाया जाता है। इस ब्लॉग में आपको भोजन का महत्व बताते विश्व खाद्य दिवस पर अनमोल विचार पढ़ने का अवसर प्राप्त होगा, जो समाज में जागरूकता लाने के लिए मुख्य भूमिका निभाएंगे। विश्व खाद्य दिवस पर अनमोल विचार पढ़कर आप इन्हें अपने परिजनों और शुभचिंतकों के साथ साझा कर पाएंगे। भुखमरी एक गंभीर समस्या है जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करती है। यह गरीबी, युद्ध, प्राकृतिक आपदाओं और अन्य कारकों के कारण हो सकता है। भुखमरी से पीड़ित लोगों को अक्सर कुपोषण, बीमारी और मृत्यु का खतरा होता है। भुखमरी को मिटाने के लिए आपको साहसी और सक्रिय बनने की आवश्यकता है।

**विपिन सिंह, टांडा**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# सुरक्षित भोजन, बेहतर स्वास्थ्य तभी होगा राष्ट्र निर्माण

**विश्व खाद्य दिवस विशेष**

किसी भी दिवस को मनाने का उदेश्य–उसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, सामाजिक या व्यक्तिगत महत्व को उजागर करने के संदर्भ में या समाज में जागरूकता पैदा करना होता है। विश्व खाद्य दिवस–हर वर्ष संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन की स्थापना दिवस पर वर्ष 1945 से 16 अक्तूबर को मनाते आ रहे हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी इस दिवस का थीम 'सुरक्षित भोजन, बेहतर स्वास्थ्य' रखा है। यानी बेहतर जीवन और बेहतर भविष्य के लिए सभी को भोजन का अधिकार–भावार्थ यही है कि विश्व के किसान आबादी से ज्यादा अन्न उत्पादन कर रहे हैं, परंतु फिर भी विश्व भर में भुखमरी का आलम क्यों है? वर्ष 2030 तक सब को पौष्टिक आहार तथा विश्व भर में भुखमरी दूर करना–फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन का उद्देश्य है। इस अवसर पर विश्व भर में पांच से उन्नीस वर्ष तक के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता के द्वारा उनके कार्यस्थल पर मनपसंद भोजन अभिप्रेरक व्यक्तियों के चित्र और विश्व भर में फूड हीरो के रूप में विख्यात व्यक्ति–जिसमें किसान से लेकर ड्राइवर तक प्रेरणास्पद व्यक्तित्व शामिल हो सकते हैं।

इसके साथ इस संदर्भ में दुकानदार, भोजन बैंक या सरकारी प्रतिनिधि भी शामिल है–जिन्होंने करोना काल (कोविड़–19) मैं अपनी मेहनत का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए–खेतों से थाली तक भोजन की पहुंच सुनिश्चित की। इस दिवस को विश्व भर में विभिन्न स्वरूपों से में मनाया जाता है–जैसे खेलों व विश्व स्तर पर प्रदर्शनियों के माध्यम से। जिसमें खाद्य पदार्थों की बर्बादी पर भी– इसके दूरगामी परिणामों को चित्रकला के माध्यम से समाज को जागरूक करना शामिल है। हर देश–हर क्षेत्र में, स्थानीय खाद्य उत्पादों को अधिमान दिया जाता है। मानव जीवन के विकास की लंबी यात्रा रही है। आदिमानव काल से लेकर वर्तमान युग तक अविस्मरणीय इतिहास है। मानव शरीर के निर्माण में भोजन एक महत्वपूर्ण तत्व है। प्रकृति ने कई प्रकार के प्राकृतिक खाद्य पदार्थ बनाए हैं जो महत्वपूर्ण और आवश्यक पोषक तत्वों से युक्त कोशिकाओं और शरीर के उत्तकों का निर्माण करते हैं। इसलिए शरीर को पर्याप्त मात्रा में भोजन करने की आवश्यकता रहती है। हां–इस संदर्भ में हर साल एक अन्य दिवस भी 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है। औसतन, दुनिया में 10 में से एक व्यक्ति–दूषित भोजन खाने से बीमार पड़ता है और हर वर्ष विश्व में लगभग 4 लाख 20 हजार लोग इसी कारण से मर जाते हैं। अत: स्वस्थ भोजन का चयन भी परमआवश्यक हो जाता है।



**लेखक : हंसराज ठाकुर**
बग्गी, सुंदरनगर

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार खराब खाने के कारण एक दिन में करीब 16 लाख लोग बीमार होते हैं। हर रोज 5 साल से कम उम्र के 340 बच्चे खराब गुणवत्ता वाले खाने की वजह से अपनी जान गंवा देते हैं और डायरियां व कैंसर सहित करीब 200 बीमारियां ऐसी है जो अनसेफ फूड यानी खराब खाने के कारण होती है। फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन–एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जिसमें संयुक्त राष्ट्र के सभी देश सदस्य है जो कृषि उत्पादन बानिकी और कृषि विपणन संबंधी शोध विषय का अध्ययन करता है और जानकारियों के आदान–प्रदान के साथ–साथ प्रशिक्षण की व्यवस्था भी। विकासशील देशों में कृषि के विकास में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। सबको रोटी मिले, यह इसका मुख्य उद्देश्य है। वर्ष 1951 से इसका मुख्यालय रोम (इटली) में स्थित है और विश्व के 191 देश इसके सदस्य। मगर विचारणीय पहलू यह है कि जिसके बूते यह सब विश्वव्यापी तामझाम होते हैं– उस अन्न उत्पादक किसान के हाथ क्या लगता है? किसान निधि की किस्त–वो भी उन किसानों को, जिनके पास मात्र दो चार बिस्वा जमीन होती है – जिसमें उन, किसान निधि प्राप्त करने वाले किसानों के मात्र घर बने होते हैं और जो लोग वास्तविकता में खेती करके देश व विश्व को अनाज प्रदान कर रहे हैं।

उन किसानों को आमदनी या अन्य कारणों से किसान निधि का पात्र नहीं समझा जाता या तो यह किसान निधि सभी किसानों को मिले या बिलकुल बंद होनी चाहिए। सब दिखावा हो रहा है और देशभर में करोड़ों अपात्र व्यक्तियों को लगभग 10–12 सालों से–यह केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश प्रदित 20 हजार करोड़ की किसान निधि पहुंच रही है जबकि अधिकतर अवांछित पात्र इस सूची में शामिल हैं। यदि राजनीति में पारदर्शिता कोई ला सके, तो–सब रेवड़ी बांट बंद हो जाएंगी। राजनीति–किसानों को प्रोत्साहित करने वाली होनी चाहिए। हर देश में वास्तविक तथ्यों को जानना संयुक्त राष्ट्र व विश्व खाद्य दिवस के आयोजकों का भी कर्तव्य बनता है कि विश्व स्तर पर दिवस मनाने व इस पर होने वाला खर्चा–जमीनी स्तर पर काम करने वालों को हर हाल में मिलना चाहिए। अन्यथा आने वाले समय में कुछ भी विपरीत परिस्थितियां भी विश्व समुदाय को देखनी पड़ सकती है। विश्व खाद्य दिवस पर हर राष्ट्र, हर प्रदेश, हर जिला, हर ब्लॉक व हर गांव तक विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा वास्तविक कृषि उत्पादन करने वाले सभी लोगों को सम्मानित करना चाहिए। जिनके बूते यह दिवस मनाया जाता है।

सरकार सब्सिडी व मुफ्त अनाज भी अन्न अनुत्पादक किसानों के बूते पर ही लोगों को दे पाती है। किसानों की स्वायत्तता व आत्मसम्मान–हर हाल में विश्व के सभी देशों को करना ही पड़ेगा। अन्यथा हर मंच पर विश्व जनपद में भाषण देने वाले व किसानों का शोषण देश व्यापी शोषण करने वाले किसी भी देश को विकट परिस्थितियों से गुजरना पड़ सकता है। बेशक, चीन सबसे बड़ा खाद्य उत्पादक देश है मगर फिर भी वह खाद्यान्न आयात पर निर्भर है। वैसे भी विश्व स्तर पर चीन, भारत, अमेरिका और ब्राजील अधिकांश उत्पादन क्षेत्रों में अग्रणी है। पानी के बिना खाद्य की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती। इस दिवस पर प्राकृतिक भूमि जल संग्रहण की योजनाएं धरातल पर लाई जानी चाहिए। भारत में उगाए जाने वाली प्रमुख खाद्य फसलें–गेहूं, चावल, मक्का, ज्वार, बाजरा, दाले, जुट, चाय, कॉफी, गन्ना, तिलहन व दलहन है। जो ऋतुओं के मुताबिक अलग–अलग समय पर तैयार होती है। भारत के सबसे ज्यादा कृषि उत्पादक राज्यों में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र व हरियाणा इत्यादि हैं।

हालांकि हिमाचल प्रदेश इसमें शीर्ष 15 राज्यों की सूची से भी बाहर है। भारत दूध, दालों और जूट में दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक देश है और चावल, गेहूं, गन्ना, मूंगफली, सब्जियां, फल और कपास का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश। इसके अलावा मसाले, मछली, मुर्गी पालन, पशु धन और बागान फसलों के प्रमुख उत्पादक देशों में से एक है। गेहूं उत्पादन में चीन के बाद भारत दूसरे स्थान पर है। देश की कुल कृषि योग्य भूमि के लगभग 10 प्रतिशत एवं बोये गए क्षेत्र के लगभग 13 प्रतिशत हिस्से पर गेहूं की कृषि की जाती है। देश में स्वदेशी तकनीक से अनाज व बीजों का उत्पादन होना चाहिए और इस दिशा में बेहतर कार्य करने वाले किसानों को हर स्तर पर प्रोत्साहन दिया जाना आवश्यक है। देसी बीजों का संरक्षण भी परमआवश्यक है। सबको भोजन व बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करने वाले किसानों की किसी भी स्तर पर अनदेखी नहीं होनी चाहिए ,क्योंकि भूख पैसों से नहीं अनाज से ही मिटती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**नजरिया**

# राष्ट्र की आध्यात्मिक शक्ति की पूंजीभूत–श्रावणी पर्व

मरकंडू ऋषि के पुत्र मार्कंडेय ने लंबी आयु के लिए सावन माह में ही घोर तप कर शिव की कृपा प्राप्त की थी, जिससे मिली मंत्र शक्तियों के सामने मृत्यु के देवता यमराज भी नतमस्तक हो गए थे। श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा–अर्चना की जाती है। जिसे सावन के नाम से भी जाना जाता है। हिंदू पंचांग का यह पांचवां महीना होता है, जिसे श्रावण या सावन माह के नाम से जाना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन में पड़ने वाले सोमवार के दिन भोले शंकर की पूजा–अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। वहीं अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक यह जुलाई और अगस्त में आता है। इसी महीने में आने वाले सोमवार के व्रत को अहमियत दी गई है। भगवान शिव को सावन का महीना प्रिय होने का अन्य कारण यह भी है कि भगवान शिव सावन के महीने में पृथ्वी पर अवतरित होकर अपनी ससुराल गए थे और वहां उनका स्वागत अर्घ्य और जलाभिषेक से किया गया था। माना जाता है कि प्रत्येक वर्ष सावन माह में भगवान शिव अपनी ससुराल आते हैं। भू–लोक वासियों के लिए शिव कृपा पाने का यह उत्तम समय होता है। सावन का महीना भगवान शिव को प्रिय है। इसलिए धार्मिक दृष्टि से सावन सोमवार का विशेष महत्व होता है। इस विश्वभर में सभी मानव समय–समय पर किसी न किसी प्रकार के पर्व मनाते है। पर्व हमे सदा आनंद से प्रेरित करता है। जीवन में उत्साह भरने के लिए 1) श्रावणी पर्व ब्राह्मणों द्वारा, राष्ट्र की आध्यत्मिक शक्ति को पूंजीभूत, एकत्रित करने का पर्व 2) विजया दशमी जो क्षत्रिय वर्ण द्वारा राष्ट्र की सुरक्षा, सैनिक शक्ति को सफल बनाने का प्रतीक 3) महालक्ष्मी पूजन वैश्यवर्ण द्वारा राष्ट्र की अर्थ शक्ति व्यवस्थित करने का, 4) होली शूद्रवर्ण का संयोजन करने वाला पर्व है। यह चारों पर्व राष्ट्रीय को सुदृढ़ करने हेतु से हर कोई अपने अपने काम सेवा भाव से ईमानदारी से करें। जैसे शिक्षक अपना काम करें, रक्षक अपना अपना काम करें, पोषक अपना–अपना काम करें, कुम्हार, सुतार, लोहार, सोनार, सभी प्रामाणिकता से काम करें, ताकि राष्ट्र की शक्ति बढे। इसमें आत्म रक्षा, धर्म रक्षा, राष्ट्र रक्षा का संकल्प बद्ध है।



**लेखक :संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

1) आध्यात्मिक पक्ष– हमारे ऋषि मुनियों द्वारा संचालित यज्ञ यह एक संशोधनात्मक प्रक्रिया है, जिसमें समाज के किसी भी प्रकार के प्रदूषण से हम बचे। श्रावणी पर्व यह श्रावण मास के श्रावण नक्षत्र से युक्त पूर्णिमा को मनाया जाता है। किसी किसी को भ्रांति है कि चारों वेदों का ज्ञान श्रावणी के दिन मिला। यह सच नहीं, चारों वेदों का ज्ञान तो सृष्टि के प्रारंभ में चार ऋषियों द्वारा प्राप्त हुआ। श्रावण का अर्थ जिसमें सुना जाए। अब सुना किसे जाए? जो सबसे महत्त्वपूर्ण है, ईश्वरीय वेद ज्ञान है, ईश्वर को प्राप्त करने के लिए, वर्षा ऋतु अनुकूल माना गया। ज्ञान प्राप्त करके मनुष्य अपनी आध्यात्मिक उन्नति करके, स्वाध्याय से मन को शुद्ध पवित्र करें। परमात्मा से एकरूप हो मोक्ष मार्ग पर अग्रसर हो। क्योंकि मनुष्य जन्म में ही यह हो सकता है और यही जन्म सबसे श्रेष्ठ है 2)वैज्ञानिक पक्ष–वर्षा ऋतु में कीट, पतंग, मच्छर का फैलाव अधिक होता है। रोग बीमारी बढ़ती है। अग्निहोत्र करने से बीमारी को रोका जाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**कविता**



## घर की रोटी

राजेंद्र पालमपुरी

*घर की रोटी खाओ बाबू। खाओ और खिलाओ बाबू ।।*
*घी मक्खन हो न भी चाहे। प्रेम से नमक लगाओ बाबू ।।*
*सिल पत्थर की बात दूर की, चटनी कभी बनाओ बाबू ।*
*हरा पुदीना धनिया लहसुन, हमको कभी चखाओ बाबू ।।*
*पिज्जा, मोमो, मैगी, बर्गर, खुद से दूर भगाओ बाबू ।*
*जीना है जो लंबी उमरिया , शाक दाल सब खाओ बाबू ।।*
*है विदेश से आई आंधी, चाय खूब पिलाओ बाबू ।*
*छाछ दूध से दस्त न लगते, पीकर सेहत बनाओ बाबू ।।*
*अच्छे कपड़े कुर्ता, साड़ी, पहनो और पहनाओ बाबू ।*
*कटे फटे और आध अधूरे, तन से दूर भगाओ बाबू ।।*
*मां बेटी का रिश्ता पावन, सच है खूब निभाओ बाबू ।*
*भैया बाप के संग चलना है, बेटी को समझाओ बाबू ।।*
*खुले गगन में रंग–बिरंगी, खूब पतंग उड़ाओ बाबू ।*
*सभ्यता संस्कृति यह अपनी, आओ फिर अपनाओ बाबू ।।*
*बहुत किया पीछा पश्चिम का, अपनी ओर भी आओ बाबू ।*
*मेरा देश यह धरती मेरी, ऐसा भी कुछ गाओ बाबू।।*

# मिट्टी के पारंगत बर्तन अब मिट्टी में ही मिल गए

आदिकाल में मानव ने अपने पेट की भूख को शांत करने के लिए भोजन की तलाश की। कच्चे भोजन की उपलब्धता होने के बाद उसे पकाकर खाने की आवश्यकता महसूस की। इस सोच से कच्चा भोजन पकाने के लिए बर्तनों का आविष्कार हुआ। इसलिए बर्तनों का अस्तित्व प्राचीन काल से जुड़ा हुआ माना जाता है। शुरुआत खाना पकाने के बर्तन से हुई होगी तथा फिर अन्य बर्तन अस्तित्व में आए होंगे। समय के साथ ही बर्तनों के आकार–प्रकार में परिवर्तन हुआ और यह जीवन का अभिन्न अंग बन गए। पाषाण काल में मानव की हर गतिविधि पत्थर से संबंधित थी। इसलिए शुरुआती बर्तन पत्थर के रहे होंगे, लेकिन समय बीतने के साथ ही मिट्टी के बर्तन अस्तित्व में आए होंगे। ऐसा अनुमान लगाया जाता है।

बीती शताब्दी के पूर्वार्द्ध तक मिट्टी के बर्तनों का काफी प्रचलन रहा। बीच में चाहे और किसी धातु के बर्तन रहे होंगे, लेकिन मिट्टी के बर्तन तब भी रहे और अब भी है। यह अलग बात है कि एक समय में पूर्ण रूप से इन्हीं का प्रचलन था, मगर अब इनका उपयोग बहुत कम हो गया है। इन बर्तनों को अब भी पवित्र (सुच्चा) माना जाता है। एक समय ऐसा भी रहा होगा कि रसोईघर में छोटे से लेकर बड़े बर्तनों तक मिट्टी के ही होते होंगे। उन बर्तनों का निर्माण कुम्हार करता है। अब इनका प्रचलन नाममात्र का रह जाने से इस काम को करने वाले भी बहुत कम हो गए हैं। ज्यादातर कारीगरों ने अब यह काम छोड़ दिया है। अब पूरे क्षेत्र में एक या दो व्यक्ति ही इस काम को कभी–कभार लोगों की मांग अनुसार ही करते हैं। बहुत कम लोग अब विवाह–शादी, धार्मिक अनुष्ठान, करवा चौथ व दीपावली आदि शुभ अवसरों के अलावा मृतक के किरया–कर्म में प्रयोग होने वाले छोटे–बड़े बर्तनों को 'साई' (अनुबंध) देकर कुम्हार से बनवाते हैं। उन बर्तनों में मिट्टी की मंद–मंद खुशबू आती है।



**लेखक : रामलाल पाठक**
गांव निहारखन बासला (चिड़की)

यह बहुत कारागिरी व परिश्रम का काम होता है। कुम्हार सबसे पहले अच्छी किस्म की चिकनी मिट्टी को इकठ्ठा करके उसे हत्थोड़ानुमा एक औजार से पीट–पीटकर बारीक करता है। बर्तन बनाने से पहले उसमें आश्यकतानुसार पानी मिलाकर गारा बनाया जाता। गारा इतना मुलायम होता है कि कुम्हार उससे इच्छानुसार आकार देकर बर्तन बनता है । बर्तन बनाने के लिए 'चाक' नामक उपकरण प्रयोग में लाया जाता है। चाक का निचला भाग बैलगाड़ी के पहिए की तरह का होता था। पहिए के बीच मोटे डाय की गोल लकड़ी लगी होती है । चाक को घुमाया जाता और ऊपरी डाय वाले भाग पर गारे का पेड़ा दोनों हाथों से पकड़कर रखा जाता। चाक को घुमाया जाता और हाथों में पकड़े मिट्टी के गारे को बर्तन का आकार दिया जाता। पहले उसे धूप में सुखाया जाता और बाद में उसे 'आवा' में रखा जाता। आवे में जली आग के अंगारों में बर्तन पक जाते हैं , लेकिन कई बार आवा में आंच (सेंक) ठीक नहीं होती थी। इससे आवे में रखे सारे बर्तन भी खराब हो जाते थे।

इसको लेकर समाज में एक कहावत है। किसी का परिवार के बच्चे ठीक न हो तो कहा जाता है कि 'ये तां आवा ई ऊत आ'। घड़े में विशेषकर गर्मियों के दिनों पानी ठंडा रहता है। इसलिए इसे 'गरीबों का फ्रिज' भी कहा जाता है। घड़े, घडोलू या घडोली का प्रचलन अब नाममात्र है। कुम्हार बड़े आकार के घड़े (माट) से लेकर छोटे दीपक (दियुठी) तक के सभी प्रकार के बर्तन बनाते हैं, लेकिन मेहनत के अनुसार कीमत न मिलने के कारण अब मिट्टी के बर्तन बनाने का यह हुनर भी लुप्त होने के कगार पर है। बीती शताब्दी के पूर्वार्द्ध तक घर में सभी बर्तन मिट्टी के ही होते थे। उन बर्तनों को चूल्हे पर रखकर पानी भी गर्म किया जाता था। उस समय खुले मुंह वाले बड़े–बड़े घड़ों (माट) में पानी जमा रखा जाता था। राह चलते मुसाफिरों को पानी पिलाना बहुत पुण्य का काम समझा जाता था। गांव की कुछ दूरी पर पीपल या बटवृक्ष के विशालकाय पेड़ों के नीचे तीन चार माट (बड़े घड़े) पानी से भरकर 'प्याऊ' लगाए जाते थे। गांव का धार्मिक प्रावृत्ति का कोई व्यक्ति प्रतिदिन उन घड़ों के लिए पानी से भरता था। आते–जाते राहगीर वहां पानी पीते थे तथा प्याऊ लगाने वाले को अनगिनत आशीशें देते। माट से छोटा घड़ा होता है।

जब बावड़ी से पानी लाया जाता था, तब पुरुष ही उसमें पानी भर कर लाते थे। घडोलू या घडोली घड़े से छोटी होती था। उसमें महिलाएं पानी भर कर लाती थी। साल या छह माह बाद जब घड़े या घडोली में पानी ज्यादा ठंडा नहीं रहता था। तब उसे दूध छोलने (बिलोरने) के काम में लाया जाता था। घड़े के ऊपर मिट्टी से बनी कुप्पी रखी जाती थी दहीं को डाला जाता तथा उसे बार–बार उस समय तक हिलोरे दिए जाते, जब तक उसमें माखन इकट्ठा नहीं जाता। पहले आम व गलगल आदि का आचार भी मिट्टी के घड़े या मिट्टी के अन्य बड़े बर्तन में डाला जाता था। दूध काढ़ने के लिए भी खुले मुंह वाला मिट्टी का घड़ानुमा बर्तन प्रयोग में लाया जाता था। उसे 'दधोणु' कहा जाता था। दूध कढ़ने के बाद उसके निचले तल में रबड़ी की तरह पदार्थ जम जाता था। उसे 'घरोड़ी' कहा जाता था। उसे खुरसने के लिए मिट्टी का ही कड़छीनुमा छोटा सा पात्र होता था। उसे 'घरोडणु' कहा जाता था। बच्चे घरोड़ी को बड़े चाव से खाते थे। दूध काढ़ने के बाद उसे बड़ी 'कुणाली' में डाल जाता था। यह बर्तन पतीले की तरह होता था, लेकिन बनावट में उसे अंदर बाहर दोनों ओर से गोलाई दी गई होती थी।

उसके तल का ऊपर की अपेक्षा नीचे का कम डाय होता था। दूध को मीठी आंच में गर्म किया जाता तथा बाद कुणाली में डालते। उबाले गए दूध के थोड़ा ठंडा होने पर उसमें कटोरी भर छाछ डाली जाती। उसे 'जगैण' कहा जाता है। आठ दस घंटे बाद उसका दहीं बन जाता। पीतल आदि धातुओं का प्रचलन बढ़ जाने के बाद उस धातु के बर्तन प्रयोग में लाए जाने लगे। पहले पीतल व कांसे के बर्तन उपयोग में लाए जाने लगे। समय बदलने के साथ ही अब स्टील के बर्तनों का प्रचलन हो गया है। इसके साथ ही प्लास्टिक के बर्तन भी रसोईघर की शान बन गए हैं। लोहे के बर्तनों में कलई करने का उपयोग अब न के बराबर हो गया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होना सरल एवं निष्पक्ष

एक देश, एक चुनाव का शंखनाद बजने से देश में एक बहस छिड़ चुकी है। बसपा को छोड़कर अन्य राजनीतिक दल इस फैसले का विरोध करके अपने मन की भड़ास निकाल रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी के प्रस्तावों को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। एनडीए सरकार अब शीतकालीन सत्र नवंबर, दिसंबर को संसद में बिल पेश करेगी। पहले फेज में विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होंगे। तदोपरांत 100 दिन के भीतर दूसरे फेज में निकाय चुनाव कराए जाएंगें। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों को आगे बढ़ाने के लिए एक क्रियान्वयन समूह का गठन किया जाएगा और अगले कुछ महीनों में देश भर के विभिन्न मंचों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। समिति ने 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौपी। रिपोर्ट 18 हजार 626 पन्नों की है। कमेटी ने सभी विधानसभाओं का कार्यकाल 2029 तक करने का सुझाव दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक देश, एक चुनाव करवाने की सिफारिश को मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कोटि–कोटि धन्यवाद किया है। राजनीतिक दलों के नेता इस निर्णय को भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का हितैषी करार दे रहे हैं। नेताओं का तर्क की देश संविधान से चलता, इसलिए संविधान से बढ़कर कोई नहीं है, वह इस फैसले का जमकर विरोध करेंगे। कांग्रेस आलाकमान एक देश, एक चुनाव के प्रस्ताव का पक्षधर नहीं है। लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए जब जरूरत हो तभी चुनाव करवाने चाहिए। भारत की कुल जनसंख्या 1 सौ 40 करोड़ है। देश की जनता आए दिन होने वाले चुनावों से प्रभावित रहती है।



**लेखक : सुखदेव सिंह**
नूरपुर (कांगड़ा)

चुनावों पर करोड़ों रुपए आंखें बंद करके फूंक दिया जाता, जिसे बाद में जनता से ही वसूल किया जाता है। आचार सहिंता लगते ही तमाम विकास कार्य ठप पड़ जाते हैं। राजनीतिक दलों के नेता अनेक बार जनता के द्वार में जाकर उन्हें बरगलाकर अपने पक्ष में मतदान किए जाने की गुहार लगाते हैं। गली मुहल्लों में नेताओं की चुनावी रैलियां, पोस्टबाजी, भ्रामक प्रचार, प्रचार से जनता को कई दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। चुनाव आयोग देश की स्वतंत्र संस्था जिसका काम निष्पक्ष चुनाव करवाना होता है। देश में चुनावों पर कितना खर्चा होता, उसके सिवाए कोई दूसरा नहीं जानता है। चुनावों को संपन्न करवाने के लिए चुनाव आयोग को भारी मात्रा में सरकारी विभागों के कर्मचारियों की जरूरत रहती है। सरकारी कर्मचारी आए दिन चुनाव करवाने में मशगूल रहेंगे, तो उनकी गैरमौजूदी में जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियां फिर कौन निभाएगा, आज बड़ा सवाल बना हुआ है?। चुनावों में अक्सर जिला परिषद कर्मचारी, राष्ट्र निर्माताओं सहित अन्य कर्मचारी अपनी सेवाएं देते हैं।

पंचायतों के विकास कार्य इस बीच लटकर रह जाते हैं। स्कूलों में छात्रों का पाठयक्रम पूरा कौन करवाए बड़ी चुनौती बन जाती है। देश में सदैव चुनावी माहौल गर्म रहता और आपसी भाईचारा भी खतरे में पड़ता जा रहा है। राजनीतिक दलों के नेता भ्रामक बयानबाजी करके एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने में मशगूल रहते हैं। एक देश, एक चुनाव का कानून बनाने सहित हमारी चुनावी प्रणाली को सुधारने की आज बहुत जरूरत है। सफल लोकतंत्र का डंका आज हम विश्व देशों में बजाकर वाहवाही लूट रहे हैं। लोकतंत्र को सफल बनाने के मार्ग में आज भी बहुत सी बाधाएं, जो हमारी चुनाव प्रक्रिया पर कई सवाल खड़े करती हैं। युवा देश की रीढ़ होते यह बात सिर्फ कहने और सुनने में अच्छी लगती है। सच बात तो यह है कि राजनीतिक दल अपराधिक पृष्ठभूमि वाले नेताओं को चुनावों में सबसे अधिक टिकट आबंटन करते हैं। ऐसे में युवाओं को समाज, राष्ट्र का पुनर्निर्माण करने का मौका कब मिलेगा?। शिक्षित बेरोजगार युवा चुनावों में नारेबाजी करने, पोस्टर लगाने, दरियां बिछाने, सोमरस बांट ने तक ही सीमित होकर रह गए हैं। नेताओं के लिए चुनाव लड़ने की कोई नीति, नियम न होना चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर बहुत बड़ा प्रश्न है।

राजनीतिक दल हर बार अपराधिक पृष्ठभूमि वाले नेताओं को टिकट की रेबड़ियां बांटते रहेंगे, तो देश की युवा पीढ़ी पथ भ्रष्ट होगी। राजनीतिक दल चुनावों में जनता को बरगलाने के लिए हर बार नया मेनिफेस्टों जारी करते हैं। आजादी उपरांत कौन से राजनीतिक दल ने मेनि फेस्टों की शर्तों को जनता के लिए पूरा किया यह जांच करने का जिम्मा किसका है?। नेता चुनावों में अपना नामांकन भरने पर अपनी अंचल संपति संबंधित एक शपथ पत्र भी प्रशासनिक अधिकारी को सौंपते हैं। चुनावों में विजय पताका फहराने उपरांत ऐसे नेताओं के बैंक खातों में करोड़ों रुपए की संपति कैसे जमा हो जाती है। राजनीतिक दल देश की भोली–भाली जनता का मत एठने के लिए हर बार झूठे प्रलोभन उन्हें देते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### नुक्कड़ नाटक से रोहांडा में किया एड्स बारे जागरूक



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी हिमाचल प्रदेश व सूचना एवं जन संपर्क विभाग के संयुक्त तत्वाधान में उपमंडल सुंदरनगर के रोहांडा में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एचआईवी/एड्स बारे लोगों को जागरूक किया गया। सूचना एवं जन संपर्क विभाग से अनुमोदित कामाक्षा लोक सांस्कृतिक कला मंच बाग शलाना करसोग के कलाकारों द्वारा उपमंडल सुंदरनगर के रोहांडा बाजार में एचआईवी एड्स संक्रमण व रोकथाम बारे नुक्कड़ नाटक और गीत, संगीत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों का मनोरंजन करते हुए एचआईवी व एड्स संक्रमण के बारे जानकारी दी। कलाकारों में चंपा सागर, कौशल्या, विमला, राजू, केएस अत्री, बिट्टू, ठाकुर सेन आदि शामिल रहे।

### किसानों को प्राकृतिक खेती पर किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, गोहर।** कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के तहत विकासखंड गोहर की ग्राम पंचायत बासा में प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। स्थानीय ग्राम पंचायत बासा, गोहर के लगभग 80 किसान इस जागरूकता शिविर में शामिल हुए। गोष्ठी में खंड तकनीकी प्रबंधक डॉक्टर विजय कुमार ने उपस्थित सभी किसानों को प्राकृतिक खेती के तरीकों के बारे में जानकारी दी।इस अवसर पर उपस्थित सभी किसानों को विभाग द्वारा मटर के बीज भी बांटे गए। इस गोष्ठी में खंड तकनीकी अधिकारी डॉ. विजय कुमार, सहायक तकनीकी अधिकारी डॉ. लकी कश्यप, डॉ. मुरारी लाल व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### कन्या पाठशाला की छात्रा राष्ट्रीय फुटबॉल में चमकी



**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंडी की छात्रा झीलमिल ने सीनियर राष्ट्र स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन केरल में किया गया। पाठशाला के डीपीई प्रदीप भारद्वाज ने बताया कि इस वर्ष पाठशाला की 10 छात्राएं राज्य स्तर पर व एक छात्रा राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल में भाग लेकर के लौटी है। जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष लीला विलास ने बताया कि मंडी में खेलो इंडिया के केंद्र की स्थापना भी की गई है। प्रधानाचार्य अनिल कटोच ने बताया कि यह पहली बार है कि पाठशाला की इतनी लड़कियां राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेकर लौटी है।

### एचआईवी व एड्स संक्रमण पर दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, गोहर।** उपमंडल करसोग के चुराग और बस अड्डा करसोग में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एचआईवी/एड्स बारे लोगों को जागरूक किया गया। सूचना एवं जन संपर्क विभाग से अनुमोदित कामाक्षा लोक सांस्कृतिक कला मंच बाग शलाना करसोग के कलाकारों द्वारा बस अड्डा करसोग व चुराग बाजार में एचआईवी एड्स संक्रमण व रोकथाम बारे नुक्कड़ नाटक और गीत, संगीत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों का मनोरंजन करते हुए एचआईवी व एड्स संक्रमण के बारे जानकारी दी।

### छात्राओं को राष्ट्र सेवा के महत्व से करवाया रू-ब-रू



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। इस शिविर का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सुनील ठाकुर ने किया। उन्होंने स्वयंसेवी छात्राओं को समाज सेवा, अनुशासन और राष्ट्र सेवा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम प्रभारी कल्पना ठाकुर और सतपाल ठाकुर ने बताया कि इस सात दिवसीय शिविर में 50 छात्राएं भाग ले रही हैं, जो पूरे शिविर के दौरान विद्यालय परिसर में ही रहेंगी। शिविर के दौरान प्रतिदिन दो बौद्धिक सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ जानकारी दी जाएगी। प्रधानाचार्य डॉ. सुनील ठाकुर ने उम्मीद जताई कि यह शिविर छात्राओं के लिए जीवन में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित होगा और वे भविष्य में भी समाजसेवा के कार्यों में संलग्न रहेंगी।

### क्रेविटी हॉट प्रदर्शनी में अक्षत प्रथम स्थान पर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा में 7 से 15 अक्तूबर तक प्रधानाचार्य युधिष्ठिर राणा की अध्यक्षता में पीएम श्री योजना के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्या वैभव क्लब की क्रेविटी हॉट प्रदर्शनी में अक्षत प्रथम स्थान पर रहे, जबकि क्विज प्रतियोगिता में तन्वी और लव ठाकुर का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। वाद-विवाद प्रतियोगिता में तन्वी, भावना, और सुचिता का चयन मंथन मंडल क्लब की ओर से किया गया।

### जबना की मां ने आईजीएमसी में ली अंतिम सांस

**आदर्श यादव, नेरचौक।** देश की सबसे युवा सेलिब्रिटी पंचायत प्रधान रही एवं प्रदेश स्तरीय समाजसेवी संस्था ओरिएंटल फाउंडेशन की संस्थापक जबना चौहान की मां धर्मी देवी ने मंगलवार को आईजीएमसी शिमला में अंतिम सांस ली। धर्मी देवी पिछले 6 माह से जिंदगी और मौत से जूझ रही थी तथा आईजीएमसी शिमला में वेंटिलेटर पर कोमा में थी। जिनका पिछले 6 माह से उपचार चल हुआ था। 52 वर्षीय धर्मी देवी को एक परिवार के लोगों ने तेज धार हथियार से हमला कर मार कर ढांक से फेंक दिया था। मंगलवार को सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया।

निगम कार्यालय में विधायक अनिल ने की अधिकारियों और पार्षदों के साथ बैठक, कहा-

# सरकार ने दी 38 करोड़ की राशि मार्च तक खर्च न होने पर होगी वापस

**पुष्पराज, मंडी**

शहरवासियों को आ रही समस्या एवं उनके समाधान और सुझावों के लिए मंगलवार को नगर निगम कार्यालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनिल शर्मा मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने नगर निगम के पार्षदों, महापौर एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में लोक निर्माण, बिजली व जल शक्ति विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि पिछली बरसात में मंडी शहर में सिवरेज प्रणाली को काफी नुकशान हुआ था और प्रदेश सरकार से सिवरेज प्रणाली को सुदृढ बनाने के 38 करोड़ की राशि मिली हैं। उन्होंनें कहा कि मार्च तक यह पैसा वापस



बैठक के दौरान चर्चा करते हुए अनिल शर्मा व अन्य।

**मंडी के विकास कार्यों पर अधिकारियों के साथ की चर्चा**

हो जाएगा अगर उसे खर्च नहीं किया। अनिल शर्मा ने कहा कि इसी के मद्देनजर नगर निगम मंडी के साथ व संबंधित विभागां के अधिकारियों के साथ यह बैठक आयोजित की गई हैं।

उन्होंने कहा कि मंडी शहर में ऐसे बहुत से कार्य चल रहे जिनमें विभागों का आपसी तालमेल नहीं हैं जहां पीडब्ल्यूडी विभाग कार्य शुरू करता हैं तो उसकी जानकारी जल शक्ति विभाग को नहीं होती। उन्होंने कहा कि बैठक का यह भी उदेश्य था कि मंडी शहर में जितने भी विकास कार्य चले हैं वह आपसी तालमेल के साथ किए जाए ताकि आगामी समय में किसी प्रकार की कोई दिक्कत पेश न आए। (अनंत ज्ञान)

### पड्डल से पंचवक्त्र मंदिर तक सड़क निर्माण पर की चर्चा

**अनिल** शर्मा ने पंचवक्त्र मंदिर को टूरिज्म के साथ कैसे जोड़ा जाए इसकी जानकारी भी सांझा की। साथ ही पंचवक्त्र मंदिर के प्रोटेक्शन, तटीकरण और पड्डल से पंचवक्त्र मंदिर तक सड़क टूरिज्म के माध्यम से करने बारे विधायक द्वारा सभी पार्षदों को अवगत करवाया गया।

इसके अलावा सीवरेज लाइन, बिजली की तारों को व्यवस्थित करने करने और जेल रोड में चल रहा सड़क चौड़ीकरण के कारण पानी और बिजली के खंभे की अलाईनमेंट को लेकर भी सुझाव दिए गए और टारना रोड से स्कूल बाजार में लगने वाले जाम से निजात के लिए उसके चौड़ीकरण का कार्य शुरू करने के बारे में सभी पार्षदों को विभाग द्वारा अवगत करवाया गया।

## नगर निगम मंडी में कम स्टाफ में चलाया जा रहा काम

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**



नगर निगम मंडी की स्थापना को 4 वर्ष पूरे होने को आए लेकिन यहां पर स्वीकृत स्टाफ में से आधे से भी कम अधिकारियों व कर्मचारियों से कम चलाया जा रहा है।

आलम यह है कि नगर परिषद से दर्जा बढ़ाकर 28 अक्तूबर 2020 को नगर निगम तो कर दिया गया जिसमें क्षेत्रफल के हिसाब से भी बहुत ज्यादा एरिया इसमें शामिल कर दिया गया लेकिन नगर निगम एरिया में कार्यों को सुचारू रूप से चलाने हेतु 189 पद विभिन्न श्रेणियों के स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से मात्र 73 पदों पर ही अधिकारी व कर्मचारी तैनात हैं। इसके चलते निगम क्षेत्र में किए जाने वाले विकास कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

स्टाफ की कमी की पीड़ा का दंश झेल रहे महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह से उनके मंडी स्थित कैंप कार्यालय में मिलकर इस कमी को पूरा करने की गुहार लगाई। अपने गुहार पत्र में उन्होंने श्रेणी वार खाली पदों का विवरण भी संलग्न किया है। मंत्री ने उन्हें कुछ स्टाफ मैया करवाने का भरोसा तो दिया है लेकिन यह कब तक हो पाएगा या भविष्य की कोख में है।

नगर निगम मंडी के कार्यों व विस्तृत क्षेत्र को देखते हुए यहां और स्टाफ के पद सृजित व स्वीकृत करने की भी आवश्यकता है। इसमें अधीक्षक ग्रेड वन एक, अधीक्षक ग्रेड टू दो, वरिष्ठ सहायक चार, सेनेटरी सुपरवाइजर दो, कनिष्ठ कार्यालय सहायक (आईटी) 5, वर्क सुपरवाइजर दो, प्लंबर दो, इलेक्ट्रीशियन चार और चौकीदार चार शामिल हैं।

इन पदों को शीघ्र स्वीकृत कर भरने की मांग भी मंत्री से उठाई गई है। महापौर वीरेंद्र भट शर्मा ने बताया कि शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने उचित कार्यवाही का भरोसा दिया है।

### सीएम से मिले ब्रह्मदास चौहान



मुख्यमंत्री सुक्खू से मुलाकात के दौरान ब्रह्मदास चौहान।

**अनंत ज्ञान, मंडी।** प्रदेश कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू से मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री को अपनी बेटी की शादी का न्योता दिया। इस मौके पर ब्रह्मदास चौहान ने नाचन विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों, पंचायती राज की योजनाओं के बारे में फीडबैक दिया।

## भगवाहन पाठशाला को यू ब्लाक में स्थानांतरित करने की मांग

**अनंत ज्ञान, मंडी**

देवता कमेटी श्री सायरी देव बाला कामेश्वर ने उपायुक्त मंडी व उपनिदेशक शिक्षा मंडी से आग्रह किया है कि 19 सितंबर को प्रदेश सरकार के शिक्षा सचिव राकेश कंवर द्वारा जारी अधिसूचना जिसमें जर्जर हो चुके उनके भवन में राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला भगवाहन मंडी को चलाया जा रहा है को तत्काल प्रभाव से यू ब्लाक पाठशाला भवन में स्थानांतरित किया जाए, पर अमल किया जाए।

गौरतलब है कि यह पाठशाला दशकों से किराए के भवन में चल रही है जो श्री सायरी देव बाला कामेश्वर की देवता कमेटी का है और अब काफी जीर्ण शीर्ण हो चुका है। कमेटी के प्रधान रोशन



लाल, कटवाल नरेंद्र शर्मा व अन्य बताया कि इस बारे में 8 अक्तूबर को एडीसी मंडी के माध्यम से एक ज्ञापन भी दिया जा चुका है मगर कोई भी कार्रवाई अभी तक नहीं हुई। देवता कमेटी ने साफ तौर पर कहा है कि भवन की जो हालत है उससे कभी कोई भी अनहोनी हो सकती है। बच्चों को सुरक्षित स्कूल भवन यू ब्लाक में भेजा जाए।

## बजट अनुमान बैठकों में नहीं पहुंच रहे अधिकारी : जयराम

**अनिल शर्मा, मंडी**

सराज विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर आए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री की सरकार और अधिकारियों पर कोई नियंत्रण नहीं है, जिसके कारण प्रदेश वासियों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदेश के विभिन्न विभाग के सचिव, विभागाध्यक्ष और अधिकारी बजट अनुमानों के लिए बुलाई गई मीटिंग में नहीं पहुंच रहे हैं। इतनी महत्वपूर्ण मीटिंग से दूरी बनाना प्रदेशवासियों के हितों के साथ खिलवाड़ करना है। इस सरकार में हर कोई निरंकुश हो गया है। किसी पर भी किसी प्रकार का कोई नियंत्रण नहीं रहा है। अन्यथा वित्त सचिव के द्वारा बुलाई गई इतनी महत्वपूर्ण बैठक से अधिकारी कैसे



सराज विधानसभा क्षेत्र में लोगों की समस्याएं सुनते हुए पूर्व मुख्यमंत्री।

दूरी बना सकते थे? किसी भी प्रदेश में प्लानिंग से जुड़ी मीटिंग अपने आप में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। जहां पर डिस्कशन के माध्यम से प्रदेश के विकास की रूपरेखा तय की जाती है।

जब सरकार प्रदेश के मुख्यमंत्री और मंत्रियों को ही प्रदेश के विकास की चिंता नहीं है तो वे लोग इतनी महत्वपूर्ण बैठकों को कैसे महत्व दे सकते हैं। सरकार कितनी गंभीरता से कम कर रही है इसका आकलन इसी बात से हो जाता है। सरकार का कोई भविष्य नहीं है यह बात अधिकारी समझ गए हैं और वह सरकार से दूरी बना रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बजट को लेकर बुलाई गई प्लानिंग की मीटिंग में जो लोग पहुंचे उन्होंने भी संवेदनशीलता नहीं दिखाई। सराज विधानसभा क्षेत्र में जयराम ठाकुर ने लोगों की समस्याएं सुनीं। (अनंत ज्ञान)

## बालीचौकी अस्पताल को सिविल का दर्जा दे सरकार : वीर सिंह

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी**

ओबीसी मोर्चा सराज ने बालीचौकी में सिविल अस्पताल की मांग को लेकर अब उग्र प्रदर्शन करने की धमकी दी है।

सराज ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष वीर सिंह भारद्वाज ने सरकार पर आरोप लगाया है कि सराज विधानसभा क्षेत्र में 2 वर्ष बीत जाने पर एक भी संस्थान वर्तमान सरकार नहीं खोल पाई है। वीर सिंह भारद्वाज ने कहा कि पूर्व सरकार ने बालीचौकी सीएचसी को सिविल अस्पताल का दर्जा दिया था, लेकिन कांग्रेस सरकार ने इसे डिनोटिफाई किया। बालीचौकी के इस स्वास्थ्य संस्थान में तहसील बाली चौकी के अलावा बंजार विधानसभा क्षेत्र की दर्जनों पंचायते भी लाभान्वित होती है। इस अस्पताल में हर रोज 100 से ज्यादा ओपीडी होती है। भाजपा नेता ने कहा कि पूर्व सरकार ने बालीचौकी में ही जल शक्ति विभाग का मंडल कार्यालय, कृषि विभाग में एसएमएस, पुलिस चौकी बाली चौकी को थाने का दर्जा दिया था। इतना ही नहीं बल्कि श्रम कल्याण बोर्ड का कार्यालय बालीचौकी मे खोला गया था, जिसे भी बंद किया गया। वीर सिंह भारद्वाज ने कहा कि उक्त संस्थान दोबारा नहीं खोले तो भाजपा आंदोलन करेगी।(अनंत ज्ञान)

### पवन स्टालिन ने धर्मपुर कॉलेज के छात्रों को बांटा कानून का ज्ञान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर के कैरियर गाइडेंस, काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा एक कानूनी जागरूकता पर लेक्चर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में प्रतिष्ठित अधिवक्ता पवन स्टालिन उपस्थित रहें।



कानूनी सलाह देने के दौरान मौजूद गणमान्य।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रवक्ता विवेकानंद शर्मा द्वारा की गई। इसके पश्चात् प्राचार्य डॉ. रमेश चंद चलारिया द्वारा इस कार्यक्रम में उपस्थित होने पर उनका धन्यवाद किया और छात्रों को कानूनी जागरूकता के महत्व से अवगत करवाया। इसके उपरांत अधिवक्ता पवन स्टालिन ने विधिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर समस्त अध्यापकगण भी उपस्थित रहें।

## मंडी पुलघराट से चोरी पिकअप पुलिस ने रोहड़ू से की बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी**

मंडी के पुल घराट से चोरी हुई पिकअप गाड़ी को सदर पुलिस की टीम ने एसएचओ देशराज के नेतृत्व में चोर के साथ रोहड़ू में धर दबोचा है। मनोज कुमार बल्ह का रहने वाला यह युवक अन्य चोरियों के मामले में भी संलिप्त है।

पुलिस से पूछताछ में इसमें बल्ह में की चोरी को भी कबूला है। सराज से संबंधित एक व्यक्ति ने इस बारे में पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में पीड़ित ने बताया था कि वह शनिवार को अपनी पिकअप गाड़ी एचपी 65-7393 से लुधियाना से आ रहा था। इस दौरान उसे जालंधर के पास सब्जी मंडी में एक व्यक्ति मिला, जो कि बोली से मंडी का निवासी लग रहा था। उसने बताया कि वह चालक है और मंडी जाना है।

इसके बाद जब पीड़ित व्यक्ति शनिवार दोपहर को मंडी पहुंचा तो हाथ मुंह धोने के लिए पुलघराट के पास रुका। जब वह वापस आया तो कार और उक्त व्यक्ति गायब थे। घटना के बाद से सदर पुलिस की टीम इस चोर के पीछे लग गई थी।

### राज्य आईटीआई कर्मचारी संघ ने निदेशक अक्षय से की शिष्टाचार भेंट

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**




शिष्टाचार भेंट के दौरान गणमान्य।

हिमाचल प्रदेश राज्य आईटीआई कर्मचारी संघ के प्रधान ज्ञान चंद संख्यान की अध्यक्षता में नवनियुक्त पदाधिकारियों ने निदेशक, तकनीकी शिक्षा हिमाचल प्रदेश अक्षय सूद से सुंदरनगर में शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान प्रिंसिपल और ग्रुप इंस्ट्रक्टर की प्रमोशन, कॉन्ट्रैक्ट सीनियरिटी, उच्च वेतनमान, भर्ती एवं पदोन्नति नियम को न बदलना, आईटीआई राज्य खेल प्रतियोगिता में सांस्कृतिक और खेलकूद प्रतियोगिताओं को एक साथ करवाना, टाइम स्केल, प्रशिक्षणार्थियों की यूनिफॉर्म में बदलाव, इंस्ट्रक्टर से ग्रुप इंस्ट्रक्टर की 100 प्रतिशत प्रमोशन करना।

निदेशक ने भी सभी विषयों को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वासन दिया की जो मांगे उनके कार्य क्षेत्र में हैं, उन्हें यथाशीघ्र पूर्ण कर दिया जाएगा।

### तीन युवकों से 50 ग्राम चरस बरामद

**सरकाघाट।** थाना पुलिस सरकाघाट ने एक अल्टो कार एचपी 22 डी 6231 से 50 ग्राम चरस बरामद की है। मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार कर केस दर्ज किया है। कार में सवार युवकों की पहचान विनीत कुमार 30 गांव डरोह और योगेश चौहान 27 गांव जंडल व पंचम कुमार 25 गांव बराड़ा के रूप में हुई है।

पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एसएचओ रजनीश ठाकुर ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि नशे के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए यह अभियान जारी रहेगा।

## शक्ति चौहान बने सामान्य वर्ग कल्याण समिति के प्रदेशाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिप्र सामान्य वर्ग कल्याण सभा के राज्य स्तरीय चुनाव डॉ. यशवंत राणा प्रदेशाध्यक्ष शिक्षक महासंघ के पर्यवेक्षण व अध्यक्षता में संपन्न हुए। इसमें प्रदेशाध्यक्ष शक्ति चंद्र चौहान, महासचिव सीताराम शर्मा, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सेन, पंडित गीता राम शर्मा, प्यारेलाल शास्त्री, दीपक चंद्र गौतम, भूतेश्वर चौहान, कर्नल भूपेंद्र जसरोटिया व पंडित नरदेव शर्मा, कोषाध्यक्ष मोहन राम वालिया, सह कोषाध्यक्ष मीनाक्षी, संयुक्त सचिव रामकृष्ण शर्मा, सीताराम शर्मा, पंडित भूषण जोशी, के आर परिहार, श्याम लाल ठाकुर,



सामान्य वर्ग कल्याण समिति के प्रदेश पदाधिकारी व सदस्य।

हितेंद्र पठानिया व पंडित प्रीत मोहन शर्मा बनाए गए।

प्रेस सचिव उधम सिंह चौहान, कानूनी सलाहकार महाल चंद्र चौहान, उप कानूनी सलाहकार चेतन ठाकुर, लेखाकार ओमचंद ठाकुर, संगठनमंत्री कैप्टन काशीराम ठाकुर, पंडित भूषण जोशी, पंडित उत्तम शर्मा, कमल पठानिया, रविंद्र ठाकुर बनाए गए। इसके अलावा निर्मला शर्मा को मातृशक्ति का मुख्य संरक्षक तथा हेमा देवी को मातृ शक्ति रूप समिति का मुख्य सलाहकार बनाया गया है।

### पधर में दिव्यांगों के लिए लगाया शिविर

**अनंत ज्ञान, पधर।** खंड चिकित्सा अधिकारी संजय गुप्ता ने बताया कि नागरिक अस्पताल पधर में मंगलवार को दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नेत्र, हड्डियों, मानसिक, शिशु, नाक कान व गले के रोगियों की जांच की गई। चिकित्सकों ने कुल 56 लोगों की जांच की गई, जिनमें शिशु रोग के 3, मेडिसिन के 7, मनोचिकित्सक रोगों के 4, शल्य चिकित्सा के 4, नेत्र रोग के 8, और हड्डियों की समस्या के 15 लोगों की दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए जांच की गयी। शिशु रोग विशेषज्ञ वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आरएल कौंडल, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. स्वाति सोनी, शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. अभिनव सहित आदि मौजूद रहे।

**चिंता** सुंदरनगर के पुंघ-नौलखा बाईपास प्रभावित लोगों की संयुक्त बैठक आयोजित, कहा-

# एनएचएआई कार्यालय चक्कर में 18 को होगा प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सुंदरनगर के पुंघ-नौलखा बाईपास से प्रभावित लोगों की एक संयुक्त बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में एनएचएआई अधिकारियों द्वारा मानी गई मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई न करने पर चिंता व्यक्त की गई।

बैठक में 18 अक्तूबर को एनएचएआई कार्यालय चक्कर में प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। सर्वजन संरक्षण समिति हिमाचल प्रदेश के राज्य सलाहकार अमर सिंह राघवा ने बताया कि सुंदरनगर बाईपास से संबंधित सुंदरनगर, नगर



बैठक के दौरान मौजूद गणमन्य।

परिषद व मुरारी देवी, लेदा, कलखर तक की लगभग 20 ग्राम पंचायतों की मुख्य मांगों पर चिंतन किया गया। इसमें पुंघ से धनेश्वरी गांव तक संपर्क मार्ग, बस ठहराव, कपाही और पड़सल मुख्य मार्गों को फोरलेन से जोड़ने,घरों और जमीन सुरक्षा आदि के अलावा फोरलेन सड़क के कई जगह से उखड़ने, डगों के खिसकने, पुलों की बेसमेंट के खिसकने व कई जगह किनारे टूटने के मुद्दे को लेकर आंदोलन तेज करने की रणनीति को लेकर 18 अक्तूबर को एनएचएआई कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा।

परियोजना निदेशक की ओर से अगर कोई कार्रवाई उपरोक्त मांगों को नहीं की गई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। बैठक में पूर्ण सिंह, जनक सिंह राघवा, टेक सिंह, हरि सिंह, रमेश कुमार राठौर, श्याम लाल, भूपेंद्र सिंह, दीप राणा, चमन लाल शर्मा, देश राज, कृष्ण सिंह, राज कुमार, पवन कुमार, धर्म सिंह ठाकुर, राम सिंह, कर्म सिंह, जगमेल सिंह, ओमप्रकाश सहित अन्य मौजूद रहे।

### बच्चों पर अनावश्यक बोझ डालना अनुचित : रजत

**मंडी।** खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर भारतीय जनता पार्टी धर्मपुर के पूर्व प्रत्याशी एवं युवा नेता रजत ठाकुर ने विरोध जताया है। उन्होंने कहा की आयोजन खेल को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण से सराहनीय है, लेकिन जिस तरह से बच्चों और अध्यापकों पर अनावश्यक बोझ डाला जा रहा है, वह पूर्णत: अनुचित और तुगलकी निर्णय है। रजत ठाकुर ने कहा कि कक्षा चौथी और पांचवीं के बच्चों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बाध्य करना अनुचित है, क्योंकि यह उनकी आयु और शारीरिक क्षमता के अनुरूप नहीं है। विधायक चंद्रशेखर को इस आयोजन के लिए आवश्यक सभी प्रबंध करने चाहिए।

## पेंशनर्स के एरियर पर विद्युत परिषद कुंडली मारकर बैठा है : केएस जम्वाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



बैठक के दौरान मौजूद गणमान्य।

विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम सुंदरनगर इकाई की बैठक का आयोजन सुंदरनगर के सुकेत सिनेमा परिसर में प्रधान केएस जम्वाल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में हिमाचल सरकार के विभिन्न आदेशों के अनुरूप 2016 के बाद सेवानिवृत हुए पेंशनर्स को उनकी बढ़ी हुई पेंशन, ग्रेच्युटी, लीव एनकैशमेंट तथा डीए आदि के एरियर्स की दो किस्तें देने के विपरीत हिमाचल विद्युत परिषद द्वारा पिछले 2 वर्ष से एक भी किस्त अपने पेंशनर्स को न देने का कड़ा संज्ञान लिया और विद्युत परिषद की इस प्रकार की लच्चर कार्यप्रणाली के विरोध में एक निंदा प्रस्ताव पारित किया।

केएस जम्वाल ने कहा कि विद्युत परिषद सरकारी आदेशों के अनुरुप किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं कर रहा है और अपने पेंशनर्स के देय एरियर्स के ऊपर कुंडली मारकर बैठा हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### जटहेड़ी पाठशाला में 'समर्थ 24' का आयोजन




**विनोद शर्मा, लठियानी।** इंटरनेशनल डे फॉर डिजास्टर रिस्क रिडक्शन के मौके पर जटहेड़ी पाठशाला में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। डीएम पंकज कुमार और पीटीआई प्रभात सिंह के नेतृत्व में मॉकड्रिल की गई। इसमें विद्यार्थियों को भूकंप और आग जैसी आपदाओं से निपटना सिखाया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य अशोक धीमान ने कहा कि आपदाओं के दौरान सही जानकारी और त्वरित कार्रवाई से युवाओं की मदद से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। इस दौरान आपदा के समय अपनी जान खोने वालों की याद में 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। स्कूल के प्रवक्ता शशि पाल ने विद्यार्थियों को बताया कि अपना बचाव और दूसरों के बचाव के लिए क्या करना चाहिए। राहत कार्यों पर विस्तार से जानकारी दी गई। 'समर्थ 24' कार्यक्रम में स्लोगन लेखन, निबंध प्रतियोगिता भी करवाई गई। इस मौके पर नरेश कुमार, रणजीत सिंह, विजेंद्र कुमार, रमेश कुमार, बिशन सिंह, नवीन कुमार, अंजना कुमारी एवं सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### एनएसएस के छात्रों ने निकाली प्रभात फेरी



**अनंत ज्ञान, लठियानी।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां के राष्ट्रीय सेवा योजना के दूसरे दिन स्वयंसेवियों ने सुबह स्कूल से प्रभात फेरी निकाल कर प्रभु राम के उद्घोष के साथ स्थानीय लोगों को जागृत किया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी नंदलाल एवं सह कार्यक्रम अधिकारी संयोगिता भी भी साथ थे। प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने कहा कि आपदाओं के दौरान सही जानकारी एवं शीघ्र करवाई से युवाओं की मदद से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवियों एवं स्कूल के विद्यार्थियों को भूकंप से बचने के लिए माकड्रिल भी कार्रवाई गई। आज के बौद्धिक सत्र में लुधियाना से सुनील कुमार ने बताया कि आज के समय में इंटरनेट हमारे जीवन का एक अहम अंग बन चुका है। इंटरनेट से जहां कई फायदे भी हैं, तो कई जोखिम भी हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के अधिकारी नंदलाल, राधिका धीमान, संयोगिता शर्मा, कांता देवी साक्षी गर्ग, पवन कुमार, अजय, अमित कुमार, देवेंद्र सिंह, बलविंद्र शर्मा, प्रवेश कुमार, अमित राणा, रामकली, पवना, अमित कुमार इत्यादि सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### छात्रों ने रोड सेफ्टी पर रैली निकाली




**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** संत ढांगू वाले गुर्जर राजकीय महाविद्यालय बीटन में रोड सेफ्टी क्लब तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया। इस जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों तथा जनमानस को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में मूलभूत एवं महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना था। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता गोयल द्वारा विधिवत रूप से इस रैली को बीटन गांव को रवाना किया। सेफ्टी क्लब के विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने राहगीरों को यातायात व सड़क सुरक्षा के नियमों की अहम जानकारी प्रदान की। इस रैली में रोड सेफ्टी क्लब की समन्वयक डॉ. रीना चंदेल, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिलीप बाली के अतिरिक्त प्रोफेसर ज्योति भी जागरू कता रैली में उपस्थित रहे। बीटन गांव में सड़क सुरक्षा जागरुकता का प्रचार एवं प्रसार करने के पश्चात् ये ये रैली पुनः महाविद्यालय पहुंची तथा यह संकल्प लिया कि वह सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी समाज के हर वर्ग तक पहुंचाएंगे।

### सन्हाल स्कूल में आपदा प्रबंधन पर किया जागरूक



**बंगाणा।** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सन्हाल स्कूल में मंगलवार को आपदा प्रबन्धन पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे कंपनी कमांडर हंसराज की अध्यक्षता में सन्हाल स्कूल के प्रशिक्षाणार्थियो को आपदा के समय करने वाले बचाव कार्यों की जानकारी दी गई कार्यक्रम में गृह-रक्षा कंपनी बंगाणा की और से मॉक ड्रील भी की गई जिसके माध्यम से स्कूल के छात्रों व कर्मचारियों को भूकम्प से बचाव, बाढ से दूर रहना, आग से बचाव, प्राकृतिक आपदा में सहायता करना व नशा से दूर रहने की जानकारी दी गई । जिसमे सन्हाल सकूल के प्रधानाचार्य श्री संदीप कुमार व अध्यापक वर्ग गृह-रक्षा विभाग के हवलदार अजय कुमार और राजिन्द्र कुमार मौजूद रहे !

### अनमोल का राज्य स्तरीय एथलीट मीट में चयन




**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भद्रकाली के होनहार छात्र अनमोल का चयन राज्य स्तरीय एथलीट मीट के लिए हुआ। स्कूल प्रधानाचार्य सतपाल वशिष्ट ने बताया कि धमांदरी पाठशाला में आयोजित दो दिवसीय अंडर -14 लड़कों की जिला स्तरीय एथलीट मीट प्रतियोगिता में सातवीं कक्षा के छात्र अनमोल ने 600 मीटर की दौड़ में उम्दा प्रदर्शन करते हुए राज्यस्तरीय एथलीट मीट प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई है। इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य तथा स्टाफ ने स्कूल पहुंचने पर अनमोल का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी है, यदि आप कड़ी मेहनत करते है तो आप अपनी परियोजनाओ में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि परिश्रम व्यक्ति की असली पूंजी होती है, जिसके माध्यम से वह मनचाही सफलता प्राप्त कर सकता है। जीवन में किसी चीज पाने के लिए कठिन परिश्रम बहुत जरूरी होता है । इस मौके पर स्कूल स्टाफ तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### डंगेडा में कुएं में गिरी बिल्ली की जान बचाई



**ऊना ।** ऊना की फायर टीम ने मंगलवार को स्थानीय गांव डंगेडा में कुएं में गिरी बिल्ली का रेस्क्यू कर जान बचाई। फायर टीम को पूर्व प्रधान कमल देव ने सूचना दी कि गांव डंगेडा में एक खुले व गहरे कुएं में एक बिल्ली जिंदगी व मौत के बीच जूझ रही है। रेस्क्यू काल की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करते अग्निशमन अधिकारी ऊना सुरेश कुमार की टीम ने मौका पर पहुंचकर रस्सों व लेडर की सहायता से कुएं में गिरी बिल्ली को सुरक्षित बाहर निकाल बाहर छोड़ दिया। अग्निशमन अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि बिल्ली को कुुएं से सुरक्षित बाहर निकाल कर छोड़ दिया गया है । पूर्व प्रधान ने बिल्ली की जान बचाने के लिय फायर टीम का आभार जताया। टीम में फायरमैन मुकेश कुमार, चंद्रमोहन, अमित कुमार और पवन कुमार आदि उपस्थित रहे।

### उपमुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय अंडर 19 (बालक वर्ग) प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

# शिक्षा क्षेत्र पर खर्चे जा रहे 9800 करोड़: मुकेश

**राजेश शर्मा, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मंगलवार को राज्य स्तरीय अंडर 19 (बालक वर्ग) प्रतियोगिता का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) ऊना में शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों (लाहौल-स्पीति को छोड़कर) और 5 स्पोर्ट्स होस्टल नादौन, पपरोला, रोहड़ू, सुंदरनगर व ऊना के कुल 730 छात्र भाग ले रहे हैं।

इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में फुटबाल, हॉकी, बास्केटबाल और हैंडबाल की प्रतियोगिताएं होंगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के मार्चपास्ट की सलामी ली। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने रंगारग सस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

उपमुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि वे आने वाले समय में खेल जगत में अपनी उपलब्धियों से प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव के लिए प्रयासरत है। प्रदेश में स्कूलों की संख्या बढ़ाने की बजाए गुणवतायुक्त और जीवनोपयोगी शिक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसी मकसद से सरकार ने पिछले साल की तुलना में इस बार शिक्षा बजट में 1 हजार करोड़ की बढ़ोतरी की है। प्रदेश में इस बार शिक्षा क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण पर लगभग 9800 करोड़ व्यय किए जा रहे हैं।

इस दौरान सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा तिलक सिंह ने खेल संबंधी ब्यौरा दिया व उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उपनिदेशक उच्च शिक्षा ऊना राजेंद्र कौशल ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर ऊना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अशोक ठाकुर, पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, प्रधानाचार्य सुरेंद्र कौंडल, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा सोम पाल धीमान व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



राज्य स्तरीय अंडर 19 (बालक वर्ग) प्रतियोगिता का शुभारंभ करते डिप्टी सीएम।

#### बीजेपी नेताओं को दी नसीहत

अग्निहोत्री ने प्रदेश के आर्थिक दिवालिया होने की अफवाहें फैलाने वाले बीजेपी नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि उनको यह पता होना चाहिए कि सरकार ने अकेले शिक्षा क्षेत्र में ही जब इतनी बड़ी बढ़ोतरी की है, तो यह प्रदेश की मजबूत आर्थिक स्थिति की ही बानगी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुछ स्कूलों के बंद किए जाने पर स्पष्ट किया कि सरकार ने ऐसे स्कूलों को बंद किया है, जिनमें बच्चों की जीरो एडमिशन है। उन्होंने कहा कि जहां जरूरत होगी, नए स्कूल खोले जाएंगे। ऊना विधानसभा क्षेत्र के बसदेहड़ा में कॉलेज खोलने की प्रतिबद्धता दोहराई।

#### हर विस क्षेत्र में खुलेगा डे-बोर्डिंग स्कूल

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में एक राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोल रही है। पहले चरण में प्रदेश में 18 डे-बोर्डिंग स्कूलों को मंजूरी दी गई है, इनमें 8 लगभग बनकर तैयार होने को हैं।

#### खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में 3 प्रतिशत कोटा

उन्होंने इस पर प्रसन्नता जताई कि आज खेलों को लेकर समाज के दृष्टिकोण में बदलाव आया है। अब बच्चे शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी आगे बढ़ रहे हैं। इससे एक नई खेल संस्कृति बलवती हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने खेलों में पदक विजेताओं और प्रदेश व देश का नाम ऊंचा करने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में 3 प्रतिशत कोटे का प्रावधान किया है। इसके अलावा खिलाड़ियों को सम्मान राशि में भी बढ़ोतरी की गई है। पैरालंपिक में रजत पदक जीतने वाले ऊना के अंब के निषाद कुमार को सरकार ने 3 करोड़ रुपए की सम्मान राशि प्रदान की है।

## बढेड़ा स्कूल में बच्चों के लिए लगी पुलिस की पाठशाला

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

हरोली पुलिस की मुहिम पुलिस की पाठशाला धीरे-धीरे हरोली हलका के सभी शिक्षण संस्थाओं मे अपना घर कर रही है। मुहिम का मुख्य लक्ष्य नशे के खिलाफ बच्चों व युवाओं को जागरूक करना है। मुहिम की शुरुआत हरोली थाना के प्रभारी सुनील ने हरोली मे बढ़ रहे नशे के केसों को देखते हुए अगस्त 2023 में की थी।

हरोली हलका पंजाब बार्डर के साथ सटा हुआ है, जिस कारण एक तो नशे को ट्रांसपोर्ट करने का रूट भी रहता है व कई युवा पंजाब मे जाकर भी नशे का सेवन करके आते हैं। हरोली पुलिस के उपपुलिस अधीक्षक मोहन रावत व थाना प्रभारी सुनील संख्यान के नेतृत्व मे नशे पर रोक लगाने तथा साथ-साथ बच्चों व युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है, जिसके सटीक रिजल्ट आने भी शुरू हुए हैं।

इसी कड़ी में मंगलवार को हरोली पुलिस ने प्रभारी थाना के नेतृत्व मे बढेड़ा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे 7 दिन के कैंप मे पहुंचकर विद्यार्थियों को जागरूक किया। इस दौरान प्रधानाचार्य, अध्यापक तथा विद्यार्थी मौजूद रहे।

थाना प्रभारी ने स्कूली बच्चों से अपील की है कि नशे के खिलाफ एकजुट होकर सामने आएं व पुलिस का सहयोग करें, तभी नशे पर लगाम लगाई जा सकती है।

इस कार्यक्रम पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शोभा कुमारी, प्रोग्राम ऑफिसर राजेंद्र कुमार, रुचिका शर्मा, प्रवक्ता आशा देवी, कमलेश कुमारी, संजीव कुमार, विक्रम सिंह तथा एसएमसी प्रधान आदि शामिल रहे।



थाना प्रभारी को सम्मानित करता स्कूल स्टाफ।

## राधे-राधे की धुनों से गूंजा गोंदपुर बनेहड़ा, बाबा बाल का भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

गोंदपुर बनेहड़ा में मंगलवार को बाबा बाल जी का राधेकृष्ण सीताराम शिवपार्वती दुर्गा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उनके आगमन पुष्पमालाओं से संगत ने उनका भव्य स्वागत किया। पूरा गोंदपुर बनेहड़ा राधे-राधे शाम मिलादे की धुनों से गूंज रहा था।

बाबा बाल जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि हमें अधिक से अधिक प्रभु सिमरन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि मानव जीवन 84 लाख योनियों के बाद प्राप्त होता है और हमें इसका सदुपयोग करते हुए गरीब दीन दुखियों की सहायता करनी चाहिए और सदैव सत्कर्म के लिए आगे बढ़ना चाहिए। बाबा बाल जी महाराज पूरी संगत को अपने सत्संग से निहाल कर दिया। पंडाल पूरा भक्तिमय माहौल में हो गया था श्रद्धालुओं ने उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। भजन कीर्तन सत्संग के बाद श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद भी ग्रहण किया। इस धार्मिक कार्यक्रम में गांव के लोगों ने सहयोग किया ।



श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते बाबा बाल।

## खंड विकास परिसर में निर्माण को लेकर पंचायत समिति गगरेट मुखर

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

खंड विकास कार्यालय परिसर में प्रस्तावित मिनी सचिवालय के निर्माण को लेकर पंचायत समिति गगरेट ने आपत्ति जाहिर की है। मंगलवार को पंचायत समिति की त्रैमासिक बैठक में खंड विकास कार्यालय परिसर में प्रस्तावित मिनी सचिवालय का मुद्दा उठा। इस पर पंचायत समिति ने बकायदा प्रस्ताव पारित कर जमीन की कमी का हवाला देते हुए मिनी सचिवालय कहीं और बनाने के लिए प्रस्ताव पारित किया।

इसके साथ ही पंचायत समिति की दुकानों के अरसे से फंसे हुए लाखों रुपए के किराये की रिकवरी के लिए भी उपसमिति का गठन किया गया है। बैठक में गगरेट क्षेत्र में बिक रहे फास्टफूड की गुणवत्ता जांचने के लिए भी प्रस्ताव पारित कर स्वास्थ्य विभाग को भेजा गया है। मंगलवार को पंचायत समिति की चेयरपर्सन रीता धीमान की अध्यक्षता में हुई पंचायत समिति की त्रैमासिक बैठक में समिति सदस्यों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी भाग लिया।

पंचायत समिति की बैठक में खंड विकास कार्यालय परिसर में प्रस्तावित मिनी सचिवालय जिसका शिलान्यास मुख्यमंत्री द्वारा किया गया है, उसे कहीं और स्थानांतरित करने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। समिति सदस्यों ने कहा कि पहले ही खंड विकास कार्यालय परिसर में जमीन की कमी है। यहां सिर्फ एक मैदान है, जिसका प्रयोग पार्किंग के साथ-साथ ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों की बैठकों के लिए किया जाता है। यही नहीं बल्कि अगले साल पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव प्रस्तावित हैं, ऐसे में अगर जगह ही नहीं होगी तो कैसे पोलिंग पार्टियों को यहां बुलाया जाएगा और कैसे अन्य कार्य होंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रस्ताव की एक प्रतिलिपि विधायक राकेश कालिया को भी सौंपी जाए ताकि इस समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

पंचायत समिति की दुकानें जो दौलतपुर चौक व गगरेट में किराए पर दी गई हैं, उनका भी कई साल का किराया अभी बकाया है। समिति ने अब इस किराये की उगाही के लिए एक उप समिति का गठन किया है। उप समिति दुकानदारों के साथ पच्चीस अक्तूबर को बैठक करेगी और उन्हें किराये की अदायगी के लिए प्रेरित किया जाएगा। बैठक में सहायक पंचायत निरीक्षक का पद रिक्त होने का मुद्दा भी उठा। समिति ने प्रस्ताव पारित कर प्रदेश सरकार से मांग की है कि पंचायतों के कार्य सुगमता से चलाने के लिए यहां व्यापक स्टाफ की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही लोगों की सेहत को ध्यान में रखते हुए गगरेट क्षेत्र में हर गली नुक्कड़ पर चतल रही फास्टफूड की दुकानों की जांच करने की मांग भी उठी और बकायदा प्रस्ताव पारित कर स्वास्थ्य विभाग को भेजा गया।

इसके साथ लोक निर्माण विभाग से खस्ताहाल वर्षाशालिकाओं की भी सुध लेने की मांग की गई। बैठक में खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र जेटली, पंचायत समिति के वाइस चेयरमैन प्रिंस जसवाल, अनिल डढवाल, तरसेम सिंह, कृपाल सिंह, सुखराज सिंह, काजल, निशा, प्रियंका, शिवानी, रक्षा देवी, मंजू कुमारी, सीमा देवी, सरला देवी, बीना देवी सहित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



पंचायत समिति गगरेट की बैठक में समिति सदस्य व अधिकारी।

## हेरोइन की खेप के साथ ज्वालाजी का युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** गगरेट पुलिस ने मंगलवार को होशियारपुर से हेरोइन की खेप लेकर आ रहे ज्वालाजी के एक युवक को पकड़ने में सफलता हासिल की है। गगरेट पुलिस ने इस संबंध में मादक द्रव्य पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। गगरेट पुलिस ने मंगलवार को शिवबाड़ी के समीप नाका लगाया हुआ था। इस दौरान एक युवक बाइक पर आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस को देखकर उक्त युवक घबरा गया।

पुलिस ने जब शक के आधार पर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 2.24 ग्राम हेरोइन जैसा पदार्थ बरामद हुआ। युवक की पहचान चमन लाल पुत्र अर्जुन सिंह गांव सुंदगल तहसील ज्वालाजी के रूप में हुई है। उक्त युवक नालागढ़ में एक पेट्रोल पंप पर कार्यरत है। गगरेट पुलिस द्वारा अब तक हेरोइन तस्करी के जितने मामले पकड़े गए हैं, उनमें अधिकांश आरोपी कांगड़ा व हमीरपुर जिले के हैं। इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि हेरोइन जैसे घातक नशे ने प्रदेश के लगभग हर कोने तक अपनी पहुंच बना ली है। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मादक द्रव्य पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### हैंडवॉशिंग डे मनाया




**ऊना ।** मंगलवार को राजकीय प्राथमिक पाठशाला ककराना में ग्लोबल हैंडवॉशिंग डे मनाया गया, जिसमें बच्चों के सभी अभिभावकों ने भी भाग लिया। यह कार्यक्रम अंबुजा फाउंडेशन के सहयोग से विद्यालय में आयोजित किया गया। ज्ञात रहे कि इस विद्यालय में लगभग 50 विद्यार्थी पढ़ते हैं। स्कूल में दो अध्यापक हैं और मुख्य अध्यापक शिवकुमार की मेहनत से स्कूल दिन-प्रतिदिन उन्नति कर रहा है। विद्यालय में सभी कक्षाओं को अंग्रेजी मीडियम में पढ़ाया जाता है और हर नई योजना के तहत बच्चों को ज्ञान दिया जाता है। आज इस दिवस पर अंबुजा फाउंडेशन की ओर से निर्देश कुमार मनोहर लाल, सुरेश कुमार, सुनील कुमार उपस्थित रहे। यह दिवस क्योंकि हमारे शरीर की सफाई से जुड़ा हुआ है, उसके लिए बच्चों को जागृत करने के हेतु डॉक्टर हिमांशु और डॉक्टर संजीव पठानिया ने भी शिरकत की। उन्होंनउपस्थित सभी अभिभावकों और बच्चों को जागरूक करते हुए कहा की यदि हम अपने हाथ बिलकुल साफ रखेंगे तो कोई भी बीमारी हमारे नजदीक नहीं फटकेगी। कार्यक्रम में पधारे शिक्षा विभाग के उपशिक्षा निदेशक एलिमेंट्री सोमालाल धीमान ने कहा कि यह स्कूल जिले में उत्कृष्ट स्कूलों में से एक है, यह तभी संभव हो सकता है या वहां पर कार्य करने वाले अध्यापक स्कूल को और बच्चों को अपना समझ कर कार्य करें। उन्होंने सभी बच्चों को पर्यावरण को स्वच्छ रखने अपने शरीर की सफाई रखना तथा हर बच्चे को एक हफ्ते में दो पेड़ लगाने का भी आग्रह किया ताकि ग्लोबल वार्मिंग से बचा जा सके। विद्यालय के मुख्य अध्यापक की भी उन्होंने उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा की। स्कूल प्रबंधन कमेटी तथा स्कूल प्रशासन से उन्होंने कहा कि बच्चों के विकास के लिए कोई भी कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।

## सेवानिवृत्त मेजर रैंक से पदोन्नत लेफ्टिनेंट कर्नल का जोरदार स्वागत



रघवीर सिंह के गृह क्षेत्र में उनका स्वागत करते गणमान्य व अन्य।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।**

हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना उपमंडल बंगाणा क्षेत्र की खरयालता पंचायत के समाजसेवी व सेवानिवृत्त मेजर रैंक से पदोन्नत लेफ्टिनेंट कर्नल रघवीर सिंह का उसके गृह क्षेत्र में जोरदार स्वागत किया। रघवीर सिंह ने बताया कि 16 साल पहले मेजर रैंक से सेवानिवृत्त हुए थे, परंतु किन्हीं कारणों से लेफ्टिनेंट कर्नल पद से वंचित रह गए थे।

इसके लिए हमने सर्वोच्च न्यायालय तक अपने हक की लड़ाई लड़ी और आज 16 साल बाद मेजर रैंक से पदोन्नत लेफ्टिनेंट कर्नल पद पर आसीन हुए जिसके हम हकदार थे।

रघवीर सिंह ने कहा कि वे आज जो कुछ भी हैं अपने स्वर्गीय माता-पिता रत्न चंद -सत्या देवी के आशीर्वाद व बड़े भाई भाभी रणजीत सिंह व शीला देवी के मार्गदर्शन व छोटे भाई बहन रणवीर सिंह, राजेंद्र सिंह बहन सुमन कुमारी बहनोई शेर सिंह के स्नेह व गुरु जनों तथा क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद का परिणाम है। इसमें सबसे बड़ा योगदान धर्मपत्नी उषा देवी का सहयोग रहा है।

## जिला स्तरीय संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक 22 अक्तूबर को

**ऊना।** जिला स्तरीय संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक 22 अक्तूबर को प्रातः 11 बजे बचत भवन ऊना में उपायुक्त ऊना जतिन लाल की अध्यक्षता में होगी। यह जानकारी सहायक आयुक्त वरिन्द्र शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि बैठक में हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला ऊना से संबंधित अराजपत्रित कर्मचारियों के विभिन्न मांगों व समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को बैठक में स्वयं उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं ताकि मौके पर निर्णायक चर्चा की जा सके।

**आयोजन** कृषि पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

# कृषि के विषयों पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राज्य कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान समेती शिमला की ओर से कृषि से संबंधित बीज, औजार और दवाइयां बेचने वाले विक्रेताओं के प्रशिक्षण हेतु रामपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में शिविर लगाया गया। इस प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ प्रशिक्षण केंद्र के प्रभारी निदेशक डॉ नवनीत सूद द्वारा किया गया।

उन्होंने इस शिविर में प्रशिक्षण हासिल कर रहे प्रशिक्षण हासिल करने वालों को विभिन्न विषयों के बारे में रोचक जानकारी उपलब्ध करवाई और प्रशिक्षण की जरूरत को लेकर जानकारी साझा की।

उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से किसानों को और लाभ मिल सकता है, इससे किसानों की उपज और लागत के बीच जो अंतर है, उसमें भी सामान्य आ सकती है। इस अवसर पर कृषि विभाग के प्रशिक्षण संस्थान के विषयबाद विशेषज्ञ समेत के विशेषज्ञ द्वारा कृषि के विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम 40 शैक्षणिक सत्र लगाए जाते हैं और फील्ड विजिट भी की जाती है। इस अवसर पर प्रशिक्षण केंद्र के विषयवाद विशेषज्ञ डॉक्टर पुनीत डोगरा, आतमा परियोजना निदेशक डॉ. वीरेंद्र कुमार बग्गा, उपपरियोजना निदेशक डॉ. संतोष शर्मा, शामली गुप्ता, तकनीकी सहायक जेएल शर्मा और सोनिया शर्मा शामिल रहे।



निदेशक प्रशिक्षण का स्वागत करते परियोजना निदेशक डॉ. वीके बग्गा।




# अधिष्ठाता की सेवा में लीन हुए महेश्वर सिंह

## राज परिवार से जुड़ा है दशहरा उत्सव का महत्व, सात दिनों तक महेश्वर सिंह का राजनीति से किनारा, देवनीति में व्यस्त

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू के अधिष्ठाता देव भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव में प्राचीन परंपराओं को निभाने में लीन हो गए हैं। दशहरा उत्सव का इतिहास और महत्व राज परिवार से जुड़ा है और यही कारण है कि भगवान रघुनाथ जी की रथ यात्रा के साथ ही लंका दहन तक कुल्लू के राजा महेश्वर सिंह को देवनीति परंपरा निभानी पड़ती है।

महेश्वर सिंह सात दिनों तक पूजा-अर्चना में व्यस्त रहेंगे और हर दिन दोपहर बाद राजा की जलेब में भाग लेंगे। महेश्वर सिंह दशहरा उत्सव के तीसरे दिन भी देवनीति को छोड़कर देव कारजों में व्यस्त रहे और हर साल की तरह इस बार भी उन्होंने दशहरा उत्सव के मद्देनजर राजनीति से पूरी तरह किनारा कर लिया है और देवनीति में व्यस्त हो गए हैं। हर वर्ष दशहरा उत्सव के दौरान भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार का दायित्व निभाने वाले महेश्वर सिंह अपना राजनीतिक कार्य छोड़कर अपनी परंपरा का निर्वहन करते हैं और भगवान रघुनाथ जी की सेवा में जुटे रहते हैं।

उत्सव के दौरान उन्हें रघुनाथजी का मुख्य छड़ीबरदार होने के कारण सुबह, शाम दशहरा में लगे देवी-देवताओं के अस्थायी शिविरों में उपस्थित रहना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)



भगवान रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर में अपने अधिष्ठाता की सेवा में लीन महेश्वर सिंह।

### परंपराओं का बखूबी हो रहा निर्वहन

दशहरा उत्सव के दौरान हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान रघुनाथ जी की परंपराओं का बखूबी निर्वहन हो रहा है। इस देवकारज में मैं सात दिनों तक अन्य कार्य को छोड़कर भगवान के अस्थायी शिविर में पुजारियों के साथ अधिष्ठाता की सेवा करता हूं। इसी कड़ी में इस बार भी महाराज की सेवा कर रहा हूं। **महेश्वर सिंह, मुख्य छड़ीबरदार भगवान रघुनाथजी।**

### रघुनाथ के शिविर में देवी देवता हर दिन भर रहे हाजिरी

**अंतरराष्ट्रीय** दशहरा उत्सव का मुख्य आकर्षण रहने वाले अधिष्ठाता भगवान रघुनाथ का अस्थायी शिविर भक्तिमय हो उठा है। देवता के अस्थायी शिविर में सुबह से शाम तक घाटी के आराध्य देव अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर शीश नवा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को उत्सव के तीसरे दिन भी सुबह के समय ही भगवान रघुनाथ जी की षोडशोपचार के बाद भव्य श्रृंगार किया गया तथा राम सीता, हनुमान व नरसिंह भगवान की ही विधिवत तरीके से पूजा की गई। अस्थायी शिविर में भगवान के भजनों व जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो उठा। अस्थायी शिविर में रघुनाथ जी के समक्ष यह सिलसिला और उत्सव की रस्में अंतिम दिन तक चलती रहेंगी। शिविर में दिनभर देश-विदेश के पर्यटकों का आना जारी है। पूरा ढालपुर मैदान देव वाद्ययंत्रों की थाप से गूंज उठा है और सैकड़ों देवी-देवताओं की उपस्थिति में भगवान रघुनाथ का शिविर भक्तिमय हो उठा है।



रथ मैदान में खेल उत्सव के शुभारंभ अवसर पर शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह खिलाड़ियों के साथ



अंतरराष्ट्रीय दशहरा कमेटी के अध्यक्ष देवी-देवताओं से आशीर्वाद लेते हुए।

## विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी दमखम दिखा रहे खिलाड़ी

**कुल्लू।** अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के दौरान जहां विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। वहीं, मंगलवार को उत्सव के तीसरे दिन रथ मैदान में खेल उत्सव राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का भी शुभारंभ हुआ।

रथ मैदान में वॉलीबाल, कबड्डी और बॉक्सिंग के मुकाबले खेले जा रहे हैं। इस साल प्रतियोगिता नॉर्थ जोन के बजाय राष्ट्रीय स्तर की करवाई जा रही हैं। इसमें देश भर के खिलाड़ी मैदान में दमखम दिखा रहे हैं। वहीं, रथ मैदान में ही ग्रामीण खेल उत्सव का भी आयोजन हो रहा है। इसमें कबड्डी व वॉलीबाल की महिला व पुरुष वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं, जिसमें जिले के अलावा प्रदेशभर के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। खेल उत्सव व ग्रामीण खेल उत्सव में महिला व पुरुष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। लिहाजा, कुल्लू में आयोजित हो रहे दशहरा उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची है। वहीं, खेलकूद प्रतियोगिताएं भी शुरू हो गई हैं, जोकि तीन दिनों तक चलेंगी।

### स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद जरूरी : विक्रमादित्य सिंह

अंतरराष्ट्रीय दशहरा पर्व की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह मुख्यातिथि रहे। इससे पूर्व उन्होंने रथ मैदान में खेल उत्सव का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीण खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद जरूरी है इसलिए नियमित खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए। इस दौरान मंच पर जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार व जिला खेल अधिकारी कविता ठाकुर द्वारा मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह, टोपी व टी शर्ट भेंट कर सम्मानित किया गया।



लाल चंद प्राथी कलाकेंद्र में दिन के समय आयोजित हो रही कुल्लवी नाटी प्रतियोगिता में प्रस्तुति देती हुई नाटी की टीम।

## सीपीएस सुंदर ने देवी-देवताओं के अस्थायी शिविरों में जाकर नवाया शीश

**कुल्लू।** दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर जहां दशहरा उत्सव के दौरान व्यस्त हैं, लेकिन अपने इस व्यस्त शेड्यूल के बीच वे देवी-देवताओं के अस्थाई शिविरों में जाकर माथा टेकना नहीं भूल रहे हैं। मंगलवार को उन्होंने दशहरे में जिलेभर से आए देवी-देवताओं के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। उन्होंने सुबह 10 बजे अस्थायी शिविरों में जाकर देवताओं के समक्ष शीश नवाया। सीपीएस ने खुडीजल के साथ व्यास ऋषि, शमशरी महादेव, टकरासी नाग, कोट भझारी, बिशलू नाग, जोगेश्वर महादेव, पांचवीर, शेष नाग चोतरू, शेष नाग जिभी, मार्कंडेय ऋषि पेड़चा, शृंगा ऋषि, माता बूढ़ी नागिन, रियालू नाग समेत करीब 100 से अधिक देवी-देवताओं के दर्शन किए। सभी देवताओं के कारदारों ने उनका स्वागत किया। देवताओं की तरफ से उन्हें बागा (शाली) दी गई। इस दौरान सीपीएस ने कारदारों और देवलुओं को मिल रही सुविधा के बारे में भी जाना।





दशहरा उत्सव के दौरान आयोजित ग्रामीण खेल उत्सव में भाग लेते कबड्डी खिलाड़ी (दाएं) महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेते हुए खिलाड़ी।



स्वास्थ्य विभाग के भुंतर स्थित नशा मुक्ति केंद्र की ओर से कुल्लू के प्रदर्शनी मैदान में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए विभाग के कर्मचारी।

# आरबीआई शिमला ने कुल्लू दशहरे में लिया भाग, सक्रिय प्रयासों के लिए की सराहना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक अनुपम किशोर, कुल्लू के डीसी और अन्य प्रतिष्ठित अधिकारियों की उपस्थिति में आरबीआई के कियोस्क का उद्घाटन किया।




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), शिमला ने वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए एक समर्पित कियोस्क स्थापित कर प्रतिष्ठित अतररष्ट्रीय कुल्लू दशहरा महोत्सव में अपनी भागीदारी दर्ज की। उद्घाटन के दौरान, गवर्नर शुक्ल ने भारतीय रिजर्व बैंक की 90वीं वर्षगांठ पर सराहना की, देश के वित्तीय परिदृश्य में संस्था द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका और वित्तीय जागरूकता फैलाने में सक्रिय प्रयासों के लिए आरबीआई की सराहना की। उन्होंने टिप्पणी की, यह पहल समाज के हर वर्ग तक वित्तीय साक्षरता सुनिश्चित करने के लिए आरबीआई की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस तरह के आयोजन वित्तीय ज्ञान के अंतर को दूर करने और जनता को उनके वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करने का सही अवसर हैं। राज्यपाल शुक्ल ने इस बात पर जोर दिया कि आरबीआई की डिजिटल भुगतान पहल और सार्वजनिक जुड़ाव के प्रति यह चल रही प्रतिबद्धता सूचित वित्तीय निर्णय लेने के लिए आवश्यक ज्ञान के साथ नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए आरबीआई के समर्पण को दर्शाती है।

# लाव-लश्कर के साथ निकली भगवान नरसिंह की जलेब



दशहरा उत्सव के तीसरे दिन ढालपुर से लाव-लश्कर के साथ गुजरती भगवान नरसिंह की जलेब।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के तीसरे दिन भी लाव लश्कर के साथ भगवान नरसिंह की शाही जलेब निकली और भगवान रघुनाथजी के मुख्य छड़ीबारदार महेश्वर सिंह ने पालकी पर सवार होकर पूरे शहर की परिक्रमा की।

तीसरे दिन रूपी घाटी के सात देवी-देवताओं ने जलेब में भाग लिया, जिनमें देवता लक्ष्मी नारायण ज्येष्ठा, देवता जमलू हवाई, गौतम ऋषि मनिहार, चमन ऋषि नजां, भृगु ऋषि आषनी, उडसू के जमदग्नि ऋषि शामिल हुए। अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में जहां हर परंपरा व रीति-रिवाज का अपना ही महत्व है। वहीं, भगवान नरसिंह की जलेब भी विशेष महत्व रखती है। दशहरा उत्सव के दूसरे दिन से लेकर छठे दिन तक रोजाना शाम के समय जलेब निकाली जाती है, जिसमें भगवान रघुनाथजी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह पालकी पर सवार होकर देवी-देवताओं के साथ ढालपुर स्थित राजा की चनणी से लेकर पूरे ढालपुर की परिक्रमा करते हैं। इसी कड़ी में उत्सव के तीसरे दिन मंगलवार को वाद्ययंत्रों की थाप पर और लाव लश्कर के साथ सात देवताओं ने जलेब में भाग लिया। कुल्लू शहर के रक्षक माने जाने वाले भगवान नरसिंह की अलौकि एवं भव्य जलेब में देवलु व देवता झूमते-नाचते हुए शहर की परिक्रमा में शामिल हुए।

### शुभ माना जाता है जलेब का निकलना

**भगवान** नरसिंह की इस जलेब का निकलना दशहरा उत्सव में शुभ माना जाता है और लोगों के लिए यह आकर्षण का केंद्र होती है। यह जलेब पुराने समय में कानून व्यवस्था बनाए रखने और बुरी आत्माओं से बचने के लिए निकाली जाती थी। सदियों से चली आ रही इस पुरातन परंपरा का निवर्हन आज भी बखूवी होता है।

# लालचंद प्रार्थी कलाकेंद्र में गूंजा तेरी मेरी अड़िये नी लगू टिच बटना दी जोड़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा की दूसरी सांस्कृतिक संध्या पंजाबी गायक कुलविंदर बिल्ला के नाम रही।

लालचंद प्रार्थी कला केंद्र में आयोजित दूसरी सांस्कृतिक संध्या में पंजाबी गायक कुलविंदर बिल्ला ने सेम टाइम सेम जगह, ले गई मेरा दिल गीत से कार्यक्रम का आगाज किया। इसके बाद तेरी मेरी अड़िये नी लगू टिच बटना दी जोड़ी, गुड़ नाल इश्क मिठा, फायदा कि प्लाजो पाके निकलने का, तुम्हें दिल्लगी भूल जानी पड़ेगी, आपको देखकर देखता रह गया आदि गीतों पर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कुल्लू दशहरा उत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या गायक कुलविंदर बिल्ला के नाम रही।





दूसरी सांस्कृतिक संध्या में पंजाबी गायक कुलविंदर बिल्ला अपनी प्रस्तुति देते हुए (दाएं) गानों पर झूमते हुए दर्शक।

उन्होंने एक से बढ़कर एक फिल्मी और पंजाबी गीत पेश कर लालचंद प्रार्थी कला केंद्र की दर्शक दीर्घा में बैठे दर्शकों को खूब नचाया। उसके बाद उन्होंने गोरिया दे विच... खड़के कल जा ले गई, मेनू सूपणे औदे ने आदि कई गाने पेश कर दर्शकों को पूरी तरह से जुड़ने पर विवश कर दिया। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश सहित पंजाब और अन्य राज्यों की संस्कृतिक की भी झलक देखने को मिली।

सांस्कृतिक दल गदेहड़ के सांस्कृतिक दल ने कुल्लवी संस्कृति की झलक पेश की। दूसरी सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यातिथि विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया पहुंचे, जिनका यहां पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों से स्वागत किया गया और मंच पर सीपीएस एवं दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर ने टोपी मफलर वह स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उनके साथ इस दौरान एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष राम सिंह मियां विशेष तौर पर मौजूद रहे, जबकि डीसी कुल्लू तोरूल एस. रवीश, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक दल म्यांमार के कलाकारों ने परंपरागत नृत्य पेश किया जो यहां की पेंटिंग पर आधारित आर्ट नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

### इन कलाकारों ने भी दी प्रस्तुति

**कुल्लू** दशहरा उत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में स्टार कलाकार के अलावा मनोज कुमार, भूपेंद्र ठाकुर, राधिका लाल, हरीश चंद्र, चूड़ेश्वर सांस्कृतिक दल, डॉ. मदन झूलठा, लक्ष्मी ठाकुर, संजीव धीमान किशन वर्मा ने भी गीतों की प्रस्तुति दी, जबकि रिशिता कैंडल, रेड डॉट ग्रुप ने नृत्य प्रस्तुत किया।

# महिलाएं अपने परिवार की जिम्मेदारी के साथ साथ कृषि में भी निभा रही अग्रणी भूमिका : गौतम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

अंतरराष्ट्रीय महिला किसान दिवस के उपलक्ष पर कृषि विभाग लाहौल-स्पीति द्वारा ओल्ड सर्किट हाउस केलांग के प्रांगण में महिला किसान दिवस का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने की और सहायक आयुक्त संकल्प गौतम विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उन्होंने जिले में महिलाओं की ओर से कृषि क्षेत्र में दिए जाने वाले सहयोग पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने परिवार की जिम्मेदारी के साथ-साथ कृषि में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि प्राकृतिक खेती को अपनाएं और अपनी सेहत, वातावरण को रासायनिक खेती से होने वाले दुष्प्रभावों से बचाएं। उन्होंने महिला किसानों से कहा कि प्राकृतिक खेती अपनाकर वह गुणवत्तापूर्ण, पौष्टिक आहार के साथ-साथ अपनी खेती को भी रसायन मुक्त बना सकते हैं।



इस दौरान उन्होंने घाटी की 14 महिला किसानों को प्राकृतिक खेती में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया। जिले में प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के अंतर्गत वर्ष 2024 में 26 लाख रुपए खर्च कर घाटी के 418 किसानों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त संकल्प गौतम ने महिला किसानों से आग्रह किया कि वह प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं।

# राज्यपाल शुक्ल ने किया अटल टनल का दौरा

## कहा-सुरंग बनने से जहां पर्यटन गतिविधियां बढ़ी हैं वहां पर्यावरण का भी संरक्षण हुआ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने अपने कुल्लू प्रवास के दौरान मंगलवार को अटल सुरंग का दौरा किया। उन्होंने एस्केप टनल का निरीक्षण किया। इस दौरान लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल भी उनके साथ थी।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि करीब 9 किमी लंबी यह सुरंग दुनिया में 10,000 फुट से ऊपर की सबसे ऊंची राजमार्ग सिंगल-ट्यूब सुरंग है, लाहौल-स्पीति और कुल्लू दोनों तरफ के क्षेत्रों को जोड़ती है। यह सुविधा मिलने से हर मौसम में आवाजाही की सुविधा लोगों को मिली है। सुरंग बनने से जहां पर्यटन गतिविधियां बढ़ी हैं, वहां पर्यावरण का भी संरक्षण हुआ है। सीमा सड़क संगठन के कमांडिंग अफसर संदीप सिंह ने राज्यपाल को एस्केप टनल की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि हर 400 मीटर के बाद यह खुलती है। यह सुरंग लेह के रास्ते में मनाली और केलांग के बीच यात्रा के समय और समग्र दूरी को कम करती है। यह सुरंग उन अधिकांश स्थलों को बायपास करती है, जो सड़क अवरोधों, हिमस्खलन और ट्रैफिक जाम के लिए प्रवण थे। टनल के नार्थ पोर्टल पर, लाहौल-स्पीति के डीसी राहुल कुमार ने राज्यपाल का स्वागत किया। जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे। राज्यपाल सिस्सू गए और सिस्सू झील व प्रकृति का आनंद लिया।



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का स्वागत करते हुए डीसी।

# मशियार में बिजली की आंख मिचौनी से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

बंजार में तीर्थन घाटी की दूरदराज पंचायत मशियार के बाशिंदों को आजकल बिजली की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

यहां के गांव मशियार, मझली और कमेडा के सैकडों ग्रामीण पिछले करीब दो माह से बिजली की आंख मिचौनी से परेशान हैं। स्थानीय लोगों में मशियार पंचायत के पूर्व उपप्रधान प्रकाश ठाकुर, वार्ड सदस्य भाग सिंह, हेत राम, लाल चंद, अमर भारती, हीरा लाल, दलीप सिंह, केशव राम, दरबारी लाल, गोविंद राम, गोपाल, कृष्ण आदि ने बताया 7 अगस्त से मंझली के ट्रांसफार्मर में अचानक कुछ समस्या आ गई थी, उसी दिन से आज तक लोगों को बिजली की समस्या से काफी ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि 8 को बिजली विभाग के कर्मचारियों ने जब ट्रांसफार्मर को चेक किया, तो इसके कुछ स्पेयर पार्ट जले हुए थे। इस ट्रांसफार्मर में खराबी आने से इसे रिपेयर किया गया, तो उस समय विभागीय कर्मचारियों ने बताया था कि अब इसे तीन फेस की जगह दो फेस पर ही चलाना पड़ेगा और कुछ दिनों के बाद इसकी जगह नया ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा, लेकिन 65 दिन बीत जाने के बाद भी आज तक इस समस्या का कोई भी समाधान नहीं हुआ है।



यहां पर लगभग हर दिन सुबह और शाम को जब भी थोड़ा सा बिजली का लोड पड़ता है, तो कम क्षमता के कारण ट्रांसफार्मर से फ्यूज बार-बार उड़ जाता है। स्थानीय लोगों को चिंता सता रही है कि आने वाले कुछ ही दिनों बाद सर्दी आने वाली है, तो सर्दियों में बिजली की ज्यादा जरूरत रहती है, ऐसे में इस ट्रांसफार्मर को बदलने की सख्त जरूरत है। लोगों ने बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि सर्दियों के मौसम से पहले ही इस ट्रांसफार्मर को बदल कर इसकी जगह पर जल्द उच्च क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए।

### जल्द होगा समाधान

**उधर,** बिजली उपमंडल बंजार के सहायक अभियंता शशि कांत ने बताया कि मशियार के ग्रामीणों की समस्या इनके ध्यान में है। जल्द ही मझली के ट्रांसफार्मर में आ रही समस्या का समाधान किया जाएगा।

# सोलन-सिरमौर-किन्नौर



## न्यूज ब्रीफ

### 27 आपराधिक मामलों में सजा व जुर्माने से किया दंडित

**सोलन।** सोलन पुलिस द्वारा विभिन्न आपराधिक मामलों में पकड़े गए सितंबर में कुल 27 आपराधिक मामलों में भिन्न-2 न्यायालयों द्वारा सजा व जुर्माने से दंडित किया गया। उपरोक्त सजा देते हुए मामले में वर्ष-2022 के बलात्कार के मामले में आरोपी को 12 वर्ष की कैद व 40,000 जुर्माना तथा धारा-506 भादस में 2 वर्ष का कारावास व 10,000 रुपए जुर्माने की सजा से दंडित किया गया। मादक पदार्थ अधिनियम के 2 मामलों में जिनमें एक मामले में धारा 20 एनडीपीएस एक्ट में एक माह का कारावास व 5000 रुपए जुर्माना तथा दूसरे मामले में आरोपियों को धारा 15, 29 एनडीपीएस एक्ट में जिसमें आरोपियों ने न्यायालय में अपना जुर्म कबूल कर लिया था। उसमें जुर्माने की सजा से दंडित किया गया। इसी तरह वाहन दुर्घटना के 5 मामलों में जिनमें 279, 337, 338 भादस 187,181,196 मोटर वाहन अधिनियम में कारावास व जुर्माने की सजा से दंडित किया गया। आबकारी अधिनियम के 4 मामलों में जुर्माने की सजा से आरोपियों को दंडित किया गया। चोरी के 2 मामलों में जिनमें एक मामले में धारा 379, 34 भादस में आरोपी को 1000 के जुर्माने से तथा एक मामले में आरोपी जो नाबालिग था, उसको धारा 457, 380 भादस में 30 दिन सामुदायिक सेवा की सजा से दंडित किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य भादस के 10 मामलों में जिनमें 6 मामले मारपीट के, जिन्हें सजा व जुर्माने के दंड से दंडित किया गया। इसके अलावा तीन मामलों में ग्राम पंचायत द्वारा आरोपियों को 285 बीएनएस की धारा में जुर्माने की सजा से दंडित किया गया।

### दाड़लाघाट की तीन खिलाड़ी खेलेंगी राष्ट्रीय स्तर पर



**दाड़लाघाट।** विद्या भारती की ओर से आयोजित पांच राज्यों की उत्तर क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता मानसा (पंजाब) में संपन्न हुई। प्रधानाचार्य गीता राम ने बताया कि इसमें सरस्वती विद्या मंदिर दाड़लाघाट के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्या मंदिर के तीन खिलाड़ियों सुहानी ठाकुर, कंचन गौतम और ह्यांश गौतम का चयन सतना (मध्य प्रदेश) में होने वाली राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए हुआ। इसके अलावा हिमाचल शिक्षा समिति के तत्वावधान में बाशिंग (कुल्लू) में आयोजित प्रांतीय ज्ञान-विज्ञान मेले में सरस्वती विद्या मंदिर दाड़लाघाट के बाल वैज्ञानिकों ने विभिन्न वर्गों में अपनी भागीदारी दर्ज की। किशोर वर्ग के विज्ञान मॉडल में विद्या मंदिर के छात्र परीक्षित ठाकुर का चयन तेपला अंबाला (हरियाणा) में होने वाले पांच राज्यों के उत्तर-क्षेत्रीय ज्ञान विज्ञान मेले के लिए हुआ।

### स्वयंसेवियों को नशे से दूर रहने का दिया संदेश



**दाड़लाघाट।** नेशनल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल धुंदन में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का समापन हुआ। इस अवसर पर पूर्व बीडीसी उपाध्यक्ष और वर्तमान बीडीसी सदस्य मनोहर लाल ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। एनएसएस अधिकारी सत्या देवी और उमा ने बताया कि शिविर में विद्यालय के 27 स्वयंसेवियों ने भाग लिया और सात दिनों में विद्यालय परिसर, मंदिर, रास्तों, स्वास्थ्य केंद्र, पानी के स्रोतों आदि सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लिया गया। मुख्यातिथि मनोहर लाल ने स्वयंसेवियों की सराहना की और उन्हें नशे से दूर रहने, गुरुजनों का आदर करने और माता-पिता का सम्मान करने का संदेश दिया। अंत में एनएसएस प्रभारी ने मुख्यातिथि और उपस्थित सभी गणमान्य लोगों का आभार जताया।

### मधुमक्खी केंद्र ने जीता सर्वश्रेष्ठ केंद्र पुरस्कार



**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में मधुमक्खियों और परागणकों पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना ने अपने क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान केंद्र का पुरस्कार अपने नाम किया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान हालही में पालमपुर में आयोजित एआईसीआरपी की वार्षिक समूह बैठक में प्रदान किया। बैठक की अध्यक्षता डॉ. टीआर शर्मा, आईसीएआर उपमहानिदेशक (फसल विज्ञान) और डॉ. पूनम जसरोटिया, सहायक महानिदेशक (पौध संरक्षण और जैव सुरक्षा) ने की। इस बैठक में देश भर के 25 एआईसीआरपी केंद्रों से वर्ष 2023-24 के लिए अपने शोध कार्यों को प्रदर्शित करते हुए प्रस्तुतियां दीं। इस कार्यक्रम में परियोजना समन्वयक डॉ. सचिन, विषय विशेषज्ञ और देश भर के सभी एआईसीआरपी केंद्रों के वैज्ञानिकों ने भाग लिया। सोलन केंद्र ने नौणी में कैमोमाइल, अलसी, तुलसी और ग्लोरी लिली जैसी प्रमुख औषधीय फसलों के साथ-साथ किन्नौर के कल्पा में नाशपाती जैसे फलों की फसलों में मधुमक्खी परागण पर महत्वपूर्ण अध्ययन किए हैं। उनके निष्कर्षों से पता चला कि मधुमक्खी परागण से उपज और अन्य आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण मापदंडों में काफी वृद्धि होती है। इसके अतिरिक्त, केंद्र ने प्राकृतिक खेती प्रणालियों में मधुमक्खियों के उपयोग से पाया कि पारंपरिक खेती के तरीकों की तुलना में प्याज और सूरजमुखी के बीज की उपज, अंकुर वृद्धि और अंकुरण दर में सुधार के लिए इसे प्रभावी पाया। कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल ने परियोजना अन्वेषक डॉ. किरण राणा और सहपीआई डॉ. मीना ठाकुर सहित समस्त टीम के साथ-साथ कीट विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ. सुभाष वर्मा को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने राज्य में प्रबंधित मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने और मधुमक्खी पालन के विभिन्न पहलुओं में अनुसंधान को आगे बढ़ाने में उनके प्रयासों की सराहना की।

### स्टूडेंट्स को हर क्षेत्र में आगे रहने के लिए किया प्रेरित



**दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में मंगलवार को राजनीतिशास्त्र विभाग के युवा राजनीतिक वैज्ञानिक समिति के द्वारा विश्व छात्र दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्यातिथि डॉ. रुचि रमेश व विशेषातिथि के रूप में सहायक आचार्य अक्षय शुक्ला, पुनीत व डॉ. भावना आजाद रही।।कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागीय अध्यक्ष डॉक्टर जेपी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके बाद विद्यार्थियों की ओर से छात्र दिवस की जानकारी व लोकतंत्र से संबंधित जानकारी दी गई। मुख्यातिथि डॉक्टर रुचि रमेश ने विद्यार्थियों को छात्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और उन्हें हर क्षेत्र में आगे रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छात्र दिवस हमें शिक्षा के महत्व को समझने और ज्ञान की महत्ता को पहचानने का अवसर प्रदान करता है। विभागीय अध्यक्ष डॉ. जेपी शर्मा ने बताया कि ऐसे विभिन्न कार्यक्रम पहले भी किए जा चुके हैं और भविष्य में भी होते रहेंगे। इससे विद्यार्थियों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इस मौके पर विभागीय अध्यक्ष डॉक्टर जेपी शर्मा, प्रधानाचार्य रुचि रमेश, अक्षय शुक्ला, पुनीत, भावना आजाद, कार्यकारिणी व समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## नौणी यूनिवर्सिटी के कर्मचारियों ने खेल एवं सांस्कृतिक मीट में दिखाई प्रतिभा

# 200 मीटर में डॉ. रजनीश दौड़े सबसे तेज





नौणी यूनिवर्सिटी में आयोजित स्पोर्ट्स-डे पर दमखम दिखाते खिलाड़ी।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के मुख्य परिसर में पहले विश्वविद्यालय कर्मचारी खेल और सांस्कृतिक मीट का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में भाग लेने पर छात्रों ने उत्साहपूर्वक अपने शिक्षकों एवं विवि के कर्मचारियों का विभिन्न प्रतिस्पर्धों में हौसला बढ़ाया।

इस आयोजन में विभिन्न अनुसंधान स्टेशनों, कृषि विज्ञान केंद्रों और कॉलेजों में कार्यरत विश्वविद्यालय कर्मचारियों से बनी पांच टीमें भाग ले रही हैं। मुख्य परिसर से बागवानी कॉलेज और वानिकी कॉलेज, साथ ही नेरी और थुनाग के बागवानी और वानिकी कॉलेज और प्रशासनिक ब्लॉक की टीमों ने इसमें भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल ने किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के 39 साल के इतिहास में यह इस तरह का पहला आयोजन था। उन्होंने छात्रों और कर्मचारियों दोनों के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूक मानसिकता को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अकसर पेशेवर प्रतिबद्धताओं और अवसर के आभाव में कर्मचारी अपने खेल और प्रतिभा का प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं। प्रोफेसर चंदेल ने कहा कि यह दो दिवसीय कार्यक्रम हमारे कर्मचारियों के लिए रेफ्रेशर ब्रेक और उनकी फिटनेस दिनचर्या का मूल्यांकन करने का मौका प्रदान करता है। उन्होंने फिटनेस और खेल कौशल की संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयासों के लिए आयोजकों, विशेष रूप से डीन छात्र कल्याण और विभिन्न कर्मचारी संघों की भी सराहना की। कार्यक्रम की शुरुआत मार्च पास्ट के साथ हुई, जिसके बाद डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. केके रैना की ओर से खेल भावना की शपथ दिलाई गई। अगले दो दिनों में टीमें विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिनमें पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए 100, 200 और 400 मीटर दौड़, लंबीकूद, जेवलीन थ्रो और रस्साकशी शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, एकल और समूह गीत और समूह नृत्य की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, कबड्डी, वॉलीबाल और क्रिकेट की प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। वैधानिक अधिकारियों के लिए 100 मीटर की शुरुआती दौड़ में डॉ. मनीष शर्मा, डीन कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर ने पहला स्थान हासिल किया। प्रशासनिक ब्लॉक की टीम से कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल और वित्त नियंत्रक ध्यान सिंह चौहान दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। विभागाध्यक्षों की 200 मीटर दौड़ में डॉ. रजनीश ने जीत हासिल की, जबकि डॉ. राकेश शर्मा दूसरे स्थान पर रहे। दोनों ने बागवानी कॉलेज का प्रतिनिधित्व किया। नेरी के डॉ. वीरेंद्र राणा तीसरे स्थान पर रहे। पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में, प्रशासनिक ब्लॉक से लकी पहले स्थान पर। वानिकी से विकास और बागवानी से डॉ. सुमित दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, हॉर्टिकल्चर कॉलेज की दीपिका ने महिलाओं की 100 मीटर दौड़ जीती व थुनाग की डॉ. अरुणा और दीपिका क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। रस्साकशी प्रतियोगिताओं में हॉर्टिकल्चर कॉलेज ने महिला वर्ग में प्रशासनिक ब्लॉक पर विजय प्राप्त की, जबकि वानिकी ने पुरुषों की प्रतियोगिता में नेरी को हराया।

## नशे में ड्राइविंग के खिलाफ चलाए गए अभियान में सोलन पुलिस का प्रदर्शन प्रदेश में सर्वोत्तम



सोलन पुलिस नशे में ड्राइविंग को लेकर वाहनों की चेकिंग करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश पुलिस हेडक्वार्टर द्वारा सभी जिलों में नशे में ड्राइविंग के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत सोलन पुलिस का प्रदर्शन पूरे प्रदेश में सर्वोत्तम रहा है।

विगत एक वर्ष की अवधि के दौरान सोलन पुलिस द्वारा जन-साधारण को सुरक्षित एवं भय मुक्त वातावरण उपलब्ध करवाने में सफलता हासिल की है। इसी क्रम में शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चलाए गए 15 दिवसीय अभियान के तहत प्रदेशव्यापी अभियान के दौरान सोलन पुलिस द्वारा नशेड़ी चालकों के खिलाफ सबसे सख्त कार्रवाई की गई है। इस अभियान के दौरान सोलन पुलिस ने अन्य जिलों की अपेक्षा शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सबसे अधिक कार्रवाई करते हुए पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस अभियान के दौरान जिला पुलिस द्वारा सर्वाधिक कुल 218 चालान किए गए हैं, जिनमें 57 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है तथा शराब के नशे में वाहन चलाने वाले कुल 133 चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस को रद्द करने के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया है। इस प्रकार जिला पुलिस का नशेड़ियों, असामाजिक तत्वों, चोरों तथा नशा कारोबारियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। जिला पुलिस जन साधारण की जान-माल की सुरक्षा तथा उन्हें भय मुक्त वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## कलाकारों ने आपदा से निपटने के उपायों पर लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सोलन**



आपदा जोखिम न्यूनीकरण 'समर्थ' कार्यक्रम के तहत सूचना एवं जन संपर्क विभाग के सौजन्य से 31 अक्तूबर तक लोगों को आपदा से निपटने के लिए गीत-संगीत एवं नाटकों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।

समर्थ कार्यक्रम के तहत मंगलवार को अर्की के सूरजपुर स्कूल तथा घड़याच स्कूल में पूजा कलामंच बाड़ीधार सरयांज, सोलन के कलाकारों ने आपदा से निपटने के उपायों पर लोगों को जागरूक किया। कलाकारों की ओरसे जानकारी दी कि भूकंप, भू-स्खलन चक्रवात आदि आपदाएं अचानक से ही आ जाती हैं। इन आपदाओं को रोका तो नहीं जा सकता, लेकिन इनसे बचने के इंतजाम पहले से ही किए जा सकते हैं। उपायों के माध्यम से जानमाल के नुकसान को कम किया जा सकता है। हिमाचल एक संवेदनशील राज्य है। जहां पर वर्षा, भूकंप या बाढ़, जमीन धंसने की घटनाओं की संभावना अधिक रहती हैं। कलाकारों ने अवगत करवाया कि इस तरह किसी भी प्रकार की आपदा में संयम के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सबसे पहले सहायता के लिए 1077 टोल फ्री नंबर पर जानकारी देनी चाहिए। कार्यक्रम में स्कूलों के लगभग 200 बच्चों एवं 40 अध्यापकों ने भाग लिया।

## शूलिनी ने मानव मंदिर में किया रामलीला का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सोलन**



मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित बच्चों और उनके परिजनों के साथ शूलिनी यूनिवर्सिटी के छात्र।

शूलिनी विश्वविद्यालय के शूलिनी क्रिएटिव स्टूडियो के छात्रों ने इंडियन एसोसिएशन ऑफ मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (आईएएमडी), जिसे मानव मंदिर के नाम से भी जाना जाता है, उसमें 90 मिनट की मनमोहक प्रस्तुति के माध्यम से रामायण के प्राचीन महाकाव्य को जीवंत कर दिया, ताकि मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से प्रभावित बच्चे और परिवार के लोगों में खुशी और प्रेरणा मिल सके।

प्रदर्शन में रामायण के इतिहास को दर्शाया गया, जिससे मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित लोगों और उनके परिवारों को खुशी हुई। उनका उत्साह और समर्पण पूरे प्रदर्शन के दौरान दिखाई दे रहा था, जिससे यह एक यादगार अवसर बन गया। कई मस्कुलर डिस्ट्रॉफी योद्धा, जिनमें से कई व्हीलचेयर पर थे, रामायण के प्रमुख दृश्यों को प्रस्तुत करने के लिए मंच पर शामिल हुए। उनके साहस और जुनून ने इस आयोजन को एक प्रेरणादायक और भावनात्मक आकर्षण बना दिया। कार्यक्रम का आयोजन करने वाली शूलिनी यूनिवर्सिटी में सस्टेनेबिलिटी एंड कम्युनिटी एंगेजमेंट की निदेशक पूनम नंदा ने कहा कि प्रदर्शन न केवल मनोरंजक थे, बल्कि प्रेरणादायक भी थे और इन उल्लेखनीय व्यक्तियों के लिए एक मजबूत संदेश दिया। नंदा ने कहा कि शूलिनी विश्वविद्यालय के छात्र स्वयंसेवकों ने बच्चों और उनके परिवारों के उत्थान के लिए अतीत में भी मानव मंदिर का दौरा किया। इस आयोजन ने सामुदायिक जुड़ाव और दूसरों के जीवन में सार्थक बदलाव लाने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को भी दर्शाया। मानव मंदिर के ट्रस्टियों ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और रोगियों के बीच खुशी और सकारात्मकता फैलाने में उनकी भूमिका को सराहा।

## टीबी के संक्रमण और रोकथाम की दी जानकारी



**दाड़लाघाट।** पंचायत भवन बागा करोग में जन आरोग्य समिति की बैठक जिला परिषद हीरा कौशल और एमओ इंचार्ज डॉक्टर शशि कांत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान स्वास्थ्य कर्मचारी राहुल शर्मा ने लोगों को टीबी और कुष्ठ रोगों के संक्रमण और रोकथाम के बारे में जानकारी दी और साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। बैठक में स्वास्थ्य कर्मचारी राहुल शर्मा, बागा पंचायत प्रधान सुरेंद्रा पंवर, उपप्रधान श्याम लाल, पीडब्ल्यूडी कर्मचारी, आईपीएच कर्मचारी, आईसीडीएस सदस्य सहित और अन्य कई लोग शामिल हुए।

## अनुमति के बगैर निर्माण पर तीन लोगों को नोटिस

**हमीरपुर।** हमीरपुर के निकटवर्ती गांव बरोहा और बोहनी में नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग की अनुमति के बगैर निर्माण कार्य आरंभ करने पर विभाग ने तीन लोगों को नोटिस जारी किए हैं। विभाग के मंडलीय कार्यालय के योजना अधिकारी की ओर से जारी इन नोटिस में संबंधित लोगों को अवैध निर्माण को तुरंत रोकने तथा 15 दिन के भीतर साइट पर पूर्व की स्थिति बहाल करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा न करने की स्थिति में संबंधित लोगों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम-1977 के तहत कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## अर्की के पलोग गांव में तेंदुए के हमले से दो युवक घायल

**अनंत ज्ञान, अर्की**



मादा तेंदुए द्वारा गत रात्रि उपमंडल अर्की के पलोग गांव में दो युवकों को घायल करने का मामला सामने आया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी किशोरी भारद्वाज ने बताया कि उन्हें सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश चंद शर्मा ने बताया कि गत रात्रि रविवार को शाम करीब 7 बजे देवेंद्र कुमार नामक एक युवक अपने चचेरे भाई हर्ष कुमार के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर शिमला जा रहा था। अचानक, एक मादा तेंदुआ ने उन पर गांव के पास हमला कर दिया, जिस पर उन्होंने शोर मचाया, तो इससे पूर्व ही तेंदुए ने हर्ष के पैर और देवेंद्र के हाथ पर चोट पहुंचा दी।

हल्ला गुल्ला सुनकर मादा तेंदुआ अपने चार बच्चों के साथ जंगल में भाग गई। गांव वालों ने उन्हें अर्की के अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक चिकित्सा दी और ज्यादा गंभीर चोटें न होने के चलते उन्हें उपचार के बाद घर भेज दिया। वन रेंज अधिकारी किशोरी भारद्वाज ने सभी को सावधान रहने को कहा है।

## रोल प्ले में सिरमौर के छात्र अव्वल

**अनंत ज्ञान, सोलन**



रोल प्ले में अव्वल रहे जिला सिरमौर के छात्र।

एससीईआरटी सोलन में दो दिवसीय राज्य स्तरीय रोल प्ले व लोक नृत्य प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना (एनपीईपी) द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के 9 जिलों बिलासपुर, चंबा, कांगड़ा, हमीरपुर, कुल्लू, शिमला, सोलन, सिरमौर व ऊना के छात्रों ने भाग लिया। इसमें अधिकतर छात्र आठवीं और नौवीं के थे। कार्यक्रम में निदेशक प्रारंभिक शिक्षा एचएएस आशीष कोहली ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने प्रतिभागियों और उनके शिक्षकों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में एसोसिएट प्रोफेसर रजनी सांख्यान कार्यवाहक प्रिंसिपल के रूप में, जबकि परियोजना समन्वयक डॉ. स्नेह मेहता मंच सचिव तथा डॉ. त्रिवेणी शर्मा परियोजना अधिकारी के तौर पर मौजूद थी। इस प्रतियोगिता में रंगकर्मी संजीव कुमार, हेमंत अत्री व वरिष्ठ पत्रकार यशपाल कपूर ने निर्णायक की भूमिका निभाई। रोल प्ले का विषय परिवर्तन रहा। इसके तहत छात्रों ने प्रौद्योगिकी में परिवर्तन, पारिवारिक मूल्यों में परिवर्तन, सोशल मीडिया और मोबाइल फोन का परिवर्तनकारी प्रभाव और भावनात्मक व शारीरिक स्वास्थ्य में परिवर्तन पर अपनी प्रस्तुतियां दीं। इसमें सिरमौर ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि कांगड़ा दूसरा और कुल्लू तीसरे स्थान पर रहा।

## किसानों, बागवानों को प्राकृतिक खेती की दी जानकारी

### महिला किसानों व बागवानों के लिए जागरूकता शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**



रासू मांदर क्षेत्र की पंचायत कोटि पधोग में कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के तहत महिला किसान दिवस के उपलक्ष्य पर महिला किसानों व बागवानों के लिए एकदिवसीय सामूहिक जागरूकता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 150 महिला किसानों ने भाग लिया।

इस एकदिवसीय कार्यक्रम में विशेष रूप से डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी सोलन से वरिष्ठ शोध सहायक डॉ. दिव्यांशु ने किसानों व बागवानों को प्राकृतिक खेती की विस्तृत जानकारी दी और कृषि विभाग के आत्मा परियोजना के अधिकारियों व खंड तकनीकी प्रबंधक राजगढ़ संजय नायक ने भी इस प्रशिक्षण में किसानों को प्राकृतिक खेती की पूरी जानकारी विस्तार पूर्वक दी और प्रदर्शन के रूप में किसानों को जीवामृत, घनजीवामृत, अग्निअस्त्र, खट्टी लस्सी को तैयार करने की विधि बताई तथा साथ में किसानों को इसके लाभ भी बताए। खंड तकनीकी प्रबंधक राजगढ़ संजय नायक ने बताया कि अगर किसान इस विधि से प्राकृतिक खेती करते हैं, तो इससे किसानों को अधिक लाभ मिलेगा क्योंकि अगर किसान रसायनिक खेती करते हैं, तो किसान खेती का लाभ नहीं ले पाते और अधिक रसायनों के प्रयोग से किसान कर्ज में डूब जाते हैं। संजय नायक ने बताया कि रसायनिक खेती से बीमारियों का भी अधिक खतरा है इससे कैंसर जैसी भयंकर बीमारियों का भी खतरा रहता है।

## पूर्व सैनिक व रिटायर एचपीएस अधिकारी को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सोलन**



लिनेस क्लब सोलन ने निजी होटल में सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें सेवानिवृत्त नायब सूबेदार और हिमाचल पुलिस सेवा के अधिकारी को सम्मानित किया।

लिनेस क्लब सोलन की प्रधान बिंदु पलाटिया ने बताया कि क्लब ने उन दो लोगों को सम्मानित किया। इस कड़ी में हिमाचल पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त डीएसपी राम नारायण शर्मा को सम्मानित किया, जो डीएसपी (क्राइम) धर्मशाला से वर्ष-2018 में सेवानिवृत्त हुए। शर्मा ने सोलन, शिमला, सिरमौर समेत प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं दीं और वर्तमान में सोलन में रहते हैं। इसी प्रकार भारतीय सेना की सिग्नल कोर से सेवानिवृत्त हुए नायब सूबेदार दर्शन सिंह पुंडीर को सम्मानित किया। दर्शन सिंह पुंडीर 1971 में भारत-पाक युद्ध के दौरान भारतीय सेना का हिस्सा रहे।

## डीए के लिए कर्मचारी महासंघ ने जताया आभार

**रिकांगपिओ।** प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कर्मचारियों के लिए 4 प्रतिशत डीए देने पर किन्नौर अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने आभार जताया व इसे दिवाली का तोहफा बताया। जिला अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ किन्नौर प्रधान राजीत नेगी, महासचिव जितेंद्र नेगी, पूह खंड प्रधान जीतवर नेगी, कल्पा खंड प्रधान दीपेंद्र नेगी एवं उनके सभी चुने हुए पदाधिकारियों आदि ने सीएम का प्रदेश के कर्मचारियों को दीपावली से पूर्व 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते की किस्त जारी करने पर आभार व्यक्त किया।

**बैठक** पत्रकारिता और चुनौतियां विषय पर संगोष्ठी का आयोजन, विभिन्न समस्याओं पर डाला प्रकाश

## जंगशेर राणा हरियाणा व चंडीगढ़ संगठन के संयोजक

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**




संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पत्रकार रणेश राणा।

प्रेस क्लब चंडीगढ़ के सभागार में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट इंडिया के बैनर तले एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान प्रथम सत्र में पत्रकारिता और चुनौतियां विषय पर विचार-विमर्श किया गया, जहां उपस्थित अतिथिगण एवं पत्रकारों ने उपरोक्त विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। वहीं, दूसरे सत्र में सर्वसम्मति से पत्रकार जंगशेर राणा को हरियाणा व चंडीगढ़ संगठन का संयोजक चुना गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी, उपाध्यक्ष रणेश राणा, बिहार के संयोजक रंजीत तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट की और से महासचिव किशौर ठाकुर ने बैठक में हिमाचल के पत्रकारों का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम के दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए अध्यक्ष रास बिहारी ने पत्रकारों को हो रही विभिन्न समस्याओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा बेहद आवश्यक विषय है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से मांग करते हुए संपूर्ण देश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की।

वहीं, उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि राष्ट्रीय स्तर पर एक नेशनल रजिस्टर फॉर जर्नलिस्ट्स का निर्माण हो। मुख्यधारा में शामिल पत्रकारों की एक पहचान हो सके। इस दौरान उपाध्यक्ष राणा एवं बिहार संयोजक तिवारी व अन्य वक्ताओं ने पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की।

## डॉ. आहूजा ने किशोरों के सामने आने वाले दबावपूर्ण मुद्दों पर ध्यान किया आकर्षित

**अनंत ज्ञान, सोलन**



आधुनिकीकरण और प्रौद्योगिकी के युग में मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर एक महत्वपूर्ण सीखने का आदान-प्रदान और नीति वकालत कार्यशाला का हाल ही में आयोजन किया गया, जिसमें भारत में मानसिक स्वास्थ्य के वैकल्पिक दृष्टिकोणों की खोज के लिए प्रमुख व्यक्तियों को एक साथ लाया गया।

पूर्व केंद्रीय सचिव बलविंदर कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में यूनिसेफ एमोएच एफडब्लू, नीति आयोग, जेएनयू और ब्यूरोक्रैट्स कंसल्टेंसी के प्रतिनिधि शामिल थे। तेजिंद्र सिंह संधू, आईएएस सेवानिवृत्त पूर्व सोलन के डॉ. दमन आहूजा ने राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला में किशोरों के मुद्दों पर महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि दी। सोलन के सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामुदायिक जुड़ाव विशेषज्ञ डॉ. दमन आहूजा ने इस महत्वपूर्ण सभा में सोहम इंडिया का प्रतिनिधित्व किया। यूनिसेफ, नाको, दिल्ली विश्वविद्यालय और पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के साथ अपने व्यापक अनुभव से डॉ. आहूजा ने आज के किशोरों के सामने आने वाले दबावपूर्ण मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य, नशीली दवाओं के दुरुपयोग, एचआईवी/एड्स, पोषण, लिंग भेदभाव, इंटरनेट के जिम्मेदार उपयोग आदि चिंताओं पर प्रकाश डाला।

## न्यूज ब्रीफ

### ईडी ने ड्रग तस्कर रंजीत सिंह का घर किया कुर्क



**जालंधर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जालंधर शाखा ने पीएमएलए के प्रावधानों के तहत मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रंजीत सिंह के परिवार के सदस्यों हरभजन सिंह, सरवन सिंह और जसबीर कौर सहित अन्य की 1.93 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क कीं। ईडी ने यह जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट की है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से नशा मुक्ति अभियान के तहत देश में नशा तस्करों की भंडाफोड़ करने में मुहिम तेज कर दी है। आपको बता दें कि अगस्त में जालंधर की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने पंजाब के कुख्यात ड्रग डीलर रंजीत सिंह कंडोला और उसकी पत्नी राजवंत कौर को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में दोषी ठहराया था। अदालत ने कंडोला, जिसे राजा कंडोला के नाम से भी जाना जाता है, को नौ साल जेल की सजा सुनाई, जबकि कौर को तीन साल जेल में बिताने का आदेश दिया गया।

### पराली जलाने पर किसान पर मामला दर्ज

**यमुनानगर (हरियाणा)।** हरियाणा में यमुनानगर जिले के एक गांव में अपने खेत पर कथित रूप से पराली जलाने को लेकर एक किसान पर मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। जिला कृषि उपायुक्त आदित्य प्रताप डबास नेबताया कि घिलौर गांव में रणवीर सिंह के खिलाफ अपने सवा एकड़ खेत पर पराली जलाने पर रदौर थाने में वायु (प्रदूषण रोकथाम एवं नियंत्रण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत एक मामला दर्ज किया गया। अधिकारियों ने बताया कि यमुनानगर जिले में पराली जलाने को लेकर इस सीजन में दर्ज की गई यह पहली प्राथमिकी है। इस सीजन में पराली जलाने और वायु की गुणवत्ता पर उसके प्रभाव के मुद्दे को ध्यान में रखते हुए हरियाणा के मुख्य सचिव टी वी एस एन प्रसाद ने हाल में सभी उपायुक्तों एवं संभागीय आयुक्तों को राज्यभर में ऐसी घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया।

### एससीओ सम्मेलन के लिए इस्लामाबाद पहुंचे जयशंकर



**इस्लामाबाद।** विदेश मंत्री एस जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन में शामिल होने के लिए मंगलवार को इस्लामाबाद पहुंचे। यह दोनों पड़ोसी देशों के तनावपूर्ण संबंधों के बीच पिछले करीब एक दशक में किसी वरिष्ठ भारतीय मंत्री की पहली पाकिस्तान यात्रा है। जयशंकर का विमान स्थानीय समयानुसार अपराह्न करीब 3.30 बजे पाकिस्तान की राजधानी के बाहरी इलाके में स्थित नूर खान हवाई अड्डे पर उतरा और पाकिस्तान के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। पिछले करीब नौ साल में पहली बार भारत के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान की यात्रा की है। दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंध कश्मीर मुद्दे पर और पाकिस्तान से सीमापार आतंकवाद को लेकर तनावपूर्ण रहे हैं। विदेश मंत्री बुधवार को एससीओ के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करेंगे। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''एससीओ के शासन प्रमुखों की परिषद की बैठक में शामिल होने के लिए इस्लामाबाद पहुंचा हूं।'' जयशंकर ने हवाई अड्डे पर फूल देकर उनका स्वागत करते कुछ बच्चों और अधिकारियों की तस्वीरें साझा कीं। इससे पहले विदेश मंत्री के रूप में सुषमा स्वराज ने पाकिस्तान की यात्रा की थी। वह दिसंबर 2015 में अफगानिस्तान पर 'हार्ट ऑफ एशिया' सम्मेलन में शामिल होने के लिए इस्लामाबाद की यात्रा पर आयी थीं।

### राजनाथ ने रखी नौसेना रडार स्टेशन की आधारशिला



**विकाराबाद (तेलंगाना)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को दामागुंडम वन क्षेत्र में भारतीय नौसेना के बेहद कम आवृत्ति (वीएलएफ) वाले रडार स्टेशन की आधारशिला रखी। यह देश में नौसेना का दूसरा वीएलएफ संचार ट्रांसमिशन स्टेशन है। तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में आईएनएस कट्टाबोम्मन रडार स्टेशन अपनी तरह का पहला स्टेशन है। इस अवसर पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### भारत-म्यांमार सीमा पर 39,900 डेटोनेटर बरामद



**इंफाल।** असम राइफल्स और मिजोरम पुलिस ने एक ज्वॉइंट ऑपरेशन में भारत-म्यांमार सीमा से 39,900 डेटोनेटर बरामद किए। दरअसल पुलिस ने तलाशी के दौरान एक बाइक सवार को रोका। पकड़े जाने के डर से व्यक्ति बाइक छोड़कर नदी में कूद गया और भाग गया। बाइक से डेटोनेटर के अलावा एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया।

### कोर्ट का अभिनेता दर्शन को जमानत देने से इनकार



**नई दिल्ली।** बेंगलुरु की एक अदालत ने रेणुकास्वामी हत्या मामले में जेल में बंद अभिनेता दर्शन थुगुदीपा, सह-आरोपी पवित्रा गौड़ा और दो अन्य को जमानत देने से इनकार कर दिया। सत्र न्यायाधीश जयशंकर ने दर्शन, गौड़ा और सह-आरोपी लक्ष्मण और नागराजू द्वारा दायर जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया। हालांकि, अदालत ने मामले में दो अन्य आरोपियों रविशंकर और दीपक कुमार को जमानत दे दी।

### सुप्रीम कोर्ट का यूपी सरकार को फिर नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सोमनाथ भारती की उस याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार को नया नोटिस जारी किया, जिसमें राज्य में अस्पतालों और स्कूलों की स्थिति पर कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए उनके खिलाफ दर्ज मामले को स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने इस मामले में शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया और मामले की सुनवाई के लिए तीन सप्ताह बाद की तारीख तय की।

### कर्नाटक में भारी बारिश, जनजीवन प्रभावित

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में मंगलवार की सुबह से हो रही लगातार बारिश के कारण राजधानी बेंगलुरु समेत राज्य के मध्य और दक्षिणी भागों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अधिकारियों ने बताया कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने कम दबाव के क्षेत्र की वजह से यह वर्षा हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के उत्तरी भागों के शुष्क क्षेत्रों में अगले 24 घंटों के दौरान इसी तरह का मौसम रहेगा।

### आरजी कर मामला: डॉक्टरों की हड़ताल जारी



**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल की घटना के बाद अपनी मांगों को लेकर पश्चिम बंगाल के कनिष्ठ चिकित्सकों की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल मंगलवार को 11वें दिन भी जारी है। चिकित्सकों और राज्य सरकार के बीच बैठक बेनतीजा रहने के बाद इस गतिरोध का समाधान नजर नहीं आ रहा है। वहीं, कोलकाता के एस्प्लेनेड इलाके में 'आमरण अनशन' में शामिल दो और चिकित्सकों की तबीयत खराब होने के बाद आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक से बलात्कार और हत्या को लेकर जारी गतिरोध और बढ़ गया है। स्वास्थ्य भवन में 12 चिकित्सा संघों के प्रतिनिधियों और मुख्य सचिव मनोज पंत के बीच महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को बिना किसी समाधान के समाप्त हो गई।

# छिटपुट घटनाओं के बीच पंजाब में संपन्न हुए पंचायत चुनाव

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पंजाब में मंगलवार को 9,398 पंचायतों में सरपंच व पंच के पदों के लिए सुबह 8 से लेकर शाम 4 बजे तक मतदान हुआ। झड़प-हंगामे की छिटपुट घटनाओं के बीच वोटिंग पूरी हो गई है। सीमांत जिला तरनतारन में वोटिंग के दौरान फायरिंग हो गई। गांव सोहल सैन भगत में पोलिंग बूथ के बाहर गोलियां चली हैं। गोली लगने से एक व्यक्ति घायल हो गया है। विवाद लाइन में लगने को लेकर शुरू हुआ था। इस दौरान कई लोगों की पगड़ियां भी उतरी है।

जगरांव जिला चुनाव अधिकारी कम डिप्टी कमिश्नर ने सोमवार की शाम को आदेश जारी करके तहसील जगरांव के गांव पोना एवं डल्ला में सरपंच के चुनाव को रद्द कर दिया है। पंजाब चुनाव आयोग के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। इन दोनों गांवों के सरपंचों के चुनाव के लिए तारीखों का बाद में ऐलान किया जाएगा।



**सुल्तानपुर लोधी के गांव गिल्लां में मतदान का बायकॉट**

**कपूरथला** की सब डिवीजन सुल्तानपुर लोधी के गांव गिल्लां में पंचायत चुनाव का एक पक्ष के समर्थकों ने बायकाट कर दिया और प्रशासन पर वोटर सूची में धांधली के आरोप लगाए है। ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की है। ग्रामीणों ने मतदान का बायकॉट करते हुए कहा कि नामांकन के बाद वोटर लिस्ट में बड़े बदलाव किए गए हैं। चार अक्तूबर को जब नामांकन दाखिल किए गए थे उस समय प्राप्त सूची के बाद विभिन्न वार्डों के 33 वोटों को वार्ड संख्या 4 में जोड़ दिया गया है। जो सरासर गलत है। उन्होंने मांग की है कि उनके गांव में वोटिंग दोबारा करवाई जाए। अगर लोगों को न्याय नहीं मिला तो वे हाईकोर्ट में अपील करेंगे।

**बरनाला में दो गुट भिड़े, पंच उम्मीदवार को आई चोटें**

**बरनाला** के गांव करमगढ़ में सरपंच चुनाव से कुछ घंटे पहले देर रात चुनाव लड़ रहे दो गुटों के समर्थकों के बीच मारपीट हो गई। आपसी लड़ाई झगड़े में कई गाड़ियों के शीशे टूट गए। मारपीट में पंच का चुनाव लड़ रहे गुरजंट सिंह को गहरी चोट लगी। उन्हें बरनाला के सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**बरनाला में चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मचारी की मौत**

**पटियाला** से बरनाला के गांव ढिलवां में ड्यूटी करने आए पुलिस कर्मचारी लक्खा सिंह की मंगलवार सुबह अचानक सेहत बिगड़ने से मौत हो गई। लक्खा सिंह पटियाला से गांव ढिलवां में चुनाव ड्यूटी करने आए थे। अचानक उनकी सेहत बिगड़ गई। उन्हें तुरंत सिविल अस्पताल बरनाला में भर्ती करवाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसएसपी बरनाला संदीप मलिक ने बताया कि पुलिस कर्मचारी लक्खा सिंह की ड्यूटी के दौरान सेहत बगड़ने से मौत हुई है।

## 18 को पंजाब के मुख्यमंत्री के घर के बाहर प्रदर्शन करेंगे किसान



फाइल फोटो

**एजेंसी, चंडीगढ़**

संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि पंजाब में धान की ''धीमी'' खरीद के विरोध में किसान आढ़तियों और चावल मिल मालिकों के साथ 18 अक्तूबर को यहां मुख्यमंत्री भगवंत मान के आवास के बाहर धरना देंगे। यह निर्णय यहां संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम), चावल मिल मालिकों और आढ़तियों की एक बैठक में लिया गया।

किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा, ''पंजाब में धान की फसल बहुतायत में है। किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। धान की खरीद, जो एक अक्तूबर तक शुरू हो जानी चाहिए थी, अभी तक शुरू नहीं हुई है। किसानों को मंडियों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।'' बलबीर सिंह राजेवाल ने इस देरी के लिए पंजाब सरकार और केंद्र सरकार को जिम्मेदार बताया।

राजेवाल ने कहा, ''18 अक्तूबर को पंजाब के लगभग 1,000 किसान, आढ़ती, मजदूर और चावल मिल मालिक मुख्यमंत्री के आवास के बाहर धरना देंगे।''

उन्होंने कहा कि जब भी आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक और मंत्री अनाज मंडियों में जाएंगे, तो किसान उनका घेराव करेंगे और उन्हें काले झंडे दिखाएंगे।

## बम की धमकी मिलने के बाद आपात स्थिति में उतरा इंडिगो का विमान

**एजेंसी, जयपुर**

सऊदी अरब से लखनऊ आ रहे इंडिगो कंपनी के एक विमान में बम होने की धमकी मिलने के बाद हवाई जहाज को मंगलवार को यहां आपात स्थिति में उतारा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने बताया कि यह विमान सऊदी अरब के दमाम हवाई अड्डे से लखनऊ के लिए रवाना हुआ था। अधिकारी ने बताया विमान को 'आपात स्थिति में उतरने के लिए जयपुर भेजा गया।'



विमान को फिलहाल एक अलग स्थान पर खड़ा किया गया है और उसकी सुरक्षा जांच की जा रही है। इंडिगो ने एक बयान में कहा, 'हम दमाम से लखनऊ आने वाली उड़ान संख्या 6ई98 से जुड़ी स्थिति से अवगत हैं। हमारे यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं तथा दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक सावधानियां बरत रहे हैं।'

## राहुल ने कमलनाथ से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता कमलनाथ से मुलाकात कर पार्टी एवं राजनीति से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने यहां कमलनाथ के आवास पर जाकर ऐसे समय मुलाकात की है। कमलनाथ के पुत्र और पूर्व सांसद नकुल नाथ ने अपने पिता और राहुल गांधी के बीच मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करते हुए पोस्ट किया, ''लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी से उनके निवास पहुंचकर मुलाकात की एवं पार्टी हित के लिए विभिन्न मुद्दों पर भोजन पर चर्चा की।''

## उत्तराखंड में भूमि जिहाद, थूक जिहाद नहीं चलेगा : मुख्यमंत्री धामी

**एजेंसी, देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में धर्मांतरण, अतिक्रमण, ''भूमि जिहाद और थूक जिहाद'' नहीं चलेगा और इसे रोकने के लिए उन्होंने समाज के पढ़े-लिखे वर्ग से आगे आने का आह्वान किया।

उधमसिंह नगर जिले के किच्छा में नागरिक अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है जहां सब मिलजुलकर रहते हैं, लेकिन उत्तराखंड के अंदर धर्मांतरण नहीं चलेगा, अतिक्रमण नहीं चलेगा, लैंड (भूमि) जिहाद नहीं चलेगा। उत्तराखंड में कुछ लोग थूक जिहाद कर रहे हैं, लेकिन प्रदेश के अंदर थूक जिहाद नहीं चलेगा।''



मुख्यमंत्री ने कहा, ''समाज के अंदर खराब चीजों को रोकने के लिए पढ़े-लिखे लोगों को आगे आना चाहिए। जो गलत चीज है, वह बर्दाश्त नहीं होगी। उत्तराखंड में यह किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा।''

हाल में पर्यटक नगरी मसूरी में उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के खतौली के निवासी दो भाई नौशाद अली और हसन अली को चाय के बर्तन में थूकने और उस चाय को ग्राहकों को पिलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार कठोर, लेकिन जरूरी निर्णय ले रही है। उन्होंने सख्त नकल विरोधी कानून, दंगा विरोधी कानून आदि का जिक्र किया तथा कहा कि जल्द ही प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) भी लागू होने जा रही है।

उन्होंने कहा कि यूसीसी के लिए उत्तराखंड की जनता ने उनकी सरकार को जनादेश दिया था और स्वतंत्र भारत में यूसीसी लागू करने वाला यह पहला राज्य बनेगा।

## देश-विदेश

## हमारी साझी सांस्कृतिक विरासत पर हो रहा है कुठाराघात : धनखड़

**एजेंसी, जयपुर**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि 'हमारी साझी सांस्कृतिक विरासत पर कुठाराघात हो रहा है और उसे हमारी कमजोरी बताने का प्रयास हो रहा है।'



धनखड़ ने कहा कि ऐसी ताकतों पर वैचारिक एवं मानसिक प्रतिघात होना चाहिए। वह यहां बिड़ला ऑडिटोरियम में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें संकीर्ण मतभेदों को छोड़ना होगा। राष्ट्रवादी सोच वाले किसी नागरिक को विविधता को अपनाने में कोई कठिनाई नहीं होगी। वह इस देश के गौरवशाली अतीत का जश्न मनाता है, चाहे उसका धर्म कुछ भी हो, क्योंकि यह हमारी साझी सांस्कृतिक विरासत है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारी साझी सांस्कृतिक विरासत पर कुठाराघात हो रहा है। उसको हमारी कमजोरी बताने का प्रयास हो रहा है। उसके तहत देश को ध्वंस करने की योजना बनी हुई है। ऐसी ताकतों पर वैचारिक और मानसिक प्रतिघात होना चाहिए।

## इसराइल का लेबनान में हमला, 21 लोगों की मौत

**एजेंसी, बेरूत**

**इसराइल** ने उत्तरी लेबनान में हवाई हमला किया। इन हमलों में 21 लोगों की मौत हो गई और 8 लोग घायल हैं। अलजजीरा के मुताबिक, इसराइल का यह हमला त्रिपोली के एक ईसाई इलाके ऐतोउ में हुआ। आमतौर पर इसराइल ईसाई इलाके में हमला नहीं करता।

ऐतोउ में एक अपार्टमेंट में दक्षिण लेबनान से पलायन कर आए लोग रह रहे थे। त्रिपोली लेबनान के सुरक्षित इलाके में गिना जाता रहा है। हालांकि, इसराइल ने पिछले हफ्ते पहली बार यहां एक शरणार्थी कैंप पर बमबारी की थी। इसराइली सेना ने इस हमले पर कुछ नहीं कहा है। इससे कुछ ही घंटे पहले इसराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि बेरूत समेत हर उस इलाके पर हमला किया जाएगा, जहां हिजबुल्लाह के ठिकाने हैं।



### संरा सुरक्षा परिषद ने जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इसराइल की ओर से दक्षिणी लेबनान में व्यापक युद्ध के दौरान संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर गोलीबारी कर उन्हें घायल करने की घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त की और क्षेत्र में सुरक्षा बनाए रखने में उनकी भूमिका के लिए अपना समर्थन दोहराया।

### रूसी-सीरियाई हवाई हमलों में 30 आतंकवादी मारे गए

**दमिश्क।** सीरिया और रूस ने संयुक्त हवाई हमलों में देश के उत्तर-पश्चिमी प्रांतों इदलिब और लताकिया के ग्रामीण इलाकों में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया। इन हमलों में 30 आतंकवादी मारे गए हैं। हवाई हमले चरमपंथी विद्रोही समूहों के ठिकानों पर किए गए। हालांकि, इस बारे में कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी गई है। सीरियाई और रूसी सेनाओं ने इस क्षेत्र में अपने सैन्य अभियान तेज कर दिए हैं। यह क्षेत्र विद्रोही समूहों का एक मजबूत गढ़ बना हुआ है। ये हवाई हमले ऐसे समय में हुए हैं जब हयात तहरीर अल-शाम विद्रोही समूह सरकारी नियंत्रित क्षेत्रों पर बड़े हमलों की तैयारी कर रहा है।

## द्रौपदी मुर्मू और अल्जीरिया के राष्ट्रपति के बीच द्विपक्षीय वार्ता

**एजेंसी, अल्जीयर्स ( अल्जीरिया )**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने भारत और अल्जीरिया के बीच गहन आर्थिक सहयोग का आह्वान किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अफ्रीकी राष्ट्र की तेज वृद्धि और विस्तारित अर्थव्यवस्था विभिन्न क्षेत्रों में कई अवसर प्रदान करती है।

राष्ट्रपति ने अल्जीरियाई-भारतीय आर्थिक मंच को संबोधित करते हुए कारोबार करने में सुगमता लाने में भारत की तेज व प्रभावशाली प्रगति पर जोर दिया और अल्जीरिया की कंपनियों को भारत की 'मेक इन इंडिया' तथा 'मेक फॉर द वर्ल्ड' पहलों में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। यह कार्यक्रम अल्जीरियाई आर्थिक नवीनीकरण परिषद और भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। मुर्मू ने कहा कि भारत-अल्जीरिया संबंधों का आगे बढ़ना हमारे साझा मूल्यों, समान चुनौतियों और आपसी विश्वास पर आधारित है।



## उत्तर कोरिया ने अंतर कोरियाई सड़कों को किया नष्ट, द. कोरिया ने की जवाबी गोलीबारी

**एजेंसी, सियोल**

**उत्तर** कोरिया ने आक्रोश में उठाए कदम के तहत मंगलवार को सड़कों के उस उत्तरी हिस्से को नष्ट कर दिया है, जो अब उपयोग में नहीं है और कभी उसे दक्षिण कोरिया से जोड़ता था।

उत्तर कोरिया ने यह कदम उस दावे के बाद उठाया है कि दक्षिण कोरिया ने उसकी राजधानी प्योंगयांग पर ड्रोन उड़ाए थे जिसके बाद दोनों प्रतिद्वंद्वी देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है।

सड़कों को ध्वस्त करना दक्षिण कोरिया की रूढ़िवादी सरकार के खिलाफ उत्तर कोरिया के बढ़ते गुस्से को दिखाता है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया के साथ संबंध खत्म करने का आह्वान किया है।

## सर्वेक्षण: 5जी यूजर्स की कॉल ड्रॉप को लेकर कम हुई परेशानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**5जी** नेटवर्क का इस्तेमाल करने वाले यूजर्स को अब कॉल ड्रॉप को लेकर दूसरे नेटवर्क के मुकाबले कम परेशानी आ रही है। हाल में हुए एक सर्वेक्षण के अनुसार, वे यूजर्स जिन्होंने किसी दूसरे नेटवर्क से 5जी पर स्विच किया है, उन्हें डेटा स्पीड भी अच्छी मिल रही है।

ऑनलाइन सर्वेक्षण फर्म लोकल सर्किल्स ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि 5जी नेटवर्क पर स्विच करने वाले आधे से ज्यादा यूजर्स ने कॉल ड्रॉप में कमी और डेटा स्पीड में सुधार का अनुभव किया है। सर्वेक्षण के अनुसार, 53 प्रतिशत स्मार्टफोन यूजर्स का कहना है कि 3जी और 4जी से 5जी सेवाओं पर



आने के बाद कॉल ड्रॉप या कनेक्ट की स्थिति में सुधार हुआ है। सर्वेक्षण में शामिल लगभग 30 प्रतिशत यूजर्स ने कहा कि कॉल ड्रॉप दर में कोई सुधार नहीं हुआ है। 9 प्रतिशत यूजर्स ने शिकायत की कि इसमें कुछ गिरावट आई है। हालांकि, 5 प्रतिशत यूजर्स का यह भी कहना था कि कॉल ड्रॉप की समस्या और बढ़ गई है। लोकल सर्कल्स का दावा है कि सर्वेक्षण में 361 जिलों के ग्राहकों (स्मार्टफोन यूजर्स) से कुल 47,000 से अधिक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई, जबकि प्रत्येक प्रश्न के उत्तरों की संख्या अलग-अलग थी।

इस सर्वेक्षण को 5 अगस्त से 10 अक्तूबर के बीच करवाया गया। करीब 60 प्रतिशत यूजर जो कि सर्वेक्षण का हिस्सा बने थे, जिन्होंने कहा कि 5जी नेटवर्क को लेकर डाटा कनेक्शन भी फास्ट हुआ है। ये वे यूजर्स थे, जो पहले 3जी या 4जी का इस्तेमाल कर रहे थे। 3जी-4जी से 5जी नेटवर्क पर स्विच करने के बाद इन यूजर्स ने पुराने नेटवर्क से नए को लेकर अपना अनुभव साझा किया।

## विपक्षी सांसदों का वक्फ विधेयक समिति की बैठक से वॉकआउट

**नई दिल्ली।** विपक्ष के कई सांसदों ने मंगलवार को वक्फ विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक से वॉकआउट किया और आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सदस्य ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है। कल्याण बनर्जी, गौरव गोगोई, ए राजा, मोहम्मद अब्दुल्ला और अरविंद सावंत सहित विपक्षी सदस्य संसदीय समिति की बैठक से उठ कर बाहर चले गए।

संसदीय समिति अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधियों के पक्ष सुन रही थी। करीब एक घंटे तक बैठक से दूर रहने के बाद विपक्षी सदस्य फिर से इसमें शामिल हुए। भाजपा सदस्यों का दावा था कि विपक्षी सदस्य समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल को लेकर अशोभनीय टिप्पणी कर रहे थे। यह लगातार दूसरा दिन है जब विपक्षी सदस्यों ने मतभेद के बाद बैठक से वॉकआउट किया है।

## सेंसेक्स 152 और निफ्टी में 70 अंक की गिरावट

**एजेंसी, मुंबई**



**शेयर** बाजार में मंगलवार को गिरावट देखने को मिली है। सेंसेक्स 152 अंक की गिरावट के साथ 81,820 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 70 अंक की गिरावट रही, ये 25,057 पर बंद हुआ। मेटल, ऑटो और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा गिरावट देखने को मिली है। वहीं, एनर्जी और एफएमसीजी शेयर्स में तेजी रही। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में तेजी और 9 में गिरावट देखने को मिली है। एशियाई बाजार में आज गिरावट देखने को मिली है। हांगकांग का हैंग सेंग इंडेक्स 3.67 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 2.53 फीसदी गिरकर बंद हुआ। 14 अक्तूबर को अमेरिका का डाओ जोंस 0.47 फीसदी चढ़कर 43,065 पर और नैस्डैक 0.87 फीसदी चढ़कर 18,502 पर बंद हुआ।

